e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 322

मंगलवार
28.11.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

किसी का भला करके देखो, हमेशा लाभ में रहोगे, किसी पर दया करके देखो, हमेशा याद में रहोगे !

ताजा खबरों के लिए देखें

क्विक न्यूज

ईडी 28 को साहिबंगज एसपी से करेगी पूछताछ

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम से 28 नवम्बर को पूछताछ करेगी। इससे पहले बीते 22 नवंबर को ईडी ने एसपी नौशाद आलम को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। लेकिन एसपी नौशाद आलम की ओर से ईडी को पत्र भेज कर उपस्थित होने के लिए दूसरी तारीख मांगी गई थी। इसके बाद ईडी ने 22 नवम्बर को ही नौशाद आलम को दूसरा समन भेजकर कर 28 नवम्बर को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय उपस्थित होने को कहा था। एसपी नौशाद आलम पर साहिबगंज में अवैध खनन के गवाह विजय हांसदा को भड़काने का आरोप है।

पूरे परिवार ने एक साथ फांसी लगाकर किया सुसाइड, घर से निकली 5 लाशें

बेंगलुरु : कर्नाटक के तुमकुरु शहर से दिल को दुखाने वाली खबर सामने आई है। यहां सदाशिवनगर इलाके में पूरे परिवार ने एक साथ सुसाइड कर लिया। मरने वालों में पत्नी-पत्नी और तीन बच्चे शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, परिवार के 5 सदस्यों ने सुसाइड करने से पहले वीडियो बनाया। वहीं मौके से सुसाइड नोट पर बरामद हुई है। जिसमें पीड़ति ने कर्ज का जिक्र किया है।पीड़ति के अनुसार, कर्ज देने वाले उसके पड़ोसी थे और उसे कथित तौर पर प्रताड़ति कर रहे थे। सुसाइड में मरने वालों की पहचान गरीब साब,पत्नी सुमैया, बेटी हजीरा, बेटे मोहम्मद शाभान और मोहम्मद मुनीर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

पंजाब : मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत, पहला जत्था रवाना

संगरूर. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के तहत सोमवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ में तख्त हजूर साहिब जाने वाले 1020 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस योजना की शुरुआत सोमवार को ही पंजाब सीएम भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धुरी से की गई.इस योजना के तहत श्रद्धालुओं को श्री हजूर साहिब, श्री पटना साहिब, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन और अजमेर शरीफ के लिए ट्रेन से यात्रा करवाई जाएगी।

कार्तिक पूर्णिमा पर नदियों में लगी लोगों की भीड़

रांची : रांची में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्ण रेखा नदी सहित अन्य नदियों में सोमवार अहले सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी है। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे स्वर्ण रेखा नदी पहुंचकर स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके अलावा कई लोग परिवार के साथ वहीं पर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनते देखे गए। साथ ही कई लोग स्वर्ण रेखा नदी में स्नान-दान और पूजा-अर्चना भी कर रहे थे। बताया गया कि बहुत पहले से स्वर्णरेखा नदी में कार्तिक पूर्णिमा में मेला लगता है। इस मेले में कोकर, नामकुम, चुटिया, डोरंडा, जगन्नाथपुर, नगड़ी, बेड़ो, रामपुर, बुंडू, तमाड़, खूंटी, सिल्ली, ओरमांझी सहित कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचते है। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने सोमवार को बताया कि हिंदू धर्म में व्रत, त्योहार और स्नान का विशेष महत्व है।

रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्युनतम 23°

दिशोमगुरू शिबू सोरेन व सीएम शहीद सोबरन मांझी के शहादत दिवस समारोह में हुए शामिल

जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनती है योजनाएं : हेमंत

मुख्यमंत्री ने 25 करोड़ 64 लाख रुपए की 34 योजनाओं का किया उद्घाटन शिलान्यास, लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्तियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला-रामगढ़: रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा के लुकैयाटांड़ में सोमवार को शहीद सोबरन सोरेन का 66 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की शहादत की देन है झारखंड अलग राज्य। सपुतो के कुर्बानियों के कारण ही हमे अलग राज्य नसीब हुआ।

यह संवेदनशील और आम जन की सरकार है। इस सरकार में योजनाएँ एयर कंडीशन्ड कमरे में नहीं बनती हैं। हम राज्य के हालात और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाते हैं। योजनाएँ हकीकत में धरातल पर उतरे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने 25 करोड़ 64 लाख रुपए की 34 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर झारखंड राज्य समन्वय समिति के फागू बेसरा, पूर्व विधायक ममता देवी और विनोद किस्कु बजरंग महतो रेखा सोरेन संजीव बेदिया पिंटू कुमार चित्रगुप्त महतो भुनु महतो जिललाल टुडू राजकुमार महतो महेंद्र मुंडा बद्री विश्वकर्मा विनोद महतो अरुण बनर्जी एवं डीसी चंदन कुमार एसपी पीयूष पांडे आदि उपस्थित थे।

शिविर में आकर आप अपना अधिकार लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशकों में दौरान ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग ना अपने बीडीओ-सीओ को पहचानते थे और ना ही अपने डीसी को। ब्लॉक कार्यालय कहां है, इसकी भी जानकारी नहीं होती थी।ऐसे में भला वे योजनाओं को कैसे जानेंगे और उसका लाभ कैसे लेंगे, इसे सहज समझ सकते हैं। लेकिन, हमारी सरकार ने आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव- पंचायत में शिविर लगा रही है। यहां अधिकारी योजनाओं की पोटली लेकर पहुंच रहे हैं । आप इन शिविरों में आएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

योजनाओं के लाभ से कोई वंचित नहीं रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन दे रही है। 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड राशन जारी कर लोगों को अनाज दे रहे हैं। गरीबों को धोती -साड़ी मिल रहा है।बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहें, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहायता दे रहे हैं। हजारों नौजवानों को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां दे रहे हैं तो स्वरोजगार करने के इच्छुक युवाओं को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद दी जा रही है। किसानों- पशुपालकों और श्रमिकों के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी कई योजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के इरादे से योजनाएं बना रही हैं।

दिख रहा बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड में बदलाव देखने को मिल रहा है। दूरस्थ इलाकों में भी वृहत पैमाने पर सड़कें, पुल-पुलिया बन रही है। गांव-गांव में बिजली-पानी जैसी आधारभूत सुविधाएं पहुंच रही है। हम विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

शहादत नहीं जाएगी बेकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे संघर्ष के बाद हमें झारखंड राज्य मिला। इसके लिए ना जाने कितने लोगों ने अपनी शहादत दी। हमारी सरकार इनकी शहादत को बेकार नहीं जाने देगी। आज सरकार की नजरें और योजनाएं जंगलों, पहाड़ों, तलहटी और दुरूह-दुरस्त इलाकों में रहने वाले लोगों तक पहुंच रही है। हम अपने शहीदों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं।

गुजरात : बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत

एजेंसी

गांधीनगर : गुजरात में वेमौसम हुई मूसलाधार बारिश से सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया. भारी बारिश की चपेट में आए 14 लोगों की जान चली गई. सरकारी विभाग के मुताबिक इन सभी 20 लोगों की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई है. इसके साथ ही मौत का आकंड़ा बढ़ने की भी आशंका जताई गई है. भारी बारिश की चपेट में आकर 40 मवेशियों की भी मौत हुई है. भारी बारिश का सबसे ज्यादा असर गुजरात के अमरेली, सुरेन्द्रनगर, मेहसाणा, बोटाड, पंचमहल, खेड़ा, सबरकांठा, सूरत और अहमदाबाद जिलों में पड़ा है. इन जिलों में भारी बारिश के साथ 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चली हैं. अमित शाह ने रविवार रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा,'गुजरात के विभिन्न शहरों में खराब मौसम और बिजली गिरने से कई लोगों की मौत होने की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है. इस त्रासदी में अपने प्रियजन को खोने वाले लोगों को जो अपूरणीय क्षति हुई, उसके लिए मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं. स्थानीय प्रशासन राहत कार्य में जुटा हुआ है. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं.महाराष्ट्र के नासिक जिले में बेमौसम बारिश के साथ कई इलाकों में ओले भी गिरे. इससे किसानों को फसलों का भारी नुकसान हुआ है. नासिक के निफाड, लासलगांव, मनमाड और चंदवाड इलाकों में बादल गरजने और बिजली चमकने के साथ बारिश हुई.

जिससे किसानों को अंगूर और प्याज की खेती में भारी नुकसान की आशंका है. इस बीच नासिक के गंगापुर बांध से जायकवाड़ी में पानी छोड़े जाने से गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है.

अमित शाह ने रविवार रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा,'गुजरात के विभिन्न शहरों में खराब मौसम और बिजली गिरने से कई लोगों की मौत होने की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है. इस त्रासदी में अपने प्रियजन को खोने वाले लोगों को जो अपूरणीय क्षति हुई, उसके लिए मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं.

तेलंगाना रैली में राहुल गांधी का केसीआर पर कटाक्ष

बाय-बाय, केसीआर : राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली : तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है. सभी पार्टियां राज्य की सत्ता पाने के लिए पूरी जोर आजमाइश कर रही हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को हैदराबाद में एक रैली कर मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर कटाक्ष करते हुए माइक पर ÷अलविदा, केसीआर÷ के नारे लगाए. रविवार को रैली का एक वीडियो शेयर कर राहुल गांधी की माइक वाली चुटकी को दिखाया गया है. कामारेड्डी में हुई एक चुनावी रैली से एक्स, पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में केसीआर को बाय-बाय कहते हुए और दर्शकों को धन्यवाद देते हुए दिखाया गया है. राहुल गांधी ने माइक के पास आकर बाय-बाय, केसीआर कहा. उन्होने पहले हाथ हिलाया और फिर मुस्कराने लगे.राहुल गांधी ने कहा,आज तेलंगाना में दोराला सरकार (सामंती सरकार) और प्रजला सरकार (जनता की सरकार) के बीच लड़ाई है. आपके मुख्यमंत्री पूछ रहे हैं कि कांग्रेस ने क्या किया. राहुल गांधी ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि कांग्रेस ने क्या किया, सवाल यह है कि केसीआर ने क्या किया, उन्होंने कहा कि तेलंगाना में हर किसी को पता है कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ चुनाव जीतने जा रही है.राहुल गांधी ने बीजेपी के सत्ता में आने पर पिछड़ी जाति के नेता को मुख्यमंत्री बनाने वाले चुनावी वादे का मजाक उड़ाते हुए कहा,भाई, आप पहले दो प्रतिशत वोट हासिल करें और फिर (किसी को मुख्यमंत्री बनाने) के बारे में बात करें. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वादा किया कि अगर पार्टी राज्य में सत्ता में आती है तो कांग्रेस द्वारा दी गई छह गारंटियों को पहली कैबिनेट बैठक में ही मंजूरी दे दी जाएगी.

गुरुनानक ने भाईचारे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा,श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं. उन्होंने दूसरों की सेवा करने और भाईचारे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया, जो दुनिया भर के लाखों लोगों को ताकत देता है.पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात कार्यक्रम में भी पहले सिख गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की थी.

एजेंसी

नई दिल्ली : देशभर में आज कार्तिक पूर्णिमा की धूम है. साथ ही गुरु परब और देव दीपावली भी मनाई जा रही है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दूसरों की सेवा करने और भाईचारे को आगे बढ़ाने की जो शिक्षा सिखों के पहले गुरु ने दी, वह दुनिया भर में लाखों लोगों को ताकत देती है. गुरु नानक देव ने सिख धर्म की स्थापना की थी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा,श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं. उन्होंने दूसरों की सेवा करने और भाईचारे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया, जो दुनिया भर के लाखों लोगों को ताकत देता है.पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात कार्यक्रम में भी पहले सिख गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की थी.पीएम मोदी ने एक अन्य पोस्ट में देव दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, श्रद्धा, भक्ति और दैवीय उपासना की भारतीय परंपरा से प्रकाशित पावन पर्व कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की असीम शुभकामनाएं. मेरी कामना है कि यह पावन अवसर देशभर के मेरे परिवारजनों के जीवन में नई रौनक और स्फूर्ति लेकर आए.बता दें कि देव दीपावली कार्तिक महीने के अंतिम दिन कार्तिक पूर्णिमा को मनाई जाती है.

देव दिवाली : 22 लाख दीयों से जगमग हुआ वाराणसी का गंगा घाट

70 देशों के विदेशी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सीएम ने जलाया पहला दीप

एजेंसी

वाराणसी : वाराणसी में सोमनार को शाम होते ही शहर स्वर्ग सा नजर आने लगा। दोपहर से ही लोग घाटों पर देवों की दिवाली देखने के लिए जम गए। दीयों से घाट जगमगा उठे।

उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर 85 घाटों पर 12 लाख और जन सहभागिता से लगभग कुल 22 लाख दीप काशीवासी के घाटों, कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर जलाए गए। पर्यटक गंगा पार रेती पर शिव के भजनों के साथ क्रैकर्स शो का भी आनंद लिया। गंगा द्वार पर लेजर शो के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ धाम पर आधारित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी लेजर शो के माध्यम से दिखाई गई।

देव दीपावली पर घाटों पर दीये अलौकिक छटा बिखेरते देखे गए। जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये। शूलटंकेश्वर घाट पर बीना पब्लिक स्कूल लठिया के छात्र छात्राओं ने दीपदान किया। दीपदान के बाद मां गंगा की भव्य आरती की। प्राचीन शिव धाम मंदिर दरेखू बाणासुर मंदिर नरउर, मोहनसराय तालाब, भगवती माता मंदिर अखरी पर लोगों ने दीपदान किया। वहीं देव दीपावली पर लोगों ने अपने घरों व मंदिरों को दीयों से आकर्षक ढंग से सजाया। देव दिवाली के लिए प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचे।विश्वविख्यात काशी की देव दीपावली का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नमो घाट से किया। यहां मुख्यमंत्री 70 देशों के राजदूत और विदेशी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पहला दीप जलाया। इसके बाद बाकी घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन शुरू हुआ। यहां से मेहमानों के साथ सीएम क्रूज पर सवार होकर घाटों के अप्रतिम छटा निहारने के लिए निकले। करीब सवा छह बजे सीएम का क्रूज दशाश्वमेध घाट के सामने पहुंचा और मनमोहक गंगा आरती के साक्षी बने।

झारखंड में ठंड के मौसम में ग्रामीण इलाकों में अफीम तस्करों की चहलकदमी बढ़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य में ठंड का मौसम आते ही बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जाती है। ऐसे में अफीम तस्करों ने अपनी चहलकदमी बढ़ा दी है। अफीम तस्कर बड़े पैमाने पर ग्रामीणों की सहायता से अफीम की खेती की तैयारी में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अफीम तस्करों की योजना को विफल करने में जुट गया है। जाड़े का मौसम शुरू होते ही अफीम तस्कर अफीम की खेती के लिए सक्रिय हो चुके हैं। सूचना है कि खूंटी और रांची के वैसे इलाके जहां हर साल बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होती है उन इलाकों में अफीम तस्करों के द्वारा बीहड़ों और जंगलों में जमीन चिन्हित की जा रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, मंगलवार, 28 नवंबर 2023| पेज 2

प्रतियोगिता से प्रतिभा में आता है निखार : मिथिलेश ठाकुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : झारखंड वॉलीबाल संघ के तत्वावधान में गढ़वा जिला द्वारा आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला बालक बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को किया गया। 5 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाईनल में धनबाद ने हजारीबाग को 3-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। तीसरा स्थान मेजबान गढ़वा का रहा। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल मैच में गोड्डा ने पश्चिमी सिंहभूम को 3-0 से हरा का खिताब पर कब्जा जमाया। तीसरा स्थान रामगढ़ ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। उन्होने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस मौके पर मुख्य

अतिथि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को एक अच्छा अवसर मिलता है कि वे अपने प्रतिभा को निखार सके। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी यहाँ राज्य स्तरीय कई प्रतियोगिता आयोजित करायी जा चुकी है जिसमें एथेलेटिक्स, फुटबॉल, साइकिलिंग एवं वॉलीबॉल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा में खेल महोत्सव भी आयोजित कराया जाएगा। जिसमें सभी खेलों को शामिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा निखारने का एक मंच संघ के द्वारा प्रदान किया जाता है। जिसमें वह अपने प्रतिभा को निखार सके। आज खेल के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं है। कोई भी खिलाड़ी मेहनत करके अपना कैरियर बन सकता। इस क्षेत्र में पैसे के साथ-साथ शोहरत भी मिलती है। आयोजन समिति के अध्यक्ष उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि इस तरह का आयोजन से खिलाड़ियों के अंदर छुपी प्रतिभा निकलकर सामने आती है। खिलाड़ी को खेल भावना से खेल को खेलनी चाहिए। सभी के सहभागिता से बड़ा आयोजन गढवा में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका है। झारखंड वालीबाल संघ के महासचिव शेखर बोस ने कहा कि गढ़वा में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन् कराया जा सका है इसमें सभी की सहभागिता रही है। आगे भी इस तरह के आयोजन के लिए संघ तत्पर रहेगी ऐसी मेरी आशा है। मौके पर ऑफिशियल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार दिया गया। सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने धन्यवाद किया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध प्रसाद यादव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, नवीन कुमार पाठक, अशोक कुमार गुप्ता, प्रणव कुमार, रजनीश दुबे, पंकज दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह अंसारी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र सिन्हा, खेल प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, मुखिया नारद तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, विवेक तिवारी, कमलेश पांडेय, ओमप्रकाश चौबे, गौरव सिन्हा, नीरज सिन्हा, पंकज सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

बीडीओ ने डिलर के साथ किया बैठक

भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): भवनाथपुर-केतार में आयुष्मान कार्ड बनाने से जन्म तिथि में हो रही गड़बड़ी को लेकर भवनाथपुर सह केतार बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी नन्द जी राम ने पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया। भवनाथपुर तथा केतार में राशन कार्ड तथा आधार कार्ड में जन्म तिथि में भिन्नता होने से आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है। इस परेशानी को दूर करने के लिए बीडीओ ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि जिन राशनकार्ड धारकों का राशनकार्ड वह आधार कार्ड में जन्म तिथि मैच नहीं कर रहा है , वैसे कार्डधारक का आधार कार्ड में जो जन्म तिथि है उसी जन्म तिथि को राशनकार्ड में सुधार कराते। बताया की जिला में भवनाथपुर,केतार आयुष्मान कार्ड में पिछले चल रहा है। साथ ही कार्डधारक को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजने के लिए प्रेरित करें.बैठक में अरूण यादव, अशोक पाठक, विजय जयसवाल,प्रदिप गुप्ता,शंकर गुप्ता, योगेन्द्र जयसवाल,सरयू राम सहित सभी डिलर उपस्थित थे।

जेएमएम युवा प्रखंड अध्यक्ष ने किया बैठक

रंका(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के गोरगडा गांव में ग्रामीण जनता के साथ बैठक किया गया बैठक में सार्वजनिक रूप से सबो को बताया गया कि सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम 2.12.23 दिन शनिवार को बाहाहारा पंचायत भवन में होने जा रहा है इस कार्यक्रम में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सार्वजनिक योजनाओं के विषय में जानकारी दिया गया साथ ही साथ अबुआ आवास के विषय में बताया गया और फॉर्म पहले से ही भरने की प्रक्रिया का दिशा निर्देश दिया गया और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा रंका प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे बिकास योजनाओं के बिषय में जानकारी दिया गया इस मौके पर उपस्थित बाहाहारा के पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव युवा अध्यक्ष विकास यादव दुखन सोनी फल्टन यादव संदीप यादव रघुवश प्रसाद भीष्म यादव शम्भू प्रजापति शुकुल यादव अरविंद गुप्ता सोनी अशर्फी सोनी एवं काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

जर्सी एवं फुटबॉल का किया वितरण

रंका(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के जेमेम महिला प्रखंड अध्यक्ष ने महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लेकर जर्सी एवं फुटबॉल दिया इस संबंध में बताते चले कि रंका प्रखंड के महिला मोर्चा जेमेम महिला अध्यक्ष सह सोनदाग पंचायत के पूर्व मुखिया मालती देवी के द्वारा आज कटरा पंचायत में चल रहे महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने क्षेत्र के महिला खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड महिला अध्यक्ष सोनदाग पंचायत के पूर्व मुखिया मालती देवी में बतलाई की महिला खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन के लेकर मेरे ओर से जर्सी एवं फुटबॉल आज दिया जा रहा है ताकि हमारे ही पंचायत के महिला खिलाड़ी अच्छे से खेल का प्रदर्शन कर सकें।

उपायुक्त ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों से 18 वर्ष पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों का वोटर कार्ड बनाने में सहयोग करने की अपील की

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला अंतर्गत सभी + 2 विद्यालयों/इंटर कॉलेजों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ बैठक आयोजित की गयी.बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने सभी प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया.उन्होंने कहा कि सभी योग्य युवाओं का वोटर आईडी कार्ड बनाने को लेकर निर्वाचन आयोग लगातार कार्य कर रहा है ऐसे में इस कार्य को और गति देने व शत प्रतिशत योग्य युवाओं जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के हो चुकें हैं उन सभी का वोटर कार्ड बनाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है.उन्होंने कहा कि सभी युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में समाहित कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर से भी 18 वर्ष पूरे कर चुके विद्यार्थियों का ई-विद्या वाहिनी के माध्यम से तैयार प्री फील्ड फॉर्म 6 जिला में उपलब्ध कराया गया है,जिसे सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है.उपलब्ध कराए गए प्री फील्ड फॉर्म 6 में सभी विद्यार्थियों की विवरणी भरते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ उसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय को वापस की जानी है,जिसकी एंट्री ईआरओ द्वारा करायी जायेगी. इसके अलावे खाली फॉर्म 6 भी जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से सभी + 2 विद्यालय/इंटर कॉलेजों एवं महाविद्यालय को भेजी गई है।

जंगीपुर में सत्संग का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया. इसके बाद संध्याकालीन विनती प्रार्थना,समवेत नाम जप,सत्यानु शरण पाठ,नारी नीति पाठ किया गया.इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सांसारिक ज्ञान अर्थात व्यवहारिक ज्ञान के बाद ही ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति संभव है.यदि मानव परिवार के सभी सदस्यों के बीच प्रेम,पड़ोसियों के साथ मधुर व्यवहार रखता है,तो उसके अंदर सद्गुण आते हैं.यदि किसी परिवार में किसी व्यक्ति का भाई असत्य के पथ पर

चलता है तो उस भाई का परित्याग नही करना चाहिये.उस भाई के प्रति अपने हृदय में श्रद्धा रखकर विपति आपत्ति में हर सम्भव सहायता करना चाहिये तथा उस भाई को सत्य के पथ पर लाने का प्रयास करना चाहिये.उन्होंने कहा कि विवाह दो प्रकार के होते हैं प्रथम अनुलोम विवाह व दूसरा प्रतिलोम विवाह.अनुलोम विवाह हमेशा परिवार में उन्नति को प्रसव करता है,इससे सुसंतान की प्राप्ति होती है,ठीक इसके विपरीत प्रतिलोम विवाह अवनति की वृद्धि करता है.इस विवाह से परिवार में क्लेश,कलह,झगड़ा होता है,जिससे परिवार विध्वंश में अवसान करता है.इसलिये प्रत्येक मनुष्य अपने पुत्र पुत्री का विवाह अच्छे ढंग से अपने इष्ट के निर्देशानुसार अनुलोम विवाह करना चाहिये.अनुलोम विवाह से परिवार में सुख शांति बनी रहती है.अच्छे ज्ञान की प्राप्ति सत्संग से ही होता है.ऋत्विक धृति सुंदर लाल ने मानव कल्याण के लिए इष्टमुखी होने की अपील किया।

सड़क पर सुरक्षा ही जीवन की रक्षा है : पुलिस अधीक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : पुलिस केंद्र गढ़वा के सभागार में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों, अधिकारियों, मोटरयान निरीक्षक, परिवहन विभाग और सड़क बनाने वाली कंपनियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही बिना हेलमेट पहने पेट्रोल लेने आने वाले वाहन चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने को कहा गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों को बताया कि सड़क सुरक्षा हम सभी लोगों की सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है ताकि सड़क पर हो रहे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। सड़क के प्रमुख मार्गो पर रेडियम स्ट्रिप टर्निंग प्वाइंट सड़क

सुरक्षा से सभी मानकों को अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा निर्देशित किया गया कि पुलिस विभाग तथा परिवहन विभाग समन्वय स्थापित कर वाहनों की जांच करें ताकि ऑन स्पॉट फाइन किया जा सके। उन्होने वाहन चालकों को अपने वाहन से संबंधित कागजात तथा हेलमेट, सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ऐसा नहीं करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक गढ़वा के अलावा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय गढ़वा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा, मोटरयान निरीक्षक, परिवहन विभाग के कर्मी तथा जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालक और सड़क निर्माण कर रही कंपनियां के प्रतिनिधि शामिल हुए।

देव दीवाली पर 5051 दिए से जगमग हुआ हुसैनाबाद का छठ घाट

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक स्थित बाबा विश्वनाथ भाष्कर छठ घाट पर देव् दीवाली का आयोजन किया गया।यह आयोजन महाबीर मंदिर नवाह परायण यज्ञ समिति द्वारा किया गया।छठ घाट पर 5051 दिप जलाया गया।वही महाबीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक की टीम द्वारा भव्य गंगा आरती किया गया।जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने कहा कि नवाह परायण यज्ञ समिति और शहर वासियों के सहयोग से विते वर्षो से यह आयोजन जारी है।लोंगो का सहयोग अध्यात्म की ओर रुझान का प्रतीक है।वही बाबा विश्वनाथ मंदिर समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर स्वच्छता दूत को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सफाई जमादार अवधेश कुमार, रवि कुमार, चालक कुश चौधरी, उदय चौहान, सफाई कर्मी सोनू, राजू, बिनोद, अर्जुन, शिला, अंजू समेत 25 सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह में समिति के सचिव प्रेमतोष कुमार सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सफाई कर्मियों की महती भूमिका है।इनकी सक्रियता से ही स्वच्छता अभियान की गतिविधियां सार्थक हुई हैं। मौके पर मुख्य रूप से अशोक प्रसाद कश्यप, प्रेमतोष सिंह, राजेन्द्र पाल, मधुलता रानी, राकेश तिवारी, रमेश सिंह,राजेश कर्ण, आदि थे ।

कर्नल कप : रोमांचक मुकाबले में बभंडी ने कोशी को हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू) : अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के पांचवां मैच बभंडी बनाम कोशी खेला गया। कोशी टीम को गोल करने का कई मौका मिला लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हुई। लेकिन बभंडी ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक बाद एक लगातार तीन गोल कर मैच को 3-0 से अपने नाम कर लिया । बभंडी की तरफ से सनोज गोविंद और लव कुश कुमार ने गोल किया। इसके पूर्व इस मैच के मुख्य अतिथि कोशी पंचायत के मुखिया विजय राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उन्हें अनुशासन तरीके से खेलने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन और समय पर ध्यान देना अति आवश्यक है। क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने कहा कि कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब हुसैनाबाद के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही हैं आप लोग खेल के माध्यम से अपनी हुनर लोगों को दिखाएं। बताते चलें कि यह टूर्नामेंट दर्शकों भी खूब भा रही है और हर दिन ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में फुटबॉल प्रेमी इस मैच को देखने आ रहे हैं।

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में ली जा रही है रिश्वत

सेविका से छुब्ध होकर डेढ़ दर्जन छात्रा पहुंचे सीडीपीओ कार्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर (गढ़वा): प्रखंड कार्यालय भवनाथपुर में सोमवार को केतार प्रखंड अंतर्गत बेलाबार गांव के डेढ़ दर्जन से अधिक कक्षा 8 से 12वीं के छात्रा एवं उनके अभिभावक संबंधित सेविका रंजू देवी के विरुद्ध बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से आक्रोश पूर्ण शिकायत लेकर मिलने पहुंचे। जहां बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के अनुपस्थिति पर भवनाथपुर सह केतार प्रभारी बीडीओ नंदजी राम से मिलकर पीड़ित छात्राओं ने आपबीती सुनाई एवं आवेदन दिया। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि बेलाबार गांव के संबंधित आंगनवाड़ी सेविका रंजू देवी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं में फार्म के साथ रिश्वत की मांग करती है। जो उन्हें रिश्वत के तौर पर हजार-पांच सौ रुपए देते हैं सिर्फ उन्हीं लोगों का पैसा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत डलवाया जाता है जो लोग रिश्वत की राशि नहीं देते हैं उनके द्वारा दिया गया फार्म को त्रुटि बताकर वापस विभाग से अपने घर ले आया जाता है। और कहा जाता है कि जो लोग मुझे फॉर्म नहीं उपलब्ध कराएंगे उनका किसी कीमत में पैसा नहीं आ पाएगा इसी मामला से छुब्धद होकर डेढ़ दर्जन से अधिक छात्रा एवं उनके परिजन प्रखंड कार्यालय भवनाथपुर सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे थे।इस मामले में क्या कहते हैं बीडीओ नंदजी राम बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि उक्त मामले से संबंधित शिकायत मिली है जो काफी गंभीर विषय है।

एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ से मिशन 2024 में लगने का किया आह्वान

एनसीपी एनडीए गठबंधन का हिस्सा : कमलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : एनसीपी कार्यकर्ताओं को मिशन 2024 की तैयारी में जुटने का आह्वान कमलेश कुमार सिंह ने किया है। देवी धाम परिसर हैदरनगर में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को कहा कि पार्टी एनडीए का हिस्सा है। नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनना देश हित में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। यही वजह है की उन्होंने हेमंत सरकार से समर्थन वापस लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि चार वर्ष के दौरान हुसैनाबाद हरिहरगंज में जो विकास के कार्य हुए हैं, इससे जनता को अवगत कराने का काम

कार्यकर्ता करें। उन्होंने इस दरम्यान बूथ कमेटियों को मजबूत करने का भी आह्वान किया। विधायक ने कहा कि बूथ से प्रदेश स्तर तक संगठन को बजबूत करने की जवाबदेही सभी की है। सभी को अपने दायित्वों को मजबूती के साथ निभाने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया की वह जात धर्म समुदाय से परे सभी को जोड़ने का प्रयास करे। चार वर्ष के इस कार्यकाल में कितना काम हुआ बताने का काम करें। उन्होंने कहा कि एनसीपी सम्पूर्ण राज्य में संगठन मजबूती की दिशा में काम कर रही है। कुछ लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। उन लोकसभा व विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रमुख से विचार विमर्श कर प्रत्याशी उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि एनसीपी के कार्यकर्ता पार्टी के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। पलामू से निकली चिंगारी सम्पूर्ण झारखंड में नया सवेरा लाएगी। बैठक में पहुंचे कार्यकर्ताओं में काफी जोश दिखा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह मोहमदगंज प्रखंड अध्यक्ष रूदा सिंह, हुसैनाबाद अनुमंडल विनय पासवान,युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ हरी विमलेश सिंह, जियाजुद्दीन खान, विजय राम, वीरेंद्र साव , जे पी सिंह, प्रमोद पासवान,श्यामबिहारी पासवान, मुना राजवंशी, पप्पू सिंह, श्यामबिहारी मेहता, सज्जू खान, दुर्गा शर्मा, योगेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, अनूप सिंह, आलिम अंसारी, अभिषेक सिंह, साबित अली, रंजित मालाकार, बींरेद्र सिंह, सुधीर सिंह, नसीम, अजीत सिंह, शिव प्रसाद राजवंशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम से अंतिम पंक्ति के लोगों को मिलेगा लाभ : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 नवंबर को गढ़वा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी काफी जोर से चल रही है। इस निमित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने का मंत्र दिया। इस संबंध में मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के जिले के सभी 189 पंचायतों से काफी संख्या में कार्यकर्ता, आसपास के क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जनों को शामिल किया जाना है। साथ ही महागठबंधन के सभी सभी दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा झारखंड सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से राज्य के अंतिम पंक्ति के प्रत्येक लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने हक अधिकार के लिए उचित स्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसी स्थिति में दबे, कुचले, वंचित एवं पिछड़े सभी वर्गों के लोगों को उनका हक एवं अधिकार उन्हें पूरी तरह से मिल सके, सभी सरकारी योजनाओं की

जानकारी उन्हें हो इसके लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के मुख्यमंत्री ने काफी दूरदर्शी सोच के साथ इस योजना को शुरू किया है। इसका लाभ लोगों को मिल भी रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, आम जनों एवं महागठबंधन के सभी दलों के नेता एवं कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, नसीम अख्तर, कंचन साहू, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, राजकिशोर यादव, अरविंद यादव, करीब अंसारी, चंदा देवी, अंतु दास, चंदन पासवान, नीरज तिवारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

इंटर हाउस कराटे चैंपियनशिप संपन्न

रांची : इंटर हाउस कराटे चैंपियनशिप संपन्न पिछले दिनों कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू ,रांची, में चार हाउस के बीच कराटे चैंपियनशिप संपन्न हुआ जिसमें गंगा हाउस प्रथम 16 मेडल, द्वितीय यमुना हाउस 14 मेडल ,तृतीया सतलज हाउस 13 मेडल एवं गोदावरी को 11 मेडल लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त हुए उनके मुख्य अतिथि थे फरीद हसन जिनके द्वारा बच्चों को मेडल प्रदान किया गया इनके के रिफ्रीज थे सिंहा शहजाद कुरेशी जिनकी देख रेख में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में रोहित भगत,रौनक तिर्की,हिमांशु राज,साहिल श्रीवास्तव,हर्ष राज वर्मा,सुहेल अंसारी,इंद्राणी कुमारी, तारामणि तिर्की, मनीला तिर्की ने सहयोग प्रदान की।

ट्रैफिक संभालने के लिए होमगार्ड जवानों की ली जाएगी मदद

रांची। शहर की यातायात व्यवस्था में मैनपावर की कमी को देखते हुए पहली बार होमगार्ड के 100 जवानों को तैनात करने की तैयारी चल रही है। गृह विभाग ने इस पर अपनी स्वीकृति दे दी है। वित्तीय आवंटन मिलने के बाद चयनित जवानों को तीन महीने की ट्रेनिंग देकर ट्रैफिक ड्यूटी में लगा दी जाएगी। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि ट्रैफिक में जल्द ही स्ट्रेंथ बढ़ाया जाएगा। बताते चलें कि ट्रैफिक में 700 स्वीकृत पद होने के बाद भी 100 महिला बल समेत सिर्फ 400 जवानों की ही तैनाती की गई है। ऐसे में कई चौक-चौराहों पर जवानों की संख्या कम है। अचानक वाहनों का लोड बढ़ जाने पर जाम लग जाता है। एक ही जवान को घंटों ट्रैफिक संभालनी पड़ती है। वर्कलोड काफी ज्यादा होने से जवानों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। 100 होमगार्डों की तैनाती होने से काफी हद तक वर्कलोड कम होगा।

23वां अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन 2023 में शामिल हुए सीएम

मेरे रहते लुगुबुरू में नहीं लगेगा प्रोजेक्ट : हेमंत

लुगुबुरु में चाई चंपा पार्क में लुगु बाबा और लुगु आयो की प्रतिमा का मुख्यमंत्री ने अनावरण किया
*** मुख्यमंत्री ने लुगुबुरू पहाड़ स्थित पुनाय थान में पूजा अर्चना (बोंगा बुरु) कर राज्य की खुशहाली की कामना की**
*** दो दिवसीय महासम्मेलन में देश-विदेश के सरना धर्मावलंबियों ने भाग लिया**
*** लुगुबुरू आदिकाल से पूर्वजों द्वारा संचालित होता आ रहा है**
*** आदिवासी प्रकृति पूजक हैं, पहाड़-पर्वत को हरा भरा रखते आएं हैं**

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: जब तक मैं हूं किसी भी परिस्थिति में आदिवासी संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगु पहाड़ हाइडल पंपेड स्टोरेज प्रोजेक्ट को स्थापित नहीं होने दिया जाएगा।

हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय के आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य रूप अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा लुगुबुरु आदिकाल से ही पूर्जवों द्वारा संचालित होता आ रहा है। समय के हिसाब से जिस प्रकार समाज जागरुक हो रहा है, उसी तरह आदिवासी सरना धर्म को भी आगे बढ़ना चाहिए।

लुगुबुरू के इतिहास को संजो कर रखना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के पूजक हैं। पहाड़, पर्वत को वे हरा-भरा रखते आए हैं। हम आदिवासी संताल गरीब जरूर है, लेकिन आज तक किसी के धर्म या किसी की कोई भी चीज हो हम गलत नजर से नहीं देखते। हम शांति और सद्भाव से हमेशा रहना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा लुगुबुरू के इतिहास को संजो कर रखना है। अगर ऐसा नहीं होगा तो आने वाली पीढ़ी इस सम्बंध में कैसे जान सकेगी। इसपर कार्य होना चाहिए। हमें अपने धर्म के प्रति जागरूक रहना है और अपने कर्तव्य को निभाना है। हर समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। पहले तीर धनुष से लड़ाई लड़ी जाती थी, अब बुद्धि से लड़ाई होती है। इसलिए शिक्षा का महत्व है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महतो, लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबुली सोरेन, उपाध्यक्ष बहाराम हांसदा, सचिव लोबिन मुर्मू, उपसचिव मिथिलेश किस्कू, उपायुक्त बोकारो, आरक्षी अधीक्षक बोकारो एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने किया हिंदपीढ़ी कडरु ओवर ब्रिज का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा वार्ड संख्या 23 और 24 के अंतर्गत हिनदपीढी लह कोठी रोड से कडरू जोड़ने वाले ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया गया । यह पुल अभी छोटी है और हरमू नदी के पास है। बरसात के दिनों में नदी में पानी अधिक रहने के कारण पुल पानी में डूबे जाता था जिस कारण से दोनों ओर का संपर्क टूट जाता था। आवागमन बाधित हो जाता था। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार जनहित में लगातार काम कर रही है।इसी के तहत कडरु ब्रिज का काम किया जायेगा। शिलान्यास किया गया।काम जल्द शुरू हो जाएगा।इस मौके पर राज्य सभा सांसद डां महुआ माजी, रांची सांसद संजय सेठ, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति मथारू,रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, आफताब आलम, फिरोज , सोहेल , परवेज आलम, आदिल ,आरीज , सोनू काफी लोग शामिल थे।

पारस अस्पताल रांची ने व्यक्ति के हाथ को कटने से बचाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । किसी भी व्यक्ति के शरीर का कोई भी एक अंग अलग कर दिया जाय तो व्यक्ति का पूरा जीवन ही बदल जाता है, उसपर हाथ जो एक प्रमुख अंगों में से एक है, हाथ के बिना ज़िंदगी अधूरी सी हो जाती है। पारस के डॉ विवेक गोस्वामी ने एक मरीज़ के हाथ को बचाकर उसे एक नई ज़िंदगी दी है। मरीज़ का रामगढ़ में एक छोटा सा दुकान है और वह अपनी ज़िंदगी अब सुचारू रूप से चलते हुए साथ में अपने परिवार का भी पालन पोषण कर रहा है। मरीज़ ने पारस अस्पताल एवं डॉ विवेक गोस्वामी का आभार व्यक्त करते हुए एक नया जीवन देने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। झारखंड के रामगढ़ ज़िले का एक 50 वर्षीय व्यक्ति की विगत 7 सितंबर को सड़क दुर्घटना हो गई थी। इस दुर्घटना में व्यक्ति का दाहिना हाथ बुरी तरह से ज़ख़्मी हो गया था। दाहिने हाथ की दोनों नसें एवं मांसपेशी नष्ट हो गई थी। मरीज़ की नाज़ुक स्थिति को देखते हुए उनके परिजनों ने पारस अस्पताल लाया। सर्वप्रथम आपातकालीन विभाग में त्वरित इलाज करते हुए मरीज़ के हाथ के एक नस को जोड़ दिया गया ताकि उसके हाथ को कटने से बचाया जा सके। मरीज़ के बायें जाँघ से माइक्रो वैस्क्यूलर फ्री फ्लैप लिया और मात्र दो दिनों में ही मरीज़ के हाथ की सभी क्षतिग्रस्त मांसपेशियों और नसों का निर्माण किया। 5 घंटे तक चलनेवाला यह जटिल ऑपरेशन सफल रहा । डॉ विवेक ने बताया कि इलाज के इस तकनीक को फ्लो थ्रु फ्लैप कहते हैं, जिसमें मरीज़ के शरीर से ही मांस निकालकर उसके हाथों की नस और मांसपेशी का निर्माण किया जाता है।

धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले को सबक सिखाएगी देश की जनता : कांगो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय एका चौक रांची में प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो , पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला वरिष्ठ साथी के डी सिंह ,जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित है। प्रेस वार्ता में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो ने कहा कि देश में माहौल बदल रहा है। देश के किसान मजदूर छात्र नौजवान एकजुट हो रहे हैं । धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले को देश की जनता 2024 में सबक सिखाएगी। देश के 36 राजनीतिक पार्टियों एकजुट हो चुकी है, तो दूसरे तरफ जनता एकजुट हो रही है। इंडिया एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी और देश की जनता 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी, देश में महंगाई बेकारी लाचारी से आम जनता त्रस्त है। 26 दिसंबर को राज्य के सभी प्रखंडों पंचायत और जिला कार्यालय में झंडो तोलन, स्थापना दिवस समारोह साथ ही मोदी भगाओ देश बचाओ बीजेपी भगाओ लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ 10 दिसंबर से लेकर 25 दिसंबर तक पूरे राज्य में जन जागरण अभियान चलाई जाएगी। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, के डी सिंह , जिला सचिव अजय कुमार सिंह , खेत मजदूर यूनियन के इम्तियाज़ खान राजेंद्र प्रसाद राजेंद्र रविदास मौजूद थे।

मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां होंगी जल्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की नियुक्तियों की कवायद तेज कर दी है। दिसंबर माह के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए व्यक्ति का चयन किया जायेगा। झारखंड राज्य सूचना आयोग के लिए एक मुख्य सूचना आयुक्त और आठ सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है। माना जा रहा है कि रिटायर्ड जज या रिटायर्ड वरीय आईएएस अधिकारी को मुख्य सूचना आयुक्त बना जा सकता है। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर से इसके लिए आवेदन मांगा गए हैं, जिसमें अब तक करीब 600 से अधिक आवेदन समाजसेवियों, पत्रकारों व अन्य बुद्धिजीवियों ने किए हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में लंबे समय से मुख्य सूचना आयुक्त सहित अन्य सूचना आयुक्त के पद रिक्त हैं। इस कारण सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त आवेदनों की सुनवाई भी नहीं हो पा रही है, जिससे हजारों आवेदन लंबित है।

जेसी विक्रम चौधरी जेसीआई रांची के नए अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । जेसीआई रांची के नए कार्यकाल के लिए नई टीम का चयन मतदान के माध्यम से किया गया। इस चुनाव में संस्था के सदस्यों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया एवं जेसी विक्रम चौधरी को नया अध्यक्ष चुना। इस चुनाव में सभी पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सचिव उपस्थित थे एवं साथ ही साथ सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जो सराहनीय था। नई टीम में 6 उपाध्यक्ष जेसी अभिषेक जैन, जेसी निशांत मोदी, जेसी पियूष केडिया, जेसी रवि आनंद, जेसी साकेत अग्रवाल एवं जेसी तरुण अग्रवाल, सचिव जेसी मयंक अग्रवाल, सह सचिव जेसी कौशल मुरारका,

कोषाध्यक्ष जेसी नटवर बाजोरिया को चुना गया।साथ ही संस्था के 20 नए निदेशकों का भी चुनाव हुआ जिसमे आदित्य जालान,अक्षत अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल, अंकित मोदी, अंकित अग्रवाल, अमन सिंघानिया, अमन पोद्दार, दीपक पटेल, मनदीप सिंह, मोहित बगला, प्रवीण अग्रवाल, राहुल टीबड़ेवाल,रौनक टेकरीवाल, ऋषभ जैन, रोहित दयानी, संकेत सरावगी, संदीप खेमका, शिवी तनेजा, शुभम बुधिया एवं वैभव जैन को चुना गया।चुनाव प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष जेसी सौरभ शाह की अध्यक्षता में गठित टीम की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, इस टीम में पूर्व अध्यक्ष जेसी विजय पटेल एवं जेसी राकेश जैन के साथ सभी पूर्व अध्यक्षों ने अहम भूमिका निभाई। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने अपने आने वाले वर्ष के लिए अपने कार्यकाल की रूपरेखा से सभी सदस्यों को अवगत कराया एवं टीम 2024 ने सभी को विश्वास दिलाया कि आने वाले वर्ष में सभीलोग मिलकर समाज को नई ऊंचाई तक लेकर जाएंगे।

इक्कीशो महादेव धाम मंदिर परिसर में कार्तिक पूर्णिमा मेला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत रांची के द्वारा आयोजित स्वर्णरेखा नदी तट चुटिया स्थित इक्कीशो महादेव धाम मंदिर परिसर में 27-नवम्बर 2023 दिन सोमवार को आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेला की शुभारम्भ पंचायत द्वारा इक्कीशो महादेव के जलाभिषेक एवम मुख्य पूजा सत्यनारायण पूजा के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातः काल 3 बजे आम भक्तो एवम श्रद्धालुओं शिव भक्तों के लिए मंदिर का द्वार खोल दिया गया। मेला में शहर के अन्य गनमान्य लोगों के अलावे भारी संख्या में नर-नारी,बच्चे शिव भक्त आए और इक्किशो महादेव का पूजा अर्चना किया एवम पंचायत द्वारा किए जा रहे महाप्रसाद को प्राप्त किया। मेला के आयोजन में श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत के अध्यक्ष रविन्द्र लाल,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार, महासचिव सह प्रवक्ता संतोष कुमार सोनी , महासचिव सह मेला आयेजन समिति के संयोजक मुकेश वर्मा ,श्री रतन लाल सोनी, सतीश कुमार वर्मा, लखन लाल, पन्ना लाल बर्मन, सुमित कुमार, अंकित कुमार, सुरेश प्रसाद, गोपाल सोनी, विजय वर्मन, उमेश प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद के अलावे पंचायत के सैकड़ो स्वयंसेवकों ने अपना विशेष योगदान कर मेला के कुशल संचालन में बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पंचायत के महासचिव सह प्रवक्ता संतोष कुमार सोनी ने दिया।

माही ने एचएमके पब्लिक स्कूल के बच्चों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के सदस्यों ने हिंदपीडी स्थित एचएमके पब्लिक स्कूल के बच्चों की भागीदारी को सम्मानित करते हुए, उन्हें स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड और मेले से संबंधित मेमोरी फोटो प्रदान किए। उन्होंने सर्टिफिकेट और मेडल से उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया, जिन्होंने विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन की। मौलाना आज़ाद की जयंती पर माही द्वारा हज हाउस में आयोजित शैक्षिक और सांस्कृतिक मेला-2023 में लगभग 30 विभिन्न स्कूलों के 550 छात्रों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में जाने-माने समाजसेवी जुनैद अनवर ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा आज के बच्चे मुस्तकबिल के रौशन वजूद हैं जिसे माही के सदस्य लक्षित कर कार्यक्रम कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नया भारत टीवी 24 के पत्रकार अशरफ खान ने कहा कि माही शिक्षा को एक माध्यम के रूप में देखता है जो समाज के उत्थान में न केवल सहायक है, बल्कि प्रेरणा भी है। जमैतुल इराकीन के कार्यकारिणी मुजाहिदुल इस्लाम, समाज सेवी हारिस मदनी , मंच का संचालन सलाहउद्दीन व धन्यवाद ज्ञापन सरवर ईमाम खान ने किया। इस मौके पर विशेषकर मोहम्मद कामरान,मोहम्मद शकील, मोहम्मद ताहिर और मोहम्मद अनवर के साथ-साथ स्कूल के शिक्षिका एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

राज्यपाल ने कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक देव पर्व की दी बधाई

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही राज्यपाल ने सोमवार को एक्स पर सिख धर्म के प्रथम गुरु, महान समाज सुधाकर गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी है।

जमीन पर काम कुछ नहीं, प्रचार-प्रसार और दिखावे पर चल रही सरकार : सुदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में जमीनी काम नदारद हैं और जनता के सवाल गुम। प्रचार-प्रसार और दिखावे में सरकार जुटी है। सिस्टम बेपटरी है। वर्तमान व्यवस्था को बदलने के लिए सकारात्मक विचारों वाले नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना होगा।

सुदेश महतो सोमवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गुमला जिला से आए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कई जनप्रतिनिधियों ने अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा।

आजसू प्रमुख ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार काम नहीं सिर्फ प्रचार कर रही है। स्कूली बच्चों को कार्यक्रम स्थल पर बुला कर उनकी तस्वीर खिंची जा रही है इसके चलते उनकी पढ़ाई बाधित हो रही, यह काम उनके विद्यालय में भी किया जा सकता है। पीडीएस सिस्टम के तहत राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ रहा है, जिससे गरीब लोगों को उनके हक का राशन नहीं मिल पा रहा है। लोग अपनी समस्या को लेकर लाइन में लगे हैं लेकिन उनका काम नहीं हो रहा है। जबकि राज्य की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। शासन जनता के लिए होता है। यहां शासन अपने हितों के लिए राजशाही में बदल दिया गया है।

पार्टी में शामिल हुए सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए महतो ने कहा कि गुमला के ऐतिहासिक धरती से आए आप सभी कार्यकर्ताओं का आजसू पार्टी में स्वागत है। राज्य की जनता का पार्टी से कनेक्शन बड़ा है जिसका परिणाम है कि आज राज्य के हर हिस्से से लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। जवाबदेह राजनीति नहीं होने के कारण गुमला आज भी पिछड़ा हुआ है। युवाओं में प्रतिभा होने के बावजूद होने होने अपनी प्रतिभा को दिखाने और निखारने का अवसर नहीं मिल पा रहा है।

कंट्री क्रिकेट क्लब पर राजेश वर्मा गुट का हुआ कब्जा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) के हुए चुनाव में वर्तमान सीसीसी अध्यक्ष राजेश वर्मा 'बॉबी' ने जीत दर्ज करा ली है। बॉबी गुट के सभी 13 उम्मीदवार जीते। वहीं, सुनील कुमार साहू गुट के एक भी उम्मीदवार खाता नहीं खोल सके। सीसीसी के हुए चुनाव में कुल 634 वोट पड़े। अध्यक्ष में बॉबी को 344 और सुनील कुमार साहू को 283 वोट पड़े। इस तरह बॉबी ने 61 वोट से अध्यक्ष पद का चुनाव जीता। सबसे अधिक वोट बॉबी गुट के संजय पांडे को 393 व सबसे कम वोट सुनील कुमार साहू गुट के मो राशिद को 163 मिले। 7 वोट रद्द हुए। 2012 में कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) बनने के बाद पहली बार मतदान के जरिए चुनाव हुआ। इससे पहले अब तक जेएससीए के सदस्य सर्वसम्मति से क्लब के पदाधिकारियों का चुनाव करते थे। वर्तमान सीसीसी अध्यक्ष राजेश वर्मा बॉबी कर रहे थे। वहीं, दूसरे गुट का नेतृत्व सुनील कुमार साहू कर रहे थे। इन दोनों के अलावा 24 प्रत्याशियों ने नामिनेशन किया था, जिनमें से 12 कमेटी मेंबर चुने गए । अध्यक्ष सहित दोनों टीमों से 12-12 सदस्य मैदान में थे।

देखें किस गुट के उम्मीदवार को कितने वोट मिले

राजेश वर्मा 'बॉबी' (344) गुट: अजीत कुमार (274), अर्शे आलम 'पप्पू' (345), भानू प्रताप सिंह (385), गुरुदयाल एस नामधारी (335, इसमें 1 राउंड का काउंट नहीं), इंद्र शेखर (342), नीतिन कुमार सर्राफ (348), पवन कुमार (304), राहुल झा (377), राजीव रंजन 'पिंटू' (337), संजय पांडे (393), सुशील कुमार (325), विशाखा झा (343)।

सुनील कुमार साहू (283) गुट: विभूति भूषण प्रसाद (276), विनय बिहारी (256), दिनेश कुमार 240), जय कुमार सिन्हा (257), मो. राशिद (163), राजदीप सिंह (262), राजेश कुमार शर्मा (246), रुद्रदेव कुमार (224), संजय कुमार विद्रोही (216), शिवेंद्र नाथ दुबे (210), सुनील कुमार सिंह (296), श्वेता बुधिया (289)।

इन्होंने दी बधाई: कंट्री क्रिकेट क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश वर्मा और उनकी टीम को अजय नाथ शाहदेव, देवाशीष चक्रवर्ती ÷पिंटू÷, राजीव बधान, पी एन सिंह, प्रिया ओझा, संजय पांडे, सुरेंद्र कुमार काका, चंचल दत्त भट्टाचार्य, मनोज कुमार, अजीत कुमार, फिरोज दिलावर खान, सुनील कालरा, जितेंद्र सिंह, मो उजैर, मो वसीम सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

आपकी योजना-आपकी सरकार कार्यक्रम को सफल बनाएं : डॉ राकेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस कार्यक्रम की पूर्ण रूप से सफलता के लिए रांची जिला के सभी 18 पंचायतों के सभी पंचायत अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के गांव,टोला एवं मुहल्ले के प्रत्येक जरुरत मंदों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित और मदद करने को कहा है। महतो सोमवार को रांची जिला कांग्रेस कार्यालय में पंचायत अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करें ताकि महागठबंधन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, मंगलवार, 28 नवंबर 2023 | पेज 4

बचरा गुरुद्वारा में आयोजित प्रकाश उत्सव में शामिल हुई विधायक अंबा प्रसाद

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा गुरूद्वारा परिसर में आयोजित 554वें प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई।इस अवसर पर विधायक ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक कर राज्यवासियों की सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर विधायक ने समस्त सिख समुदाय एवं देश के लोगो को गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी।विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आज का दिन पवित्र दिन है।आज के दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है।वैसे तो कई मौकों पर इस परिसर में आने का मौका मिला,लेकिन आज का दिन हमसभी के लिए काफी विशेष दिन है।क्योंकि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुग्रंथ साहिब की स्थापना स्थल पर मुझे मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।विधायक ने कहा कि आज बहुत कुछ बोलने का नहीं बल्कि सुनने का दिन है। इस परिसर में आज बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित हुए हैं।इस अवसर पर पिपरवार क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता,मंगल सिंह, अनिल सोनी,बैजू सिंह,संतोष यादव,रामनन्दन राम,निर्मल सिंह,तेजनाथ महतो,उमेश यादव,बसंत गुप्ता,बल्लू सिंह, प्रेम गुप्ता,फुलेश्वर महतो, पवन गुप्ता सहित बचरा गुरुद्वारा कमेटी के लोग उपस्थित थे।

ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी कौंसिल ने आम्रपाली जीएम को सौंपा मांगपत्र

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता): ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी काउंसिल द्वारा आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपा।काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व मे एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंद्रह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।इस दौरान जीएम अमरेश कुमार सिंह ने जल्द ही एजेंडा मीटिंग आयोजित कर उक्त मांगों को निराकरण करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर प्रबंधन? कि ओर से कार्मिक प्रबंधक अनूप कुमार भगत,काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, मगध संघमित्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार,अश्विनी गंझु,क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार बेदिया,संतोष कुमार पासवान,जितन गंझू,विजय सोरेन,राहुल कुमार,अमित राणा सहित कांउसिल के कई लोग मौजुद थे।ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व काउंसिल के द्वारा मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक को भी 18 सूत्री मांग पत्र सोपा गया है।

केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी किसान विरोधी एवं राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी महापड़ाव

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड राजभवन के समक्ष संयुक्त किसान मोर्चा एवं केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्रत फेडरेशन मंच झारखंड के तत्वावधान में देशव्यापी एतिहासिक किसान - मजदूर महापड़ाव का दूसरा दिन जारी। वक्ताओं ने कहा दिल्ली वाडर में 13 माह चले किसान आन्दोलन ,750 किसानों की शहादत के बाद तीनों कृषि कानून रद्द करते हुए मोदी सरकार ने तीन माह के अन्दर किसानों के लिए धान सहित अन्य फसलों के दाम का कानून बनाने के लिखित आश्वासन के साल भर बीत जाने के बाद भी एम,एस, पी,का कानून नहीं बना,चार लेबर कोड रद्द नहीं हुआ, किसान आन्दोलन के दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिया, महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण कारपोरेटीकरण तेजी से बढ़ रहा है। मोदी हटाओ देश बचाओ का आव्हान किया गया।

एक्यूप्रेसर परिषद झारखंड शाखा द्वारा शिविर आयोजित

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): एक्यूप्रेसर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे के तत्वाधान में धुर्वा गायत्री शक्ति पीठ व गायत्री प्रज्ञा पीठ में एक्यूप्रेसर शिविर लगाया गया । शिविर का उद्घाटन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रकाश वर्णवाल व प्रदेश सचिव डॉ मधुसूदन पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से गायत्री मंत्रोच्चार के साथ किया गया । शिविर में शुगर, थायराइड, गाठिया, बी पी, कमर दर्द, घुटना दर्द ,लकवा एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित लगभग 200 मरीज का मुफ्त इलाज किया गया । डॉ वर्णवाल ने बताया तन के शुद्धि एक्यूप्रेसर व मन की शुद्धि गायत्री मंत्र से होता है । मौके पर डॉ संजय , डॉ उमाशंकर मालाकार ,डॉ बलराम महतो, डॉ महेश प्रजापति ,डॉ निरंजन चौधरी, डॉ लपन कुमारी, डॉ ललिता कुमारी, डॉ पूजा कुमारी, डॉ सरस्वती कुमारी, डॉ रुक्मणि कुमारी ,डॉ नरेश महतो , गायत्री शक्ति पीठ के जॉन प्रभारी जटा शंकर झा, लक्ष्मण मण्डल, अनिता सिन्हा ,पारसनाथ तिवारी दिनेश सिंह व अन्य कई डॉ मौजूद रहें ।

राजनैतिक क्रांति लाना होगा : मोतीलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : टाईगर जयराम महतो की झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति अपने को राजनैतिक पाटी के रुप में स्थापित करने के ऐलान के बाद पुरे प्रदेश में सांगठनिक ढ़ांचा तैयार कर रही है और आगानी लोकसभा व विधान सभा चुनाव में सभी दलों को चुनौती देने आ रही है। उसी संदर्भ में रांची जिला संयोजक मंडली विस्तार पश्चात सोमवार को नामकुम प्रखंड के सभी 23 पंचायत में ग्राम पंचायत स्तर तक कमिटि गठन के उद्देश्य से प्रखंड कमिटि विस्तार बैठक महाबीर कम्पेलेस ,रिंग रोड, मानकी ढ़ीपा में किया गया।बैठक में प्रभारी के रूप में उपस्थित केन्द्रीय सदस्य मोतीलाल महतो ने कहा कि 23 साल के झारखंड में झारखंडी कौन है परिभाषित नही होना , नियोजन में बाहरियों को रखना आम हो गया है। अब सरकार झारखंडियों की CNT/SPT एक्ट में भी छेड़-छाड़ करने जा रही है। जो हम झारखंडी को मिटाने की साजिश है। इससे झारखंड को बचाने की राजनैतिक क्रांति लाना अनिवार्य है और टाईगर जयराम ही एकमात्र विकल्प हैं। मौके पर गोपाल चौधरी,अरविंद मुंडा,संदीप गोप,संठीप कुमार,सुखराम महतो,दिलेश्वर महतो, मुकेश उर्फ मिक्की, जितलाल महतो, निखिल महतो,अमर महतो, अरुण,दिनेश, सरिता देवी,संजू देवी एवं उद्धव चंद्र महतो को प्रखंड संयोजक बनाया गया। बैठक में केन्द्रीय सदस्य सुमित कुमार महतो, देवेन्द्र नाथ महतो, प्रभारी अर्जुन रजवार, योगैश भारती, लखीन्द्र महतो, गोविंद महतो, मंजू देवी, देवेन्द्र नाथ महतो, महाबीर महतो, फलिन्द्र करमाली, राजकुमार, राजकिशोर,मनीराम,सल्लू सांगा,दिनेश खरवार,महेश महतो,सुनिल सिंह, मनोज कच्छप, सम्नी कुमार साव सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थें।

पटेल सेवा संघ ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की मनाई 148 वीं जयन्ती समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोकारो : पटेल सेवा संघ बोकारो सरदार पटेल पब्लिक स्कूल के खेल परिसर में भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148 वी जन्मोत्सव मनाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, उद्घाटनकर्ता, विशिष्ट अतिथि विरंची नारायण, विद्यायक सह मुख्य सचेतक विपक्षी दल, झारखण्ड, डा0 लम्बोदर महतो, विद्यायक, गोमिया, अशोक चौधरी, पूर्व अध्यक्ष बियाड़ा, श्रीमती बबीता कुमारी, उपाध्यक्ष, बोकारो जिला परिषद, श्री सुभाष प्रसाद सिंह, बोकारो जिला भाजपा उपाध्यक्ष, भाजपा उपस्थित थे। दीप प्रज्वलित कर लौह परूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया।

सरदार पटेल पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 एवं कमलापुर के छात्र छात्राओं ने दीप गान, स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भव्य व अविस्मरणीय बनाया। तथा मुख्य अतिथि ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के सपने का भारत बनाने में पटेल सेवा संघ, बोकारो ने समुचित योगदान किया है और सामाजिक उत्थान हेतु संकल्पित रहेगा। इस कार्यक्रम में पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष श्याम नन्दन सिंह एवं महासचिव मुरली मनोहर विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष एन0 के0 सिंह सचिव प्रवीण कुमार, अध्यक्ष शैलेन्द कुमार, आदि गणमान्य लोग उपस्थित हुए। विद्यालय प्राचार्य भरत भूषण सत्यार्थी एवं उपप्राचार्य सुमित कुमार ने संयुक्त रूप से अतिथियों का स्वागत किया।

मंच संचालन श्रीमती डा0 पुर्णिता मनोहर ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में पटेल सेवा संघ के कार्यकारिणी सदस्य श्री राज किशोर सिहं ने धन्यवाद ज्ञापन कर जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन किया ।

ओरमांझी के चकला में सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर ने गरीबों के बीच कंबल वितरण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

ओरमांझी : सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के तत्वावधान में सोमवार को चकला में कबंल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए।जहां विधायक राजेश कच्छप ने आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर द्वारा कबंल वितरण,आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की मदद करना, राहत एवं बचाव कार्य में बढ़ चढ़ कर भाग लेना, लोगों की जान बचाने के लिये रक्तदान शिविर का आयोजित करना, व यातायात नियमों पर आधारित कार्यक्रम करना समिति का सराहनीय कदम है। इस से पहले कार्यक्रम की शुरुआत जनाब मौलाना सनाउल्लाह साहब ने कुरआन मजीद की तिलवत से किया गया। वही सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के स्टेट कन्वीनर सुहैल अख्तर ने सोसायटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के कामों विस्तृत परिचय देते हुए कहा कि हर क़दम स्वच्छता की ओर,स्वास्थ्य शिविर ,पेयजल शिविर,पौधारोपण कार्य क्रम , कंबल वितरण कार्यक्रम, और मानवता के कल्याणकारी योजनाओं पर काम करते हैं। उसके बाद विधायक व अन्य अतिथियों के हाथों कंबल वितरण किया गया। जहाँ 50 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। अंत में अमीर ए मुक़ामी जमाअत इस्लामी हिन्द , यूनिट चकला मोहम्मद इस्राइल अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई गुरुनानक जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार को गुरुनानक देव जी की जयंती धुमधाम के साथ मनाया गया।सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 554 वां जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। गुरु नानक जयंती के अवसर पर बचरा गुरुद्वारा में भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में सिख समुदाय के महिला व पुरुष ने हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया।साथ ही साथ भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया।इस संबंध मे बचरा गुरुद्वारा के ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव जी का 554वा प्रकाशोत्सव संगत के द्वारा धूमधाम से मनाया गया।गुरुपर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को आकर्षक ढंग से फूल मालाओं व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था।प्रकाश पर्व को लेकर कई दिन से चल रहे सहज पाठ की समाप्ति के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।वही लंगर कार्यक्रम मे हजारो की संख्या मे लोग शामिल हुए।इधर प्रकाश पर्व को लेकर बचरा गुरुद्वारा में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भी कार्यक्रम पेश किया गया।इस मौके पर पिपरवार एजीएम निरंजन सेनापति,मोहनलाल सिंह, नागेन्द्र राम,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह,कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह,विनय कुमार सिहं,बिनोद सिंह, प्रधान निर्मल सिंह,सुखदेव सिंह,ग्रंथी कुलदीप सिंह, अमन मेहरा,इन्दर सिंह, पृथ्वीपाल सिंह,कलवंत सिंह, गुरजीत सिंह,बक्सी सिंह, सेवा सिंह,प्रताप सिंह, गुरजीत सिंह,राजेन्द्र सिंह, अमनदीप सिंह,दिलबाग सिंह,कमलजीत सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

विस्थापितों और वेदांता के सुरक्षा कर्मियों में झड़प चले लाठी डंडे, पत्थरबाजी, कई लोग हुए घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोकारो : चंदनकियारी स्थित ई एस एल स्टील लिमिटेड के फाटक पर विस्थापितों द्वारा 13 सुत्री मांग को लेकर विस्थापित आंदोलनरत थे। मुआवजा और नौकरी को लेकर एक तरफ विस्थापित आंदोलन कर रहे थे वहीं वेदांत के सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो गई जिसके बाद लाठी डंडे और जमकर पत्थर बाजी चली इस पत्थर बाजी और चली लाठी डंटे में कई लोग घायल हो गए। आंदोलन को साझा करते हुए वेदांता ग्रुप की कंपनी, ई एस एल स्टील लिमिटेड के वक्तव्य ने कहा है की ई एस एल स्टील लिमिटेड, जो वेदांता ग्रुप की कंपनी है , कानून का पालन करने वाली और नैतिक रूप से अनुपालक संगठन है।

ई एस एल स्टील हमेशा से अपनी उपस्थिति वाले क्षेत्रों में समाज और समुदाय के लाभ और कल्याण के लिए निरंतर काम करती रही है और करती रहेगी। 13 जून, 2023 को ईएसएल, जे बी के एस एस और थाना प्रभारी, सियालजोरी/ बंगदिया के बीच त्रिपक्षीय चर्चा के सभी 13 बिन्दुओं में से 90त्न का सौहार्दपूर्ण समाधान हो गया है। इस्पात कारखाने के निर्माण के लिए जिन लोगों ने अपनी-अपनी जमीन दी थी, उनमें से हर एक को पर्याप्त और न्यायोचित रूप से क्षतिपूर्ति कर दी गई है।

कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त समय लगाया कि कारखाने की स्थापना के लिए अपनी जमीन दान करने वाला एक अकेला व्यक्ति भी छूट नहीं जाए। यदि कोई मामला बचा रह गया होगा, तो समझौते के अनुसार उसका निपटारा कर दिया जाएगा।

एक संगठन के रूप में, ई एस एल अपने परिचालन क्षेत्र के आस-पास के सभी समुदायों की भलाई के प्रति वचनबद्ध हैं। लेकिन स्थानीय लोगों ने कानून को अपने हाथों में ले लिया है। वे राज्य सरकार की पुलिस और हमारी सुरक्षा कर्मचारियों पर पत्थरबाजी कर रहे हैं और उन पर डंडों तथा पत्थरों से हमला कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में अनेक पुलिसकर्मी और वेदांता के सुरक्षा कर्मचारी घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने कारखाने के फाटक के बाहर निजी वाहनों और पुलिस वाहनों को भी क्षति पहुँचाई है। हम इस प्रकार के हिंसक कार्यों की कठोर निंदा करते हैं।

न्यु उदयन स्कूल कल्याणपूर में हुई शिक्षक अभिभावकों की बैठक

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर के प्रांगण में सोमवार को विद्यालय प्रबंध समिति शिक्षक एवं अभिभावको की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक मे बच्चो के बीच पठन पाठन से संबंधित कई बातो पर चर्चा की गई।बैठक मे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास,बौद्धिक विकास, हस्तलिखित क्षमता एवं सर्वांगिक विकास को लेकर लिए चर्चा हुई।इस दौरान बैठक में उपस्थित अभिभावक शिक्षक और समिति के लोगों ने स्कूल के बेहतर संचालन के लिए अपना विचार प्रकट किया।इस बैठक मे स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद साहिल, प्राचार्य ताका नारों जमीर सहित स्कूल के सभी शिक्षक अभिभावक और प्रबंध समिति के लोग मौजूद थे।

पिपरवार के कुटकी पुरनाडीह में साप्ताहिक बाजार का हुआ शुभारंभ

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कुटकी पुरनाडीह में रविवार साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव औए बेंती मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बाजार का उदघाटन किया।इस संबंध मे जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ने कहा कि इस क्षेत्र में रविवार को बाजार के लिए काफी दूर जाना पड़ता था,इसको देखते हुए पुरनाडीह में रविवार को साप्ताहिक बाजार की शुरुआत किया गया है।अब घर के नजदीक बाजार लगने से लोगो को सुविधा मिलेगी।इस मौके पर वार्ड सदस्य विशुन उरांव,सुनिल उरांव, रामविलास भोगता,पुनित उरांव,संतोष उरांव,रुपलाल उरांव,सागर उरांव,जयपाल, नागेश्वर,विनय,निर्मल,बुधा उरांव,राजेश गंदुवा,धनंजय उरांव,संजय,कुलदीप, नारायण शंकर शहीद कई लोग मौजूद थे।

खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन की कार्रवाई तेज

खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला अंतर्गत खनिज संपदा के अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा अभियान तीव्र कर दिया गया है। अनुमंडल दंडाधिकारी अनिकेत सचान द्वारा जरियागढ थाना क्षेत्र के कौवा मोड़ के समीप औचक निरीक्षण के दौरान अवैध बालू से भरे तीन हाईवा को बालू सहित जब्त किया गया। वहीं बालू लोड एक अन्य हाईवा को लेकर चालक भाग जाने में सफल रहा। जब्त वाहनों को जरियागढ़ थाना को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो में नहीं है सुई सिरिंज, विधायक ने लगायी फटकार

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं हैं सुई सिरिंच। मरीजों को बाहर दूकान से खरीदना पड़ रहा है। प्रखंड के कराँजी गांव निवासी मो0 सनाउल्ला की पत्नी को कुता रविवार को कुता ने काट लिया। जिसे लेकर सोमवार को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो इंजेक्शन के लिए गये। सनाउल्ला ने पर्ची कटाकर डॉक्टर को दिखाया। डॉ0 ने इंजेक्शन लिखा, जिसे लेकर दवा काउंटर में गये। कांउटर में मौजुद कर्मी यासिर अराफात ने बोला कि सुई का सिरिंच बाहर से लाना होगा। इस मौके पर उपस्थित पत्रकार ने कांउटर में उपस्थित स्वास्थ्य केन्द्र कर्मी यासिर अराफात और अमित मिंज से जब सिरिंच के बारे में जानकारी लिये तो उन्होने कहा कि कुता काटने वाले सुई का सिरिंच समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं है। हमलोग मरीज से ही सिरिंच मंगाकर सुई देते हैं। इसबीच अमित मिंज ने कहा जिसको खबर करना है कर दिजए। तभी पत्रकार सहबान अंसारी ने मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को दुरभाष में जानकारी दिया। विधायक ने फोन से स्वास्थ्य केन्द्र कर्मी अमित मिंज को फटकार लगते हुए सिरिंच का व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

चमघाटी पसराडिपा में शिवमंदिर निर्माण का भूमि पूजन संपन्न

अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): चमघाटी पसरा डीपा में शिवमंदिर का निर्माण हेतु भूमि पूजन बबलू पंडित और गाँव के प्रधान रामधन पाहन ने किया । मौके पर आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा शिव मंदिर बनने से लोगों में आस्था बढ़ेगी और समाज में शिवभक्तों की संख्या में बढ़ोतरी होगी जिससे समाज के लोगों में जागरूकता आयेगी क्योंकि शिव की पूजा पाठ करने से मन शांत और प्रसन्न रहता है इसलिए सभी को करना चाहिए । इस मौके पर पारसनाथ उराँव कहा मंदिर बनाने में मेरा बढ़ चढ़कर योगदान रहेगा जिससे मंदिर निर्माण जल्द से जल्द हो । मौके पर भूमि दाता रतिलाल सिंह वा पत्नी रीता देवी भूमि पूजन कर कलश स्थापना किये । जिसमें उपस्थित हुवे उमेश महतो,पुशराम चौधरी,अर्जुन बेदिया,उमेश चौधरी,लछु महतो,सहजनाथ चौधरी,सोना देवी,पुष्पा देवी,चरकी देवी,रेखा कुमारी,सुषमा देवी, आदि तामाम महिला पुरूष उपस्थित रहे, ।

कांग्रेस सहित मंगल सेना के युवाओं ने विधायक बेरमो का हर्षोल्लास मनाया जन्मदिन

बोकारो (प्रभात मंत्र संवाददाता): बेरमो विधानसभा के लोकप्रिय युवा विधायक कुमार जय मंगल (अनुप सिंह) के जन्मदिन पर बेरमो विधानसभा क्षेत्र, कांग्रेस कमिटी,जरीडीह एवं जय मंगल सेना ने केक काटकर खुशी मनाई ओर ईश्वर से कामना करते हुए कहा की मां भगवती की कृपा विधायक पर सदैव बनी रहें उत्तम स्वस्थ, दिर्घायु जीवन, मुस्कुराते चेहरे की शुभ् दर्शन हम-सभी को मिलते रहे।दूखित,पीड़ित,असहाय,लाचार एवं गरीब, किसान,मजदूरों की सेवा में आप हमेशा से तत्पर थे,तत्पर हैं और तत्पर रहेंगे यही कामनाएं करता हूं। मौके पर तांतरी उत्तरी पंचायत के प्रसिद्ध , प्रतिष्ठित, लोकप्रिय व यशस्वी पूर्व मुखिया, विधायक प्रतिनिधि सह प्रदेश प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल,वरिय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुखिया बांधडीह उत्तरी पंचायत के राजु तिवारी, प्रखंड महासचिव अविनाश माधव,उत्तरी मंडल कमिटी अध्यक्ष अमर मिश्रा , कांग्रेस कमिटी जरीडीह,जैना पंचायत अध्यक्ष केडी रितेश मिश्रा ,सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष निवास कुमार , बोकारो जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण जिला महासचिव सुबोध कुमार मिश्रा, सनत कुमार मिश्रा,जय मंगल सेना के समस्त पदाधिकारीगण एवं कांग्रेस कमिटी,जरीडीह,के सम्मानित युवा साथी गण के साथ संयुक्त रुप से केक काटकर विधायक कुमार जय मंगल (अनुप सिंह) के जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बोकारो कांग्रेस जिला के सम्मानित पदाधिकारी,जरीडीह प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारी एवं जय मंगल सेना के युवा सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

प्रकाशोत्सव पर गम्हरिया गुरुद्वारा में कई कार्यक्रम का आयोजन

गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिख समुदाय के प्रथम गुरु गुरुनानक जयंती के 554वें प्रकाशोत्सव पर गम्हरिया गुरुद्वारा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आयोजित इस प्रकाशोत्सव में काफी संख्या में सिख समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वप्रथम विगत दो दिनों से चले आ रहे गुरुग्रंथ साहिब पाठ का समापन किया गया। तत्पश्चात, समाज के लोगों ने अरदास कर गुरुनानक देव से आशीष ग्रहण किया। इस मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। इसके आयोजन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह, सिख नौजवान सभा के प्रधान सरदार जगत सिंह, स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी राजिंदर कौर, राजबीर सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरुदेव सिंह, सुखबीर सिंह, तेजवीर सिंह, भूपिंदर सिंह, अवतार सिंह, नवदीप सिंह, जस्सा सिंह, साहेब सिंह, कमलजीत सिंह, बब्बू भाटिया, जग्गी सिंह, राहुल सिंह आदि का प्रमुख योगदान रहा।

पावानपुर में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में सालगाडीह की टीम बनी विजेता

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा प्रखंड के पावानपुर गांव में सोमवार को पीआरएमएम क्लब द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि के तौर पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार एवं विशिष्ट अतिथियों में जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन उपस्थित थे। टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 16 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में विजेता टीम सालगाडीह को 21 हजार, उप विजेता जाहेर टोला पावानपुर को 15 हजार, तृतीय स्थान पर रहे सूर्या स्पोर्टिंग एवं चौथें स्थान पर रेम्बो टीम को 10 -10 हजार रुपये देकर कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। रात्रि में संथाली ड्रामा का मंचन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान टीकाराम मुर्मू, मुखिया जामिनि बेसरा, समीर महतो, निर्मल महतो समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

विजय बोस मेमोरियल ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पटमदा का मुकाबला घाटशिला से

जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): उद्धव मिश्रा के ऑलराउंडर प्रदर्शन के दम पर सेमीफाइनल में करनडीह को 3 विकेट से हरा कर पटमदा की टीम फाइनल में प्रवेश किया। जादूगोड़ा के राखा कॉपर मैदान में सोमवार को 16वीं विजय बोस मेमोरियल ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल पटमदा और करनडीह टीम के बीच खेला गया जिसमें 30 ओवरों के मैच में करनडीह की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 10 विकेट पर 100 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पटमदा की टीम 28.3 ओवर में 7 विकेट पर 101 रन बना कर मैच जीत लिया। फाइनल मैच में पटमदा की टीम का खिताबी भिड़ंत घाटशिला के साथ होगा । पटमदा की टीम की ओर से उद्धव मिश्रा (कपिल) ने बल्लेबाज़ी में भी कमाल दिखाते हुए सर्वोधिक 29 रन और मृणाल गोराई ने भी 23 रन की पारी खेला। उद्धव मिश्रा (कपिल) को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

झामुमो नेता अश्विनी कुमार महतो का ब्रेन हेमरेज से निधन, शोक की लहर

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): झामुमो के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार महतो का 50 वर्ष की उम्र में रविवार को असामयिक निधन हो गया। वे पिछले करीब 9 दिनों पूर्व ब्रेन हेमरेज की वजह से अस्पताल में भर्ती कराये गये थे। रविवार को रिम्स अस्पताल, रांची में रात्रि करीब 8 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर है। बंगाल सीमा से सटे पटमदा प्रखंड के सामरजबड़ा गांव निवासी रहे अश्विनी बाबू के शव का सोमवार की सुबह गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके एकमात्र पुत्र ने मुखाग्नि दी। रिश्ते में उनके चाचा झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आनंदमय महतो का कहना है कि मेधावी छात्र रहे अश्विनी स्नातक (विज्ञान) की पढ़ाई कर चुके थे। उनके पिता एक साधारण किसान थे और वे गरीबी के कारण कठिनाइयों का सामना करते हुए जमशेदपुर में रहकर पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने जिंदगी में काफी संघर्ष किया और अपनी पहचान बनाई। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए जिसमे मुख्य रूप से जिप सदस्य खगेन चंद्र महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, पूर्व अध्यक्ष समीर महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, आनंदमय महतो, फटीक महतो, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, राष्ट्र शहीद सम्मान सम्मान समिति के अध्यक्ष छुटुलाल महतो, सचिव भीष्मनाथ महतो, प्रबोध कुमार महतो, आदित्य महतो, बनकुंचिया पंचायत के मुखिया गुरूचरण हेंब्रम एवं सुदीप महतो आदि शामिल हुए।

देवघर में कुनामी सोहराय के मौके पर मेला का आयोजन

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत एनएच 33 के किनारे देवघर गांव में कार्तिक पूर्णिमा (कुनामी सोहराय) के शुभ अवसर पर देश बांधना गोरु खुंटाऊ (बैल नाच) एवं सोहराय गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता महाबीर मुर्मू ने पुरस्कार वितरण किया। बैल नाच में प्रथम - रामचंद्र मुर्मू के बैल को, दूसरा - बबलू टुडू, तीसरा - दिलीप मुर्मू एवं चौथा प्राइज- चुनू मुर्मू (देवघर)को मिला। चरवाहा बीर प्राइज- गुरुथन हांसदा, गुमीर सिंह, दिलीप मुर्मू, चेतन मुर्मू व बिमल मुर्मू को मिला। इस अवसर पर मुख्य रूप से माझी बाबा सिमल मुर्मू, बृधान सोरेन, सुनाराम मुर्मू, ठकरा मुर्मू , विष्णु मुर्मू, सूरज गौड़, मनोज तांती, प्रतीक दिनकर, रॉकी सिंह, करण कालिंदी व हरिनाथ पंडित आदि मौजूद थे।

जमशेदपुर में श्रद्धा भाव से मनाया गया गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व

नगरकीर्तन में सिख संगत उमड़ी सड़कों पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर में सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 554वें प्रकाशपर्व बड़े श्रध्दाभाव से मनाया गया। पालकी साहिब में विराजमान गुरु ग्रन्थ साहिब के दर्शन कर माथा टेकने के श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सोमवार को बिस्टुपुर के जी टाउन गुरुद्वारा साहिब से ठीक साढ़े ग्यारह बजे नगरकीर्तन प्रस्थान से पूर्व ग्रंथी ने सिख संगत की उपस्थिति में अरदास की। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के पदाधिकारी समेत जिला प्रशासन के अधिकारी और कोल्हान के विभिन्न विधायक भी इस अवसर पर मौजूद रहे। निर्धारित रूट अनुसार सुबह बिष्टुपुर गुरुद्वारा से भव्य नगरकीर्तन एन रोड से होते हुए बिस्टुपुर मेन रोड से बिस्टुपुर गोलचक्कर होते आए जुस्को ऑफिस के सामने से कीनन स्टेडियम, स्ट्रेट माइल रोड और साकची गोलचक्कर होते हुए साकची गुरुद्वारा में जाकर समाप्त हुआ। सभी गुरुद्वारों में शब्द-कीर्तन का विशेष आयोजन हुआ साथ ही इस शुभ अवसर पर शहर के सभी गुरुद्वारों में अटूट लंगर की व्यवस्था की गयी थी। नगर कीर्तन के दौरान पालकी साहिब का स्वागत के लिए पुरे मार्ग में लगभग 35 सजावटी तोरण द्वार लगाए गए थे। पुरे नगरकीर्तन के ट्रैफिक की जिम्मेदारी सेंट्रल सिंह नौजवान सभा प्रधान अमरीक सिंह के नेतृत्व में कर रही थी। विभिन्न जत्थे क्रमानुसार 1 घुड़सवार, 2 गतका पार्टी (मानगो, साकची, टूइलाडुंगरी), 3 निहंग जत्थेबंदी, 4 टर्बन बैंक, 5 सिख विजडम, 6 विभिन्न स्कूल, 7 सीजीपीसी, 8 जाग्रति मंच, 9 अकाली दल, 10 पालकी साहिब, 11 स्त्री सत्संग सभा, 12 सफाई टीम नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे । जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से संगत के लिए शौचालय की भी व्यवस्था की गयी थी ।

नगर कीर्तन में शामिल हुए कांग्रेसी, लोगों को दी शुभकामनाएं

जमशेदपुर : जमशेदपुर सीजीपीसी के तत्वावधान में गुरुनानक जयन्ती पर निकले नगर कीर्तन में जिला कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में शामिल हुए। आनन्द बिहारी दुबे ने पंच प्यारे का स्वागत किया तथा नगर कीर्तन रथ में शामिल गुरूग्रन्थ साहब पर मत्था टेका एवं प्रसाद ग्रहण किया। जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नगर कीर्तन में शामिल लोगों को बधाई एवं शुभकामना दिया। नगर कीर्तन में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव के के शुक्ल, संजय यादव, संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष, बिरेंद्रपाण्डेय, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, गुरदीप सिंह, दुर्गा प्रसाद, अशोक सिंह क्रांतिकारी, चरणपाल सिंह, रंजीत सिंह, नलिनी सिन्हा, धीरज कुमार, त्रिनाथ, सन्नी सिंह, प्रशेनजीत सेन, नसीम अंसारी, कुमार गौरव, गुरूपदो गोराई शामिल हुए।

खालसा क्लब ने की संगत की सेवा

जमशेदपुर : बिष्टुपुर खालसा क्लब की ओर से नगर कीर्तन में शामिल स्कूली बच्चों के बीच बिस्किट एवं पेयजल की सेवा की गई। क्लब की ओर से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की सवारी को रुमाला अंग वस्त्र एवं मिष्ठान प्रसाद ट्रस्टी सरदार संता सिंह, प्रधान भगवंत सिंह रूबी, महासचिव नरेन्द्र सिंह, सचिव कुलविंदर सिंह भेंट किए। इस मौके उपाध्यक्ष जतिंदर सिंह बब्बू, ऑडिटर गुरमीत सिंह लाडी, सुरिंदर सिंह, सरबजीत सिंह लाली, मनजीत सिंह, निहाल सिंह, सरबजीत सिंह, भगवंत सिंह, एचएस बेदी, सतवरण सिंह, दलजीत सिंह आदि ने सेवाएं दीं।

आपकी योजनायें, अपनी योजनाओं को जानें

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से राज्य की बालिकाएं हो रही है आत्मनिर्भर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य राज्य की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत, कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं को कुल रू 20,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं 18-19 वर्ष की आयु होने पर छात्राओं को एकमुश्त रू 20,000 दी जाती है। इस योजना के तहत कुल रू40,000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है। यह योजना बाल विवाह प्रथा पर रोक लगाने में अहम भूमिका निभाती है और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाता है। योजना के अंतर्गत ड्रॉप आउट किशोरियों को स्कूल,कॉलेज से जोड़ने की भी विशेष पहल की जाती है।

योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया

क्षेत्र अन्तर्गत सीधे अथवा आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करना होगा।

योजना का कार्यान्वयन

बाल विकास परियोजना के संबंधित महिला पर्यवेक्षिका द्वारा लाभार्थी का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। योग्य पाये जाने पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा लाभार्थियों का आवेदन अपनी अनुशंसा के साथ संबंधित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों की समीक्षा के पश्चात स्वीकृति प्रदान की जाएगी। स्वीकृति मिलने पर लाभुक के बैंक खाते में राशि भेजा जाएगी।

योजना के लाभार्थी

सरकारी तथा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और राइट टू एजुकेशन के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाली सभी किशोरियां योजना के लाभार्थी होंगी।

योजना की पात्रता

- ✦माता/पिता आयकर दाता नहीं हो।
- ✦बालिका का जन्म प्रमाण पत्र हो, जिसकी छायाप्रति संगलन करना अनिवार्य होगा
- ✦बालिका एवं उनके माता का आधार प्रमाण-पत्र उपलब्ध हो, जिसकी छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा
- ✦बालिका का बैंक / पोस्ट ऑफिस में खाता हो, जिसकी छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा
- ✦माता/पिता केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में स्थायी रूप से नियोजित या सेवानिवृत्त नहीं होने चाहिए।
- ✦18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी का नाम उस कैलेण्डर वर्ष के 01 जनवरी अथवा उसके पश्चात् पुनरीक्षित झारखण्ड राज्य की मतदाता सूची में पंजीकृत होना चाहिए।

यह मिलेगा लाभ

- ✦कक्षा 8वीं में रू2,500
- ✦कक्षा 9वीं में रू2,500
- ✦कक्षा 10वीं में रू5,000
- ✦कक्षा 11वीं में रू5,000
- ✦कक्षा 12वीं में रू5,000
- ✦18-19 वर्ष की आयु की किशोरी को एकमुश्त रू20,000 अनुदान

कांग्रेस सेवादल महिला विंग कमिटी में जिला सचिव पर रेणू मिश्रा का नाम प्रस्तावित

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्वी सिंहभूम सेवादल कांग्रेस महिला विंग का एक कार्यक्रम मानगो में सेवादल कांग्रेस महिला विंग की संगठक रीता शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें संगठनात्मक सशक्तिकरण के तहत जिला सेवादल महिला विंग को मजबूत बनाने हेतू जिला कांग्रेस सेवादल महिला विंग कमिटी में जिला सचिव के पद पर रेणू मिश्रा के नाम को प्रस्तावित किया गया।

राबिया एजुकेशनल सोसायटी का कंबल वितरण कार्यक्रम

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): आज ओल्ड पुरुलिया रोड ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ऑफिस में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राबिया एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन समाजसेवी जावेद अख्तर खान और आजादनगर थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार सिंह,टाटानगर जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान,एमजीएम मेडिकल कॉलेज से रिटायर्ड जमील असगर, विशिष्ठ अतिथि के तौर पर नागालैंड से आईं दुर्गा शर्मा एवं रीता पात्रों जो मिराकी एनजीओ के सेक्रेटरी भी खास तौर पर उपस्थित थी।

कार्तिक पूर्णिमा पर वैतरणी नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जैंतगढ़ चंपुआ के पवित्र वैतरणी नदी स्थित रामतीर्थ नदी तट पर हजारों श्रद्धलुओं ने डुबकी लगाई और गरीबों को दान किया। कामना के लिए उड़िया समाज के लोग सुबह ही वैतरणी नदी तट पर नजर आए तो एक बार फिर सदियों पुरानी परंपरा मुस्कुरा उठी। भक्ति के माहौल के बीच समाज के लोगों के आने का क्रम शुरू हुआ और देखते-देखते लोगों का जमावड़ा लग गया। इस अवसर पर रामतीर्थ मंदिर कमिटी एवं सत्यजीत प्रधान के परिवार के लोगों ने श्रद्धालुओं को खिचड़ी का भोग बांटा गया।

टाटा स्टील के उपाध्यक्ष डॉ. देबाशीष भट्टाचार्जी धातुकर्म में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित हुए

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (टेक्नोलॉजी एंड आरएंडडी) डॉ. देबाशीष भट्टाचार्जी को टिकाऊ प्रौद्योगिकियों और सामग्रियों के समग्र विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए इस्पात मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय मेटलर्जिस्ट पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है। डॉ. भट्टाचार्जी टिकाऊ प्रौद्योगिकियों में अग्रणी, स्टील्स, कंपोजिट, सिरेमिक और ग्राफीन में नवाचार लाने वाली टीमों का नेतृत्व करते हैं। उनके उल्लेखनीय योगदान में खनिज लाभकारी, हरित हाइड्रोजन, कार्बन कैप्चर और इस्पात निर्माण उप-उत्पादों से मूल्यवान उत्पाद बनाने में नवाचार शामिल हैं। डॉ. भट्टाचार्जी 50 से अधिक सहकर्मी- समीक्षित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल प्रकाशन, 20 से अधिक पेटेंट और 5 सह-लेखक पुस्तकें है जो उद्योग में उनके प्रभाव को रेखांकित करती हैं।

एसएनटीआई में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) का एआईएसआईटी सेमिनार शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा स्टील के सहयोग से द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) जमशेदपुर लोकल सेंटर द्वारा इस्पात उद्योग के लिए विनिर्माण और परिसंपत्ति प्रबंधन में नवाचार और प्रौद्योगिकी पर दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार का आज एसएनटीआई में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर अवनीश गुप्ता, एफआईई (इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के फेलो) और उपाध्यक्ष टीक्यूएम एंड इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स टाटा स्टील और सम्मानित अतिथि के रूप में एनआईटी नागालैंड के निदेशक डॉ. एस वेणुगोपाल उपस्थित हुए।

साथ ही प्रोबल घोष, उपाध्यक्ष, शेयर्ड सर्विसेज टाटा स्टील और इंजीनियर और शिवानंद रॉय, अध्यक्ष, आईईआई उपस्थित थे। सेमिनार का उद्देश्य एक साझा मंच प्रदान करना और शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, औद्योगिक प्रैक्टिसिंग इंजीनियरों, छात्रों और ओईएम को एक साथ लाना है ताकि नवीन प्रौद्योगिकियों के बारे में अपने ज्ञान का आदान-प्रदान और साझा किया जा सके और उत्पादकता में सुधार और सतत विकास के लिए नए शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए जा सकें। सेमिनार का विषय इस्पात उद्योगों में उपकरणों के लिए उभरती रखरखाव प्रौद्योगिकी, स्मार्ट विनिर्माण, नवीन उपकरण और टैकल है। सेमिनार में सेल, आर्सेलर मित्तल, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल, विजाग स्टील आदि जैसे प्रमुख इस्पात उद्योगों, आईआईटी और एनआईटी और आर एंड डी संगठनों जैसे शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ इसरो, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी जैसे सरकारी संगठनों सहित कई उद्योगों ने रुचि जगाई है।

संपादकीय

क्रिकेट की अनहोनी

टीम इंडिया 'अजेय चैम्पियन' नहीं बन सकी। एकदिनी क्रिकेट का विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया बना, जो पांच बार इस खिताब को जीत चुका था और फाइनल मुकाबले के दबावों तथा मनोविज्ञान को अच्छी तरह जानता था। टीम इंडिया कई फाइनल मुकाबले खेल चुकी है, लेकिन आखिरी चरण में उसके हाथ-पांव फूलने लगते हैं, नतीजतन 2013 में 'आईसीसी चैम्पियन्स ट्रॉफी' जीतने के बाद आज तक टीम इंडिया कोई विश्व-खिताब नहीं जीत पाई है। बेशक 'विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप' हो या टी-20 मुकाबलों के फाइनल हों, टीम इंडिया की परिणति और नियति 'उपविजेता' वाली हो गई है। बेशक टीम इंडिया ने एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप में 10 लीग मैच और एक सेमीफाइनल मैच एकतरफा और निरंतर जीते थे, लिहाजा 'अजेय' मानना गलत नहीं था। हमने ऑस्ट्रेलिया समेत विश्व की तमाम श्रेष्ठ टीमों को पराजित किया। यह कोई तुक्का नहीं था। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं 'प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट' विराट कोहली (765 रन), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मुहम्मद शमी (24 विकेट) और बुमराह (20 विकेट) और सर्वश्रेष्ठ कप्तान रोहित शर्मा (597 रन) आदि के सम्मान-पुरस्कार भी हमारे हिस्से आए, लेकिन कुछ तो गलत गणनाएं हुई थीं कि हम 'विश्व विजेता' नहीं बन पाए। विश्व के नंबर वन बल्लेबाज आज भी शुभमन गिल हैं और चौथे-पांचवें स्थान पर क्रमशः विराट कोहली और रोहित शर्मा हैं। सिराज आज भी विश्व के नंबर 2 के गेंदबाज हैं। बल्लेबाजों के वर्ग में पहले पांच स्थान पर ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज नहीं है। टीम इंडिया ने विश्व कप में कुल 3160 रन बनाए हैं। यह भी सर्वाधिक हैं। ये कोई सामान्य आंकड़े नहीं हैं। फिर भी सवाल हो सकता है कि फाइनल में रवीन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजी का वह करिश्मा कहां काफूर हो गया, जो पूरे टूर्नामेंट के दौरान आतंक और आश्चर्य बना हुआ था? सवाल हमारी धीमी बल्लेबाजी पर भी स्वाभाविक है, क्योंकि तीन विकेट गिरने के बाद हमारे बल्लेबाजों ने 20 ओवर में सिर्फ 72 रन ही बनाए? खेल के 40 ओवर में एक भी छक्का नहीं लगा। आखिरी 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 43 रन ही बन पाए! सूर्यकुमार यादव अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी साबित नहीं कर पाए। दिलचस्प यह है कि बुमराह और शमी ने 47 रन पर ही ऑस्ट्रेलिया के 3 विकेट उखाड़ दिए थे, लेकिन उसके बाद ट्रेविस हेड (137 रन) और लाबुशेन (नाबाद 58 रन) की शतकीय साझेदारी ने हमारा सपना 'छन' से तोड़ दिया। 'अजेय चैम्पियन' बनने की उम्मीदें और सच भी छीन लिए। आघात जरूर लगा है, लेकिन यह निराशा का वक्त नहीं है। इसकी समीक्षा भी खुद हमारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को करनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। अभी तो हमारी अपनी जमीन पर 'विश्व विजेता' ऑस्ट्रेलिया के साथ टीम इंडिया को टी-20 की सीरीज खेलनी है। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका भी जाना है। 2025 में 'चैम्पियन्स ट्रॉफी' प्रतियोगिता विश्व कप से कमतर नहीं है। यह हमारे खिलाडियों की टांग खींचने का भी वक्त नहीं है। टीम इंडिया के 11 चेहरों ने मैदान पर विलक्षणता दिखाई है और भारत के बारे में बड़ी तस्वीर पेश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि हमें आज भी अपनी टीम पर गर्व है। हम आज भी टीम के साथ हैं और आगे भी रहेंगे। यह खेल-भावना का संदर्भ और सरोकार है। कमोबेश 19 नवम्बर हमारा दिन नहीं था। इस खेल ने यह भावना पेश की है कि भारत समग्रता में एक राष्ट्र है।

टीम इंडिया कई फाइनल मुकाबले खेल चुकी है, लेकिन आखिरी चरण में उसके हाथ-पांव फूलने लगते हैं, नतीजतन 2013 में 'आईसीसी चैम्पियन्स ट्रॉफी' जीतने के बाद आज तक टीम इंडिया कोई विश्व-खिताब नहीं जीत पाई है। बेशक 'विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप' हो या टी-20 मुकाबलों के फाइनल हों, टीम इंडिया की परिणति और नियति 'उपविजेता' वाली हो गई है। बेशक टीम इंडिया ने एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप में 10 लीग मैच और एक सेमीफाइनल मैच एकतरफा और निरंतर जीते थे, लिहाजा 'अजेय' मानना गलत नहीं था। हमने ऑस्ट्रेलिया समेत विश्व की तमाम श्रेष्ठ टीमों को पराजित किया। यह कोई तुक्का नहीं था। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं 'प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट' विराट कोहली (765 रन), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मुहम्मद शमी (24 विकेट) और बुमराह (20 विकेट) और सर्वश्रेष्ठ कप्तान रोहित शर्मा (597 रन) आदि के सम्मान-पुरस्कार भी हमारे हिस्से आए, लेकिन कुछ तो गलत गणनाएं हुई थीं कि हम 'विश्व विजेता' नहीं बन पाए। विश्व के नंबर वन बल्लेबाज आज भी शुभमन गिल हैं और चौथे-पांचवें स्थान पर क्रमश: विराट कोहली और रोहित शर्मा हैं। सिराज आज भी विश्व के नंबर 2 के गेंदबाज हैं। बल्लेबाजों के वर्ग में पहले पांच स्थान पर ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज नहीं है। टीम इंडिया ने विश्व कप में कुल 3160 रन बनाए हैं। यह भी सर्वाधिक हैं। ये कोई सामान्य आंकड़े नहीं हैं। फिर भी सवाल हो सकता है कि फाइनल में रवीन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजी का वह करिश्मा कहां काफूर हो गया, जो पूरे टूर्नामेंट के दौरान आतंक और आश्चर्य बना हुआ था? सवाल हमारी धीमी बल्लेबाजी पर भी स्वाभाविक है

बजाय नकद राशि हस्तांतरण और मुफ्त की स्कीमों की घोषणाएं प्रमुखता से होने लगी हैं

बर्बादी का दूसरा नाम है मुफ्तखोरी

अश्वनी महाजन

चुनाव हमारे लोकतंत्र के उत्सव के रूप में जाने जाते हैं। आजादी के बाद चुनावों की सतत प्रक्रिया के चलते भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रीय देश के रूप में उभरा है। यह समय है राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने चुनाव घोषणापत्रों के माध्यम से मतदाताओं को अपने दलों की नीतियों और प्रस्तावित कार्यक्रमों से अवगत करवाने का। इतिहास में सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने वादों से लुभाने का प्रयत्न करते ही रहे हैं, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ दशक में चुनावी वादों का प्रकार बदला है।

नवंबर 7 से शुरू होकर 30 नवंबर 2023 तक देश के पांच महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव हमारे लोकतंत्र के उत्सव के रूप में जाने जाते हैं। आजादी के बाद चुनावों की सतत प्रक्रिया के चलते भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रीय देश के रूप में उभरा है। यह समय है राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने चुनाव घोषणापत्रों के माध्यम से मतदाताओं को अपने दलों की नीतियों और प्रस्तावित कार्यक्रमों से अवगत करवाने का। इतिहास में सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने वादों से लुभाने का प्रयत्न करते ही रहे हैं, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ दशक में चुनावी वादों का प्रकार बदला है। इन वादों में नीतियों और कार्यक्रमों की बजाय नकद राशि हस्तांतरण और मुफ्त की स्कीमों की घोषणाएं प्रमुखता से होने लगी हैं। महिलाओं, किसानों, विद्यार्थियों और कई बार अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्गों को नकद हस्तांतरण, समस्त जनता को मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा समेत कई मुफ्तखोरी की स्कीमों की घोषणाएं अब एक आम बात हो गई है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने किसानों के कर्ज माफ करने के अलावा मुफ्त बिजली, गैस सिलेंडर की सब्सिडी, महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह, युवाओं को 3000 रुपए बेरोजगारी भत्ते के अलावा कई अन्य मुफ्त की स्कीमों की घोषणा की है। इसी प्रकार की घोषणाएं अलग-अलग राजनीतिक दलों द्वारा की गई हैं। मतदाताओं को रिझाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में विचार करने का विषय है कि क्या यह हमारे लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है। क्या हमारी सरकारें इन मुफ्त स्कीमों के लिए धन जुटा पाएंगी? कहीं राज्य सरकारों पर कर्ज का बोझ तो नहीं बढ़ जाएगा? इन मुफ्त की योजनाओं का सरकारी योजनाओं, सामाजिक क्षेत्रों पर खर्च और उनके स्तर पर इनका क्या प्रभाव पड़ेगा? इन सभी प्रश्नों पर विचार करना जरूरी हो गया है।

अन्य देशों के उदाहरण : दुनिया के कई देशों में मुफ्तखोरी के कारण सरकारी कर्ज के बढ़ने और कई देशों के तो उसके कारण बर्बाद होने के भी कई उदाहरण मिलते हैं। वेनेजुएला और श्रीलंका इत्यादि के उदाहरणों से पता चलता है कि उन जैसे धनाढय देश भी मुफ्तखोरी की गलत आर्थिक नीतियों के चलते गरीब देशों से भी बदतर हालत में पहुंच सकते हैं, तो पाकिस्तान सरीखे विकासशील देशों की बिसात ही क्या है। वर्तमान में कल्याणकारी राज्य के नाम पर मुफ्त की स्कीमों के कारण कई

अमीर देशों की भी एक लंबी सूची है, जो आज भारी कर्ज में डूबे हुए हैं और अब वे इन स्कीमों को चलाने में सक्षम नहीं हैं।

राज्यों पर बढ़ता कर्ज : लेकिन मुफ्तखोरी की यह बीमारी अब भारत के कई राज्यों में फैलती जा रही है। इस माह होने वाले चुनावों में तो राजनीतिक दलों ने मुफ्तखोरी की योजनाओं की घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। मुफ्त बिजली, मुफ्त यातायात, महिलाओं को अनुदान राशि, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता इत्यादि के साथ-साथ मुफ्त वाहन और कई अन्य मुफ्तखोरी की स्कीमों के बारे में हम रोज सुन रहे हैं। कुछ समय पहले भारतीय रिजर्व बैंक और भारत के महालेखाकार एवं अंकेक्षक (कैग) ने अपनी-अपनी रिपोर्टों में मुफ्तखोरी के कारण राज्यों पर बढ़ते कर्ज के बारे में आंकड़े प्रकाशित किए हैं और यह चिंता व्यक्त की है कि जहां-जहां मुफ्तखोरी की स्कीमें ज्यादा चल रही हैं, वहीं-वहीं पर राज्यों पर कर्ज भी बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि एफआरबीएम अधिनियम के अनुसार किसी भी राज्य में ऋण-जीएसडीपी (राज्य का सकल घरेलू उत्पाद) का लक्षित अनुपात 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। लेकिन कैग का कहना है कि देश के अधिकांश राज्यों में यह अनुपात इस लक्षित अनुपात से कहीं ज्यादा है। पंजाब में यह 48.98 प्रतिशत, राजस्थान में 42.37 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 37.39 प्रतिशत, बिहार में 36.73 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 35.30 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 31.53 प्रतिशत, तेलंगाना में 27.80 प्रतिशत, तमिलनाडु में 27.27 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 26.47 प्रतिशत तक पहुंच गया है। और यदि राज्य के सरकारी उद्यमों और राज्य सरकार द्वारा दी गई गारंटियों को भी शामिल कर लिया जाए तो 2020-21 तक राजस्थान में ऋण जीएसडीपी अनुपात 54.94 प्रतिशत और पंजाब में तो यह 58.21 प्रतिशत तक पहुंच चुका था। आंध्र प्रदेश में भी यह 53.77 प्रतिशत आकलित किया गया है। इसके बाद तेलंगाना में यह 47.89 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 47.13 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। पश्चिम बंगाल और बिहार में भी यह क्रमशः 40.35 प्रतिशत और 40.51 प्रतिशत है और तमिलनाडु में यह 39.94 प्रतिशत है। कैग का यह भी कहना है कि राज्यों का कर्ज लक्षित अनुपात की तुलना में लगातार बढ़ता जा रहा है। यह राज्यों के लिए ही नहीं, देश के लिए भी चिंता का विषय है। आंध्र प्रदेश के बारे में रिजर्व बैंक का कहना है कि पंजाब के बाद आंध्र प्रदेश मुफ्त की योजनाओं पर खर्च करने वाला देश का दूसरा ऐसा राज्य है। गौरतलब है कि पंजाब में कुल कर राजस्व का 45.5 प्रतिशत मुफ्त की योजनाओं पर खर्च होता है और आंध्र प्रदेश में 30.3 प्रतिशत। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की बात करें तो पंजाब में राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 2.7 प्रतिशत मुफ्त की योजनाओं में खर्च होता है तो आंध्र प्रदेश में 2.1 प्रतिशत। इसके अलावा मध्य प्रदेश में सब्सिडी पर खर्च कर राजस्व का 28.8 प्रतिशत, झारखंड में यह 26.7 प्रतिशत है। गौरतलब है कि कैग के आकलन के अनुसार उन राज्यों पर कर्ज ज्यादा है, जहां मुफ्त की स्कीमों पर ज्यादा खर्च किया जा रहा है। इसमें सबसे ऊपर पंजाब और आंध्र प्रदेश हैं जहां कुल राजस्व का भारी हिस्सा मुफ्त की योजनाओं पर खर्च होता है। आंध्र प्रदेश के अलावा दक्षिण का एक अन्य प्रांत तमिलनाडु है जो मुफ्त की योजनाओं पर खर्च करता है।

जरूरी मदों पर खर्च में कटौती : जब कोई प्रांत मुफ्त की स्कीमों पर अपने कर राजस्व का इतना बड़ा हिस्सा खर्च कर देता है तो स्वाभाविक रूप से आवश्यक सेवाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर पर उसका पूंजीगत खर्च कम हो जाता है। राज्य सरकार पर कर्ज बढ़ता चला जाता है, जिसके चलते भविष्य में भी सामाजिक सेवाओं जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ यातायात और अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। किसी भी राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि उसमें निवेश बढ़े। इन्फ्रास्ट्रक्चर के अभाव में निवेश प्रभावित होता है और उसके कारण राज्य का विकास भी। जरूरी है कि राज्यों द्वारा दी जा रही मुफ्त की स्कीमों पर अंकुश लगाकर देश के विकास को गति दी जाए।

रेटिंग पर भी असर : हमें समझना होगा कि भारत राज्यों का एक संघ है, इसलिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार दोनों के ऋण मिलाकर संपूर्ण सरकार के ऋण माने जाते हैं।

चंदरेयां नोटां ने मेरा चन्न परदेसी कीता

गांव-मुहल्ले में गिना-चुना सैनिक, इंजीनियर, रेलवे, कारखाने तथा फैक्टरी या किसी अन्य व्यवसाय में काम करने वाला व्यक्ति ही बाहर किसी देश तथा प्रदेश में होता था अन्यथा शिक्षक, क्लर्क, सिपाही, फारेस्ट गार्ड, मैकेनिक, कारपेंटर, चपरासी तो लगभग प्रत्येक परिवार में मौजूद रहता था। परिवारों का आकार बड़ा होता था। परिवार में आठ-दस भाई-बहन होना सामान्य था। रोजगार के अवसर उपलब्ध थे, परन्तु बहुत शिक्षित तथा व्यवसाय अनुसार योग्यता पूर्ण करने वाले लोग बहुत कम मिलते थे। बुजुर्ग अपने किसी लाडले पुत्र को अधिक नहीं पढ़ाते थे। उसे घर गृहस्थी, खेती बाड़ी तथा परिवार समाज के व्यवहार की दृष्टि से शिक्षण-प्रशिक्षण देते थे। परिवार में नौकरी करने वाले घर चलाने वाले व्यक्ति तथा उसके परिवार का पूरी तरह से ध्यान रखते।

इस आलेख का शीर्षक आम तौर पर ट्रकों के पीछे लिखा रहता है, क्योंकि ट्रक का ड्राइवर परिवार के भरण पोषण के लिए हमेशा घर से दूर तथा सफर में ही रहता है। लगभग दो-तीन दशक पूर्व यह बात इसलिए समझ नहीं आती थी क्योंकि ज्ञान, अनुभव और समझ भी कम थी। उस समय आबादी भी अधिक नहीं थी तथा गरिमापूर्ण तरीके से भरण-पोषण के अवसर भी मौजूद थे। घर के युवा तथा बड़े अपने गांव-शहर के आसपास ही मौजूद रहते थे। कोई न कोई काम-धंधा तथा नौकरी करने के बाद शाम को या सप्ताह के अंत में घर आ जाते थे। गांव-मुहल्ले में गिना-चुना सैनिक, इंजीनियर, रेलवे, कारखाने तथा फैक्टरी या किसी अन्य व्यवसाय में काम करने वाला व्यक्ति ही बाहर किसी देश तथा प्रदेश में होता था अन्यथा शिक्षक, क्लर्क, सिपाही, फारेस्ट गार्ड, मैकेनिक, कारपेंटर, चपरासी तो लगभग प्रत्येक परिवार में मौजूद रहता था। परिवारों का आकार बड़ा होता था। परिवार में आठ-दस भाई-बहन होना सामान्य था। रोजगार के अवसर उपलब्ध थे, परन्तु बहुत शिक्षित तथा व्यवसाय अनुसार योग्यता पूर्ण करने वाले लोग बहुत कम मिलते थे। बुजुर्ग अपने किसी लाडले पुत्र को अधिक नहीं पढ़ाते थे। उसे घर गृहस्थी, खेती बाड़ी तथा परिवार समाज के व्यवहार की दृष्टि से शिक्षण-प्रशिक्षण देते थे। परिवार में नौकरी करने वाले घर चलाने वाले व्यक्ति तथा उसके परिवार का पूरी तरह से ध्यान रखते। घर के बुजुर्ग भी संवेगात्मक, भावनात्मक, सुरक्षात्मक तथा मनोवैज्ञानिक रूप से सन्तुष्ट रहते। घर-परिवार तथा रिश्तेदारी में सरकारी नौकरी करने वालों की शान ही निराली थी। गांव तथा समाज के लोगों को अपने मित्र-सज्जन, भाई-बन्धु से आशा भी होती थी। सब अवसरों पर नौकरीशुदा व्यक्ति का आदर सम्मान होता था। परिवार, गांव तथा समाज में हर व्यक्ति की पहचान तथा मान-सम्मान था। बहुत अधिक इच्छा, आशा, अपेक्षा तथा पैसे की भूख भी नहीं होती थी। बाहर से कोई परदेसी, अप्रवासी तथा कोई बाहरी व्यक्ति कामकाज के लिए नहीं आता था। दूरसंचार तथा आने-जाने के संसाधन सीमित थे। सरकारी रोजगार के अवसर भी उपलब्ध थे। संसाधनों के अभाव में जीवन कष्टदायक तो था, फिर भी शान्ति, संतुष्टि तथा संतोष था। कुछ दशकों के उपरांत घर-परिवार, समाज, प्रांत, देश तथा विदेश में ऐसी परिवर्तन की हवा चली कि सब कुछ बदल गया। सामाजिक आचार-व्यवहार, साधन, संसाधन, व्यक्ति की सोच तथा व्यवस्थाओं की नीतियों में परिवर्तन हुआ। वैश्विक स्तर पर शिक्षा, आर्थिकी, संसाधन, विज्ञान, संचार, तकनीक, भौतिकवाद नीतियों ने हमारे जीवन में आशातीत परिवर्तन कर दिया। इस परिवर्तन से जहां हमारी जीवन शैली बदल गई, वहीं हम ही अपने से तथा अपनों से ही दूर होते गए। हमारा सामान्य तथा प्राकृतिक जीवन पूरी तरह से परिवर्तित हो गया। परिवार, गांव तथा समाज टूटते तथा बिखरते गए। परिणामस्वरूप नई सोच, नया व्यवहार, नई संस्कृति तथा सभ्यता का जन्म हुआ। हम अपने आप तथा अपने परिवार तक सीमित तथा संकुचित होते गए। सामाजिक तथा सामूहिक सरोकार लगभग समाप्त ही हो गए। हम व्यक्तिवादी, स्वार्थी, सीमित तथा संकुचित हो चुके हैं। चारों ओर छीना-झपटी, अवसरवादिता तथा असंतोष व्याप्त है। खुमार बाराबंकवी का एक शे'र याद आ रहा है : 'चरागों के बदले मकां जल रहे हैं/ नया है जमाना, नई रौशनी है।' वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में हर परिवार में एक या दो बच्चे हैं। छोटे से बड़ा व्यक्ति अपने बच्चों को अच्छी और महंगी शिक्षा देने को प्रयासरत तथा प्रतिबद्ध है। माता-पिता बच्चों की ख्वाहिशें पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। व्यवस्थाओं के प्रयासों से शिक्षा में गुणवत्ता बहुत दूर होती गई। कार्य संस्कृति लगभग समाप्त ही है। सरकारी उपक्रमों में रोजगार उपलब्ध ही नहीं। अगर किसी को मौका मिलता है तो लोग काम नहीं करना चाहते। बहुत ही कम लोग ईमानदारी तथा संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। जो व्यक्ति समर्पित भाव से कार्य करना चाहता है, उसकी कोई पहचान नहीं है। जिम्मेदारी तथा कर्मठता से कार्य करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। जान-पहचान तथा प्रभावशाली व्यक्तियों का बोलबाला हो गया है। रोजगार के अवसर न के बराबर हैं। जहां रोजगार उपलब्ध है, वहां सामान्य रूप से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावशाली व्यक्तियों तथा व्यवस्थाओं का हस्तक्षेप हो ही जाता है। योग्यता को दरकिनार होते देखा जाता है। किसी भी कीमत पर हम अवसरों को हथियाना चाहते हैं। नई पीढ़ी को विषय-विकारों तथा नशों ने घेर रखा है। अच्छी शिक्षा तथा संस्कारों से युक्त कुछ युवा बहुत ही प्रखर, प्रतिभाशाली तथा योग्य हैं। बहुत संस्कारी तथा ज्ञान-ध्यान रखते हैं। महंगी शिक्षा प्राप्त इन योग्य तथा प्रखर बुद्धि से युक्त युवाओं को घर के आसपास रोजगार उपलब्ध नहीं हैं। सरकारों तथा व्यवस्थाओं में उनकी योग्यता, शिक्षा तथा कौशल के मुताबिक वेतन तथा पैकेज देने की क्षमता नहीं है। इसलिए वे अच्छे पैकेज तथा सुख-सुविधाओं के लिए महानगरों या फिर विदेशों का रुख करते हैं। निजी कम्पनियां पैसा अवश्य देती हैं, लेकिन दिन-रात काम लेकर जान निकल कर रख देती हैं। साल-छह महीने के बाद भी छुट्टी नहीं दी जाती। माता-पिता तथा परिजन विवाह, शादियों, शुभ अवसरों तथा तीज-त्योहारों पर अपने लाडलों की प्रतीक्षा करते हैं।

देश दुनीया से

वैश्विक संस्थाएं और विनाशकारी 'खेल'

यह विडंबना है कि जब सारे विश्व को एक स्वर में यह कहने के लिए एकजुट करने की आवश्यकता है कि आतंकवाद को कहीं से कोई समर्थन नहीं दिया जाएगा, तब कथित विश्व मंच के नेता जिहादियों की भाषा में बात कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस आज तक कोई भी युद्ध, तनाव या टकराव रोक तो नहीं सके हैं, लेकिन उन्होंने यह कह कर आग में घी जरूर डाल दिया है कि 'यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि हमास द्वारा किए गए हमले शून्य में नहीं हुए', क्योंकि फिलिस्तीनी '56 वर्ष के दम घुटने वाले कब्जे के अधीन हैं।' इससे एक विश्व संस्था के रूप में संयुक्त राष्ट्र की उपयोगिता संदिग्ध हो गई है। गुटेरेस जैसे व्यक्ति के संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख बने रहने से इसकी अवशेषप्रायः गरिमा भी समाप्त हो जाएगी। एक अपाहिज संस्था के शीर्ष पदाधिकारी भी अगर समझ की दृष्टि से अपाहिज हों, तो ऐसी संस्था विश्व परिस्थिति के लिए पूर्णतः अप्रासंगिक सिद्ध हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र पहले ही उधार का जीवन जी रहा है और अब वह यहां भी दीवालिया होता नजर आ रहा है। वास्तव में 21वीं सदी को अलग और सार्थक वैश्विक संगठन की आवश्यकता है। गुटेरेस का प्रकरण इस दिशा में आगे बढ़ने का एक ठोस आधार और अवसर होना चाहिए। वास्तव में अधिकांश विश्व मंच सिर्फ सैर-सपाटे और राजनीति के अड्डे बन चुके हैं, लगभग सभी का उद्देश्य संदिग्ध हो चुका है और कोई भी किसी के भी प्रति जिम्मेदार नहीं है। उदाहरण के लिए, कोविड महामारी के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ ही नहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन भी बुरी तरह विफल रहा है। जिसे विश्व स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार माना जाता है, वह इस महामारी के दौरान लगातार चीन का बचाव करता रहा। इसके मुखिया ट्रेडोस ए. गेब्रेयेसस ने तो कोरोना के मनुष्य से मनुष्य में नहीं फैलने जैसा बयान भी दिया था, जिसे पूरी दुनिया ने देखा है। रूस-यूक्रेन तो छोड़िए, मध्य पूर्व के सभी युद्धों में संयुक्त राष्ट्र विफल रहा है। लेकिन हमास-इस्राएल युद्ध की स्थिति को गुटेरेस के बयान ने व्यापक संदेहों की ओर खतरनाक ढंग से धकेल दिया है। जो खतरनाक वायरस का राजनीतिक स्वार्थ की दृष्टि से बचाव कर सकता है, वह भविष्य में जैविक शस्त्रों का भी बचाव कर सकता है। जो निर्दोष नागरिकों पर हमास के भयानक आतंकवादी हमले को उचित ठहरा सकता है, वह पाकिस्तानी इस्लामी आतंकवादियों का भी बचाव कर सकता है। ऐसी संस्था तो विश्व शांति और मानवता के लिए एक अभिशाप है। क्या एंटोनियो गुटेरेस को अनुमान है कि युद्ध, आतंकवाद, आम नागरिकों का नरसंहार आदि क्या होता है? क्या 56 वर्ष की बात करने वाले गुटेरेस जानते हैं कि हमास क्या है? क्या अब संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसे भ्रष्ट निजी सैन्य गिरोहों की सत्ता को मान्यता देने के प्रति गंभीर है? अगर गुटेरेस इससे भी अंजान हैं, तो यह और बड़ी विडंबना है, क्योंकि खुद हमास ने इस तथ्य को छिपाने का कभी प्रयास नहीं किया है कि इस्माइल हनीयेह सहित उसके अन्य शीर्ष नेता हमेशा कतर के शानदार पांच सितारा होटलों में रहते हैं और वे न फिलीस्तीन के नेता हैं, न गाजा पट्टी हमास को किसी ईमानदारी का या नेता होने का दिखावा करने की भी परवाह नहीं है। हमास ने जनता के नाम पर मिले दान के पैसों का इस्तेमाल अपने ऐशोआराम और आतंकवाद का सामान जुटाने में किया है। क्या एंटोनियो गुटेरेस को अनुमान है कि उन्होंने क्या किया है? उन्होंने न केवल आम नागरिकों की हत्याओं को उचित ठहराया है, बल्कि नागरिकों का प्रयोग हथियार के रूप में करने को भी जायज ठहराया है। इसके अलावा, आतंकवाद के पक्ष में एक उल्लेखनीय बयान उपलब्ध करा कर उन्होंने इसे कभी न खत्म होने वाली कहानी में भी बदल दिया है। गुटेरेस ने अपना बयान वापस नहीं लिया है। मात्र यह कहा है, 'मेरे कहने का मतलब ये नहीं था कि मैं हमास के हमलों को सही ठहरा रहा हूं..।'

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस आज तक कोई भी युद्ध, तनाव या टकराव रोक तो नहीं सके हैं, लेकिन उन्होंने यह कह कर आग में घी जरूर डाल दिया है कि 'यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि हमास द्वारा किए गए हमले शून्य में नहीं हुए', क्योंकि फिलिस्तीनी '56 वर्ष के दम घुटने वाले कब्जे के अधीन हैं।' इससे एक विश्व संस्था के रूप में संयुक्त राष्ट्र की उपयोगिता संदिग्ध हो गई है। गुटेरेस जैसे व्यक्ति के संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख बने रहने से इसकी अवशेषप्राय : गरिमा भी समाप्त हो जाएगी। एक अपाहिज संस्था के शीर्ष पदाधिकारी भी अगर समझ की दृष्टि से अपाहिज हों, तो ऐसी संस्था विश्व परिस्थिति के लिए पूर्णत : अप्रासंगिक सिद्ध हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र पहले ही उधार का जीवन जी रहा है और अब वह यहां भी दीवालिया होता नजर आ रहा है।

कुछ अलग

नए भविष्य के लिए

हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक ने सुक्खू सरकार के इरादों की पुनः पुष्टि करते हुए कुछ फैसले ऐसे भी लिए जिनसे न्याय फिर से परिभाषित होता है। प्रशासनिक ट्रिब्यूनल फिर लौट रहा है, क्योंकि सरकार की इच्छाशक्ति अपने निर्णयों के स्तंभों को ठोस जमीन पर खड़ा करना चाहती है। प्रायः कानून की चारदीवारी को राजधानी शिमला के वजूद में देखा गया है, जहां प्रदेश की उच्च अदालत का सिंहासन बोलता है। कर्मचारी मामले भी अपनी घुटन मिटाने के लिए कानून की आबोहवा में, शिमला की दूरबीन से जो देखते रहे, उन्हें फिर से प्रशासनिक ट्रिब्यूनल के दायरे में लाने का संकल्प प्रतिपादित हो रहा है। हालांकि कर्मचारी मसलों में सरकारों के सौहार्द परवान चढ़ते रहे, लेकिन कानून के दायरे में हिफाजत का सफर बार-बार बदला। कभी सारे कर्मचारी विषय अदालत की फरियाद में हुजूम बन गए, तो कभी प्रशासनिक ट्रिब्यूनल ने अपने ढांचे में फरियाद को मंडी व धर्मशाला तक पहुंचा दिया, ताकि मामलों को सुनने का आधार पूरे प्रदेश की तासीर को संबोधित कर सके। उम्मीद है एक बार फिर प्रशासनिक ट्रिब्यूनल के माध्यम से कर्मचारी मसले, हिमाचल के क्षेत्रीय अपेक्षाओं के साथ त्वरित राहत का जाम पिएंगे। कर्मचारियों के लिए अपनी पैरवी के सबूत उठा-उठा कर शिमला में जाकर जंग जीतना आसान नहीं, लेकिन ट्रिब्यूनल के माध्यम से यही सफर अगर धर्मशाला-मंडी में कट जाए, तो बोझ भी घट जाएगा। बहरहाल यह मामला प्रशासनिक ट्रिब्यूनल के औचित्य को सिद्ध कर रहा है, तो न्याय की इसी दलील पर हाई कोर्ट की सर्किट बैंच या स्थायी बैंच का प्रश्न भी अकसर उतावला हो जाता है। तर्क इसी क्रम और ताकत से ताकते रहे हैं और गुजारिश यह रही कि कम से कम हाई कोर्ट की एक अदद सर्किट बैंच धर्मशाला के लिए मंजूर हो जाए। पिछले चालीस सालों से प्रयासरत प्रदेश के एक बड़े भू भाग के लिए न्याय की यह मांग फिलहाल सियासी इच्छाशक्ति की मोहताज रही है, जबकि हिमाचल विधानसभा का एक पूरा शीतकालीन सत्र इसी तर्क की गवाही में तपोवन में आयोजित होने लगा है। इस बार 19 से 23 दिसंबर तक यही सत्र फिर से हिमाचल की नब्ज की परख करेगा। बहरहाल मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री की ऊर्जा व उनके बहुप्रतीक्षित फैसलों का इंतजार था और इस दृष्टि से ब्यास बेसिन में 50 क्रशर को फिर से शुरू करने की घोषणा ने कई तरह के आर्थिक संवेग पैदा किए हैं। बरसात के महीनों ने सरकार को बाध्य कर दिया था कि ऐसे फैसले की हूक में मनोरथ कमाया जाए, लेकिन जीवन रुकता कहां है। इनसान हमेशा अपनी ही हानियों की भरपाई में उम्र लगा देता है, दर्द के अध्यायों को फाड़ देता है या उसी पहाड़ से टकराता रहता है जो सदियों से टूट रहा है। बेशक ब्यास नदी के तट इस बार खूब रोए और बर्बादी के आलम में कई कश्तियां टूटी भीं, लेकिन प्रकृति की साझी विरासत में सिर्फ एक कहर ही नहीं चुना जा सकता।

दृष्टिकोण

गोबर के गुलगुले

देश में जब तक आज़ादी का अमृत काल नहीं उतरा था, आम जनता गुड़ से बने गुलगुले खाती थी। उस वक्त हिन्दी की एक मशहूर कहावत चलती नहीं दौड़ती थी- गुड़ खाए, गुलगुलों से परहेज़। लेकिन जब से भक्तों ने गुड़ की जगह गोबर खाना शुरू किया है, लगता है इस कहावत को बदलने का समय आ गया है। अब कहना हो तो कहना चाहिए- गोबर खाय, गुलगुलों से परहेज़। मुझे लगता है कि जो भक्त हैं, अगर उन्हें तनिक भी प्रेरित किया जाए तो वे गोबर के गुलगुले खाने से परहेज़ नहीं करेंगे। जब कई भक्त बाक़ायदा गोबर खाने के वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर सकते हैं तो वे इसके गुलगुले खाने से क्यों कर परहेज़ करेंगे। बस थोड़ी सी मोटीवेशन की ज़रूरत है। जब लोग बिना मोटीवेशन के ही इजरायल के समर्थन में हमास से लडने गज़ा जा सकते हैं तो मोटीवेशन के बाद हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लिए गोबर के गुलगुले भी खा सकते हैं। रही बात लद्दाख में चीनी क़ब्ज़े की तो उसे छुड़ाने के लिए किसी भी भक्त को अपने आपको वालंटियर करने की आवश्यकता नहीं। अपनी ज़मीन है, अगर किसी को दे भी दी तो हमारी मजरूी। फिर हमारा तो इतिहास ही रहा है कि हम सभी मेहमानों का स्वागत पान पराग, क्षमा करें धूमधाम से करते हैं। हमारे लिए अतिथि देवो भवः हैं। चीन हमारा ख़ास मेहमान है। हमारा देश चीनी सामान का सबसे बड़ा आयातक है। हम अपनी दिवाली उनकी झालरों, लालटेन और लैम्पों से रौशन करते हैं। हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहते हैं कि चीन हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम उससे पंगा नहीं ले सकते। जब किसी से पंगा लेने की हिम्मत न हो तो बेहतर होता है कि उसकी जी-हुजूरी की जाए। उसे झूला झुलाया जाए। फिर उसे मनचाहा नाम दे दिया जाए। क्या फर्क पड़ता है। खाने तो गुलगुले ही हैं, वह भी गोबर के। जब लोग बिना किसी मोटीवेशन के सडक़ों पर गायों को खुला छोड़ सकते हैं और गोभक्ति की मोटीवेशन पर किसी विधर्मी की मॉब लिंचिंग कर सकते हैं तो क्या थोड़ी सी प्रेरणा मिलने अपनी गो-माता के सम्मान में गोबर के गुलगुले नहीं खा सकते। यूँ भी चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री सहित हमारे नेता जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि माननीयों सहित आम जन भी बिना किसी शर्मो-हया के गोबर खाने में मस्त हैं। प्रधानमंत्री का पद भले बड़ा हो, लेकिन उस पर बैठने वाले व्यक्ति का क़द इतना छोटा हो गया है कि उस पर बैठा आदमी अक्सर परी कथाओं के बौने की तरह अदृश्य हो उठता है। वह आँखे फाड़ कर देखने पर तभी नज़र आता है जब उसकी ज़बान से निकलने वाला अगड़म-बगड़म लोगों के कान में गड़ता है। यह गोबर के गुलगुलों का ही प्रभाव है कि देश वैश्विक गुरू बनने के बाद आत्ममुग्धता की पींगें झूल रहा है और सम्मोहित लोग भूखे पेट राष्ट्रवाद के गीत गाते हुए झूम रहे हैं। भूख का इलाज भले गोबर न हो, लेकिन गोबर कैंसर का उपचार बेहद कारगर ढँग से कर सकता है। मुझे इस बात की पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में अगर लोग राष्ट्रवाद के नाम पर सरकार को सहयोग दें तो हो सकता है कि सरकार गोबर की प्रोसेसिंग के लिए श्रेष्ठतम वैश्विक प्रोद्यौगिकी वाले प्लांट लगाने के बाद गोबर के उत्तम गुणवत्ता वाले गुलगुलों का उत्पादन करे जो न केवल खाने में स्वादिष्ट हों, बल्कि सुपाच्य भी हों। इससे सरकार को अस्सी करोड़ लोगों को प्रति माह दिए जाने वाले निःशुल्क पाँच किलो राशन से भी छुटकारा पाने में मदद मिलेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, मंगलवार, 28 नवंबर 2023 | पेज 7

हंटरगंज पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हंटरगंज : थाना पुलिस ने सोमवार को एक विशेष छपामारी अभियान चला कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार इस छापा मारी अभियाका नृतित्व थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी कर रहे थे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रो से तीन लोगों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। खबर में बताया जा रहा है कि एक पिकअप वाहन पर आठ मवेशी लदा हुआ था जिसे पुलिस जब्त किया है। उक्त कार्रवाई में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जबकि दूसरी घटना कोसमाही

गांव में लेंजवा के रहने वाले योगेन्द्र यादव के साथ चालीस हजार रुपये की लूट पाट की गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणो के सहयोग से दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार।किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त बिहार के गया जिले के रोशनगंज थाना अंतर्गत सकडीहा गांव निवासी प्रेमचंद कुमार ,सिन्टु कुमार बताया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो मोटररसाईकिल और तीन एन्ड्रायड मोबाईल फोन बरामद किया गया है। वहीं छपामारी के दौरान कोसमाही के पास से एक पिकअप वाहन सहित आठ पशु एवं वाहन चालक स्थानीय थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी राजु चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। इस छापामारी दल में थाना प्रभारी समेत एसआई नितेश कुमार दुबे, अनन्त साह, एएसआई अजय कुमार महतो,एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

डोर टू डोर चलाया गया विधिक जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के आदेशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में सोमवार को सदर प्रखंड के रेहड़ा गांव में पीएलबी मिथिलेश कुमार राम ने डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पीएलबी ने उपस्थित ग्रामीणों को कानूनी की बुनियादी जानकारी दी ।जिसमें बाल विवाह, डायन प्रथा, नशा मुक्ति इत्यादि पर प्रकाश डाला गया। साथ ही पीएलबी कौशल कुमार ने भी उपस्थित लोगों को कानूनी जानकारी दी एवम सरकार द्वारा मिलने वाले सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

सब्सिडी प्राप्त करने के लिए गैस वितरक ने बायोमेट्रिक ई-केवाईसी कराने का किया अपील

बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रिंस भारत गैस रसोई गैस ग्रामीण वितरक मुंसी साव ने गैस उपभोक्ताओ को ई-केवाईसी करवाने की अपील की. साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि घरेलु गैस उपभोक्ताओं को अब बायोमेट्रिक के साथ ई-केवाईसी करना अनिवार्य होगा. ई-केवाईसी नहीं करने पर केंद्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाएगी. गैस एजेंसी मै यह प्रकिया शुरू कर दी है. वितरक ने बातया कि ई-केवाईसी करने के लिए ग्रहकों को आधर नम्बर या एलपीजी आईडी या गैस कलेक्शन मे निर्बंधित मोबाईल नम्बर मे से कोई एक चीज होना जरुरी है.उक्त दस्तावेज से ही ई-केवाईसी पूरा हो पायेगा.उक्त तीनो मे कोई एक जानकरी भरने के बाद उपभोक्ता के नाम अवसीय पता लिंग जन्मतिथि आधार नम्बर पोर्टल मे दिखना शुरू हो जायेगा.उन्होंने यह भी बातया की पूरी जानकारी भरने के बाद फिंगर प्रिंट फेस रिकागिंसन या मोबाईल नम्बर ओटीपी से ई केवाईसी की प्रक्रिया की जाएगी. ई-केवसी करने को लेकर एजेंसी ने अपने सभी उपभोक्ताओ से अपील की है. एवं उजवला नया कनेक्शन के लिए राशन कार्ड में अंकित सभी परिवार के सदस्यों को आधार एवं जिस महिला के नाम से कनेक्शन लेना है. उसका बैक खाता दो फ़ोटो मोबाईल नम्बर एवं फिंगर अति आवश्यक जरुरी है. ये सिर्फ 15 दिसम्बर तक ही केवाईसी की जाएगी. सभी कोई जल्द से जल्द केवाइसी करवाने की अपील की गई.

कार्तिक पूर्णिमा पर भद्रकाली मंदिर में भक्तों की लगी कतार, जिला मुख्यालय स्थित हेरू नदी में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु भक्तों की लंबी कतार लगी। सुबह से लेकर दोपहर तक माता का दरबार श्रद्धालु भक्तों की भीड़ से पटा रहा। जबकि जिला मुख्यालय स्थित हेरू नदी में भी अहले सुबह से ही भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई।भक्तों ने हेरू नदी के पास बने शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी को। जबकि मां भद्रकाली मंदिर में भक्तों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मंदिर न्यास समिति भी मुस्तैद दिखी। कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन को देखते हुए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला अहले सुबह चार बजे से ही शुरू हो गया था। सुबह में सैकड़ें

भक्तों ने मंदिर में होने वाली श्रृंगार पूजा में शिरकत की। इसके बाद मंदिर में भक्तों के आने का सिलसिला जो शुरू हुआ वह दोपहर तक लगातार जारी रहा। ऐसे में भक्तों को कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना के लिए इंतजार करते देखा गया। मंदिर परिसर में व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मंदिर न्यास समिति के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिर परिसर में ही मुस्तैद रहें। पूजा-अर्चना के लिए मंदिर आए कई भक्तों ने मंदिर परिसर में स्नान-दान भी किया। सैकड़ों भक्त पवित्र महाने नदी में डुबकी लगाने के पश्चात माता के मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए गए। वहीं कई भक्तों ने मंदिर परिसर में गरीब तबके के लोगों के बीच अनाज व पैसे का दान दिया। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ साथ सभी प्रखंडों में भी भक्तों ने मंदिरों में पूजा अर्चना की।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नदी तट में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़, सूर्योदय से पहले महिलाओं ने किया गंगा स्नान

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत लगभग जितने भी जल स्तर वाले शुद्ध जगह दिखे यानी की नदी तालाब आहरा सभी जगह कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ देखी गई। सूर्योदय से पहले महिलाओं ने गंगा स्नान कर अखंड सौभाग्यवती रहने की एवं सैकड़ो पुण्य प्राप्त के लिए गंगा स्नान कर पूजा अर्चना किया। शास्त्र के मुताबिक 12 महीना में कार्तिक महीना सर्वोत्तम कहा जाता है। इस महीने की पूर्णिमा के दिन स्नान मात्र कर लेने से सभी तरह के पाप दूर हो जाते हैं। ऐसा शास्त्र का मानना है। इस महीने भर में किए गए पूजा पाठ का फल मात्र कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान कर लेने से प्राप्त हो जाती है।शास्त्रों के मुताबिक कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली भी

मनाया जाता है। कार्तिक महीना भगवान विष्णु भगवान शिव के लिए भी सर्वोत्तम माना गया है। एवं कार्तिक माह के शुक्ला पक्ष की एकादशी तिथि से सभी देवी देवता जग जाते हैं। और विवाह मुहूर्त का कार्य वह हर शुभ कार्य की शुरुआत हो जाती है। आगे बताते चलें कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान दीपदान पूजा आरती हवन दान पुण्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है पूर्णिमा की संध्या में श्री सतनारायण भगवान की कथा का भी बहुत विशेष महत्व है।जिसे किया जाता है।

संगठन विस्तार हेतु जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड समिति कि एक आवश्यक बैठक प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक पांडे के अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय के पानी टंकी स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में संपन्न हुई। जहां निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा किया गया इस दौरान अशोक पांडे ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सरकार के द्वारा गांव अंतिम व्यक्ति तक सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाई जा रही है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने हेतु पंचायत अध्यक्षों के माध्यम से तय किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन विस्तार हेतु बूथ समिति के माध्यम से निर्णय लिया गया एवं सभी पंचायत अध्यक्षों को दिसंबर तक अपने पंचायत में सभी बूथ समिति को बनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही पार्टी सदस्यता अभियान को युद्ध स्तर तक चलने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष रविंद्र उरांव रामचंद्र भगत शुक्र उरांव सुखदेव पुराण विनोद गोस्वामी धनलाल उरांव सुरेंद्र सिंह किशन उरांव कोमल सिंह उपेंद्र सिंह आमिर हुसैन किशोर उरांव कुशल राम एहसान अंसारी प्रखंड उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह राजेश्वर सिंह शमशेर आलम मौजूद थे।

द्वारी पंचायत के दो गांव में वन अधिकार समिति का किया गया गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत के दो गांव में वन अधिकार के तहत समिति की गठन सोमवार को किया गया। यह कार्य द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव के अध्यक्षता में की गई। जहां जोकाही गांव में 15 सदस्य समिति का गठन वन अधिकार के तहत किया गया। और अध्यक्ष के लिए रामदेव गोप एवं सचिव मीना देवी को बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर ओबरीडीह गांव में वन अधिकार के तहत 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जहां अध्यक्ष शंभू यादव सचिव सीमा कुमारी को सर्व समिति से मनोनीत कर चयन किया गया है। इस चुनाव कार्य में मुख्य रूप से पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह एवं दर्जनों स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से चलाया गया बाल विवाह मुक्त अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : प्रखंड के अंतर्गत दारियातू पंचायत भवन में सोमवार को बाल विवाह मुक्त हो को लेकर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से बैठक किया गया। बैठक में पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ ग्रामीण एवं बच्चे भी उपस्थित थे।साथ ही साथ आंगनबाड़ी से सेविका सहायीका जलसहिया व अन्य लोग भी उपस्थित थे। जहां बाल विवाह मुक्त करने को लेकर समाधान से जिला कोऑर्डिनेटर राहुल कुमार शीतल कुमारी गुड़िया देवी विनीता देवी उपेंद्र कुमार ने कई बिंदुओं पर चर्चा किया। जिसमें बाल विवाह रोकना है।बाल यौन शोषण के विरोध करना है। बाल मजदूरी करवाने पर रोक लगवाने हैंतथा कई बातें चर्चा में की गई। उपस्थित लोगों के बीच शपथ भी लोगों ने लिया। जहां उपस्थित प्रभादेवी पार्वती देवी उषा देवी बसंती देवी एवं दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

आजसू जिला अध्यक्ष ने ढाबा का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : शहर के किनामाड़ स्थित हरियाली ढाबा का उद्घाटन सोमवार को आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि शहर में ढाबा खुलना विकास का परिचायक है।ढाबा को काफी स्वच्छ व सुंदर बनाया गया है। ताकि लोग परिवार के साथ आकर भोजन का आनंद ले सकते हैं। ढाबा संचालक दीपक पांडेय ने कहा कि हमारे होटल में शाकाहारी व मांसाहारी दोनों रखा गया है। बाहर के कारीगरों को लाया गया है। ताकि यहां के लोगों को टेस्टी व्यंजन मिल सकें। मौके पर अभिजीत कुमार , इमरान अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज

चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के डाढा पंचायत कान्हाचट्टी - कोल्हैया, इटखोरी - धुना, मयूरहंड - फुलांग, सिमरिया - जबड़ा, टंडवा - धनगड़ा, प्रतापपुर - भरही, हंटरगंज - मीरपुर, नावाडीह, कुंदा प्रखंड के ग्राम पंचायत कुंदा में दिनांक-28.11.2023 दिन मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया जायेगा। इन शिविरों में सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दिया जायेगा। आम जन से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में आयोजित कार्यक्रम में पहुंच कर सरकार द्वारा संचालित योजनाएं फूलों झानो आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लें सकते है। दिनांक 29.11.2023 दिन बुधवार को लावालौंग प्रखण्ड के सिलदाग पंचायत, पत्थलगडा प्रखंड के बरवाडीह, हंटरगंज प्रखण्ड के खुटी केवल खुर्द, गिद्धौर प्रखण्ड के बारीसाखी पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र चतरा के वार्ड विकास केंद्र ट्रेंचिंग ग्राउंड वार्ड नंबर 3 में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कचरा खाने से हुइ सात मवेशियों की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत चटुआग ग्राम के सात मवेशियों का बिते साम कचरा खाने से मौत हो गई,जबकि लगभग आधा दर्जन पशु बिमार है जिसका ईलाज चल रहा हैं। इस घटना की जानकारी मिलते ही सोमवार सुबह बारियातू अंचलाधिकारी नंदकुमार राम अंचल निरीक्षक अनिल होरो व, प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे घटना स्थल पर पहुंचे. जहाँ डॉ सुशिला बागे अपने सहकर्मी संजय कुमार राणा व राजू गुप्ता के सहयोग से मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कर जांच हेतु लातेहार भेज दिया. इस संबन्ध मे पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी तक

पशुओं के मरने की कारण स्पष्ट नही हो पाया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होगा. मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी नंदकुमार राम एवं अंचल निरीक्षक अनिल होरो ने भी यही बात कही. जबकि ग्रामीणों ने बताया कि उस क्षेत्र मे बालूमाथ से लाकर कचरा फेका जाता है उसी के खाने से पशुओं की मौत हुई है.घटना स्थल पर उपस्थित बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु ने बताया कि मृत पशुओं में पांच मोहर गंझु पिता जीतन गंझु के है जिसमे तीन बैल और दो गाय शामिल है. एक पशु(बैल) मिठु गंझु पिता स्व सोबरण गंझु एवं एक पशु(बैल) विशुन गंझु पिता स्व मोहन गंझु तीनो ग्राम चटुआग निवासी के हैं।

कार्तिक उरांव जयंती के अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा जतरा मेला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत के ग्राम हेटबेसरा कार्तिक चौक में रविवार को कार्तिक उरांव जयंती के शुभ अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा जतरा समारोह का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद विनोद उरांव, मुखिया संजय उरांव,छात्र नेता रमेश उरांव,कमलेश उरांव,बिरसा मुंडा, देवसहाय भगत, जयराम राम,गांव के पाहन के द्वारा विधि विधान से पूजा करने के बाद झंडा गाड़ा गया। वहीं अतिथियों को पुष्प कुछ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात

कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुखिया संजय उरांव ने कहा कि जतरा मेला आदिवासी समाज के बीच प्रेम का प्रतीक के तौर पर आयोजित किया जाता है। इससे सभी जातियों के लोगों के बीच सद्भाव बढ़ता है। साथ ही घर में सुख शांति एवं समृद्धि भी आती है। आदिवासी समाज के लिए जतरा मेला एक पारंपरिक त्यौहार है। जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते हैं। जहां मंच का संचालन पूर्व पंचायत समिति राजेश उरांव ने किया।

मां मीना फ्यूल पंप में दस दिनों से पेट्रोल डीजल नही रहने से वाहन चालक परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखंड में संचालित मां मीना फ्यूल्स पंप में लगभग 15 दिनों से पेट्रोल और डीजल नही रहने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वाहन चालक ब्लैक में अधिक कीमत में पेट्रोल और डीजल खरीदने को मजबूर हैं मिली जानकारी के अनुसार वाहन चालकों का कहना है। पत्थलगड़ा में जब से भारत पैट्रोलियम पंप खुला है तब से आए दिन ऐसे जनता परेशान होते रहते है पेट्रोल पंप खुली आसमान के नीचे हंसते हुए दिखाई देते हैं और बाहर बोर्ड लगा रहता है आज पेट्रोल नही है संचालित मां मीना फ्यूल्स पंप के संचालक संतोष कुमार दास के द्वारा महीना में सिर्फ दस दिन ही पेट्रोल और डीजल का आपूर्ति कर पाते है ऐसी स्थिति में लोग ब्लैक में अधिक कीमत पर पेट्रोल खरीदने को मजबूर है पत्थलगड़ा प्रखंड के ग्रामीणों ने भारत पैट्रोलियम के अधिकारियों से मांग किया है।

पुलिस जवान के साथ मारपीट मामले में पांच गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार: जिले के बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर थाना क्षेत्र में गत दिनों अपराधियों के द्वारा पुलिस जवान काशीनाथ कुम्हार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था, इस मामले में शीघ्र ही उदभेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन के द्वारा पुलिस टीम गठित की गई। जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह दिलू लोहार के द्वारा किया जा रहा है। इस मामले में बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहार के द्वारा छिपादोहर थाना परिसर में सोमवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी गई। आगे उन्होंने बताया कि कांड में संलिप्त पांच अभियुक्त को

गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसका नाम राहुल कुमार सिंह, (19) वर्ष पिता जोखन सिंह, ग्राम छिपादोहर हंसराज टोला, किशोर खलखो उम्र(21) वर्ष पिता विनसेंट खलखो ग्राम छिपादोहर हंसराज टोला, निरंजन खलखो उम्र (19) वर्ष पिता विनोद खालखो ग्राम छिपादोहर हंसराज टोला, बबलू सिंह उम्र (19) वर्ष विनेसर सिंह ग्राम छिपादोहर खैराही टोला, उमेश सिंह उम्र(18) वर्ष पिता बिहारी सिंह ग्राम छिपादोहर खैराही टोला की गिरफ्तारी की गई है। उनके पास से चार एंड्राइड मोबाइल,एक कीपैड मोबाइल एवं अभियुक्तों के निशान देही पर आरक्षी काशीनाथ कुम्हार के मोटरसाइकिल के चाभी का गुच्छा, तथा इस कांड में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी जो गाड़ी संख्या JH03Y5495 को भी बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही इस कांड को अंजाम देने के लिए कुदाल जिसमें खून लगा हुआ है वह भी जप्त कर लिया गया है।

छापेमारी दल में शामिल अनिल उरांव पुलिस निरीक्षक बरवाडीह, अभिषेक कुमार थाना प्रभारी छिपादोहर, रंजीत राम, विकाशेन्दू त्रिपाठी, रवि कुमार,रोहित महतो, देवानंद प्रसाद,अशोक काकुल, नागेश्वर महतो समेत सशस्त्र बल एवं छिपादोहर थाना आईआरबी एवं सैट की जवान शामिल थे।

पांकी में कांग्रेस पार्टी का हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन हजारों कांग्रेसी हुए शामिल

पांकी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पांकी प्रखंड के लोहरसी रोड स्थित रेनू टॉकीज हॉल में सोमवार की दोपहर कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस पार्टी के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए, कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू चतरा लोकसभा संयोजक जयशंकर पाठक सहित अन्य अतिथियों को कांग्रेस पार्टी के नेता सुरेंद्र यादव, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, एवं कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमाला पहनकर एवं बुके देकर स्वागत किया, कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद के अलावे पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी पूर्व विधायक बिट्टू सिंह प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद अध्यक्ष मनोज सिंह सहित अन्य लोगों ने कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियां को गिनवाते हुए एवं मोदी सरकार की विफलताओं पर खूब चर्चा की कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की ही देन है कि हर घर तक बिजली पहुंच पाई है वर्तमान की मोदी सरकार चुनाव के पूर्व लोगों से अनेक वादे किए लेकिन वोट लेने के बाद आज तक उन वादों को पूरी नहीं कर पाई, जुमलेबाजी करने वाली सरकार को इस बार जनता सबक सिखाएगी एवं कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता जी जान लगाकर कांग्रेस की सरकार बनाने का कार्य करेगा, कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं बताई साथ ही आगामी चुनाव में मजबूती से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के संबोधन में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ जाति धर्म की राजनीति कर रही है लेकिन अब जनता जाग चुकी है इस बार विकास के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी मजबूती से मैदान में उतरेगी और जीतेगी भी। सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के दर्जनों नेताओं समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची , मंगलवार, 28 नवंबर 2023 | पेज

संक्षिप्त खबरें

अब कोनरा पंचायत भवन से मिलेंगी सस्ती दवाइयां ऑनलाइन चिकित्सक से ले सकते है सलाह

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): नियमित दवाओ का सेवन करने वालो के लिए यह खुशखबरी है. कोनरा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र से सस्ती दवाइयां उपलब्ध करवाया जाना प्रारंभ किया जा चुका है. यह सेवा प्रारम्भ हो जाने से नियमित दवा सेवन करने वाले मरीज को विशेष लाभ मिलेगा. उन्हे उनकी दवा सस्ता और उनके घर तक उपलब्ध कराए जायेंगे।इसके लिए मरीज को चिकित्सक का पुर्जा दिखाना अनिवार्य होगा. संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि सीएससी कीइस सेवा के तहत उनके केंद्र से आयुर्वेदिक, एलोपैथिक या होमियोपैथिक, विटामिंस सहित विभिन्न प्रकार की दवाइयां खरीदे जा सकते है. ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट, एनर्जी बूस्टर सेवन करने वाले मरीज कॉमन सर्विस सेंटर की इन सेवाओ का लाभ अवश्य ले. इसके साथ ही मरीज जेनेरिक दवाओं का भी लाभ ले सकते है।उनके केंद्र पर ऑनलाइन विशेषज्ञ चिकत्सको से सलाह भी उपलब्ध है, जिसका उपयोग कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से सलाह लिया जा सकता है. यह सेवा प्रत्येक कार्यदिवस को पूर्वाहन 11 से 3 बजे तक उपलब्ध है।

चित्रांश परिवार की बैठक में प्रस्तुत किया गया आय व्यय का ब्योरा

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): रविवार की देर संध्या चित्रांश परिवार बरही की बैठक संपन्न हुआ. बैठक न्यू कॉलोनी स्थित वरिष्ठ चित्रांश मुख्य संरक्षक उपेंद्र प्रसाद के आवास पर आहट की गई थी।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज घोष और संचालन सचिन आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया. सचिव ने उपस्थित चित्रांशों के बीच हाल ही में संपन्न हुए चित्रगुप्त पूजा के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया. साथ ही उपस्थित लोगो से संपुष्टि करवाई गई. सबों ने पूजा हर्षोल्लास संपन्न करवाने के लिए पूजा कमिटी के पदाधिकारियों को बधाई दिया. इसके साथ ही आगामी 3 दिसंबर को चित्राशो के गौरव देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती भी मनाने का निर्णय लिया गया।मुख्य संरक्षक ने बताया कि डॉ प्रसाद देश के अमूल्य धरोहर है, जिन पर पूरे देशवासियों को गर्व है. बैठक में संरक्षक राजेंद्र रुखरियार सहित श्याम कुमार सिन्हा, जयदीप कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

त्रिवेणीकान्त ठाकुर की 13 वीं पुण्यतिथि पर विजय शंकर मल्लिक सुधापति, प्रो. शैलेश शर्मा किये गए सम्मानित

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): शिक्षाविद त्रिवेणी कांत ठाकुर की 13वीं पुण्यतिथि पर डीवीसी सभागार में साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सीसीएफ कुमार मनीष अरविंद, डॉ शंभू बादल, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पुर्व कुलसचिव डॉक्टर बंशीधर रुखियार, त्रिवेणी कांत ठाकुर मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर और हित नाथ झा ने त्रिवेणी कांत ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। रेखा झा ने भगवती गीत जय जय भैरवी की प्रस्तुति की। इसके बाद अतिथियों का स्वागत करते सचिव राकेश ठाकुर ने ट्रस्ट की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कहा की इस साल हिंदी मे विनोद राज विद्रोही, मैथिली में विजय शंकर मलिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉ शैलेश शर्मा को पुरस्कार दिया जा रहा है। प्रशस्ति वाचन हितनाथ झा ने किया। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ फेडरेशन के उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल, राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम में डॉ शम्भू बादल की पुस्तक कविता का मैथिली अनुवाद करने वाले हित नाथ झा की पुस्तक चयन ओ मैथिली, डां प्रमिला कुमारी गुप्ता की हिंदी में लिखी पुस्तक रोटी की मौत, अंग्रेजी में प्रिया नंदिनी की फॉर एवर मोर का विमोचन किया गया। कई साहित्यकारो को मिल चुका है यह सम्मान त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य पुरस्कार 2016 से विभिन्न भारतीय भाषाओं में त्रिवेणीकान्त ठाकुर की पुण्य तिथि 27 नवम्बर को आयोजित साहित्यिक समारोह मे प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार अब तक 20 साहित्यकारों को मिल चुका है। अभी तक हिंदी में डॉ शिवदयाल सिंह, डॉ शंभू बादल, डॉ भारत यायावर, डॉ रतन वर्मा, डॉ सुबोध सिंह शिवगीत, मैथिली में कुमार मनीष अरविंद, डा विधानाथ झा, पंचानंद मिश्र, सियाराम झा सरस, बुद्धि नाथ झा, गिरजानंद झा अर्धनारीश्वर, और डॉ कृष्ण मोहन झा को पुरस्कार दिया गया है। वही संस्कृत में डॉ तारकांत शुक्ल, बंग्ला मे अमन सेन गुप्ता, अजीत कुमार बनर्जी, उर्दू में अब्दुल अलीमुनीउल होदा उर्फ अली मुनीर, डॉ फरहत हुसैन खुश्दिल को पुरस्कार दिया गया है। वही पत्रकारिता के क्षेत्र में पुरस्कार देने की शुरुआत 2022 से की गई है।अभी तक अभिजीत सेन को सम्मानित किया गया है। ट्रस्ट ने जिन साहित्यकारों को किया पुरस्कृत साहित्य अकादमी ने भी दिया सम्मान ट्रस्ट ने जिन साहित्यकारों को सम्मानित किया है। अखिल भारतीय स्तर पर साहित्य अकादमी ने भी वैसे साहित्यकारों को पुरस्कृत किया है। मैथिली भाषा में कुमार अरविंद को 2016 में ट्रस्ट ने सम्मानित किया था। वही 2019 में उन्हें साहित्य अकादमी का पुरस्कार दिया गया। इसी तरह सियाराम झा सरस को 2019 में यहां सम्मानित किया गया था। 2020 में साहित्य अकादमी का बाल पुरस्कार उन्हें मिला। गिरजानंद झा को 2021 में ट्रस्ट ने पुरस्कार दिया। 2023 में मध्य प्रदेश सरकार ने इन्हें सम्मानित किया। डॉ कृष्ण मोहन झा को 2022 में ट्रस्ट ने सम्मानित किया। वहीं 2023 में बिहार में चेतना समिति की ओर से डॉ गणपत मिश्रा सम्मान दिया गया। डा विद्यानंद झा को 2017 में ट्रस्ट ने सम्मानित किया। 2017 में उन्हें साहित्य अकादमी ने दिल्ली में उन्हे मैथिली भाषा का संयोजक बनाया गया। मैथिली भाषा में दर्जनों पुस्तक प्रकाशित मैथिली साहित्य में 1962 से रचनाशील विजय शंकर मल्लिक सुधापति की कहानी,कविता,गीत के दर्जन भर पुस्तकेँ प्रकाशित हो चुकी है।वह कैथी लिपि के विशेषज्ञ है। उनकी बोकारो स्टील सिटी की सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभगिता रही है । निर्णायक मण्डल में साहित्य अकादेमी से पुरस्कृत कुमार मनीष अरविन्द , डा. कृष्णमोहन झा मोहन, प्रो0 रवीन्द्र कुमार चौधरी, तुलानन्द मिश्र और संयोजक हितनाथ झा शामिल थे। दो दर्जनों से अधिक हिंदी पुस्तक लिख चुके हैं विनोद कुमार राज विद्रोही हिन्दी के साहित्यकार डा. विनोद कुमार राज विद्रोही का चयन किया गया है।जो दो दर्जनो से अधिक पुस्तकों को लिख चुके हैं।वह यूजीसी से राजीव गाँधी नेशनल फ़ेलोशिप प्राप्त कर चुके हैं।

कांग्रेस शिक्षा विभाग के हजारीबाग जिला अध्यक्ष चयनित हुए प्रोफेसर ब्रज किशोर मेहता

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ श्याम नारायण सिंह ने कांग्रेस प्रदेश भवन रांची में प्रो ब्रजकिशोर मेहता को हजारीबाग जिला कांग्रेस शिक्षा विभाग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिक्षाविद प्रो ब्रजकिशोर मेहता जिला अध्यक्ष चयनित होने के बाद कहां की कांग्रेस पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसे मै निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगा और कांग्रेस को सुदृढ़ करते हुए अपने निष्ठा से कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अपेक्षाओं पर कर उतरूंगा। जिला अध्यक्ष चयनित होने पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन श्याम, नारायण सिंह डॉ तौशिफ ,डॉ बिरसा उरांव ,मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ,आलमगीर आलम , बादल पत्रलेख , बन्ना गुप्ता, डॉ आरसी प्रसाद, केडी सिंह सुनील सिंह जंग बहादुर पांडे ,पप्पू पासवान, सहित दर्जनों लोगों ने प्रोफेसर बीके मेहता को बधाइयां दी ।

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी कोनार विस्थापितों की बने आवाज, सौंपा डीवीसी अधिकारी को ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : सोमवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के नेतृत्व मे विष्णुगढ़ आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल समेत कोनार विस्थापितों संग मिलकर बोकारो थर्मल में सीसीएल /डीवीसी प्रबंधन के विरोध में आयोजित चक्का जाम कार्यक्रम मे पहुंचकर कोनार डैम विस्थापितों के हक अधिकार के लिए ज्ञापन सौंपा। डीवीसी कोनार डैम के द्वारा अधिग्रहित विस्थापित प्रभावित क्षेत्र

के 15 किलो मीटर तक के परिधि में आने वाले आस-पास के गाँव तक शुद्ध पेयजल,बिजली,सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की व्यवस्था किया जाए। डीवीसी कोनार डैम पर हाइबल पावर प्रोजेक्ट, पनबिजली परियोजना के निर्माण हेतू। डीवीसी द्वारा पुनर्वास किये गये रैयतों के परिवार को जमीन का मालिकाना पट्टा शीघ्र निर्गत किया जाए।

तीन मालवाहक कंटेनर वाहनों से अज्ञात चोरों ने सैकड़ों लीटर डीजल चोरी किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखंड के गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा मोटर्स सर्विस सेंटर के समीप जी.टी रोड किनारे कंटेनर वाहन संख्या ॥क्क्ा 2त्त 6333 चालक भूआल सिंह के वाहन से लगभग 380 लीटर वाहन संख्या ॥क्र38ड्ढ 7070 चालक अनिरुद्ध कुमार के वाहन से लगभग 140 लीटर वाहन संख्या ॥क्र61ञ्ज 6052 चालक रविंद्र कुमार सिंह के वाहन से लगभग 150 लीटर डीजल टंकी से शातिर बदमाशों ने रविवार

रात्रि के सुबह चार बजे से पांच बजे के बीच हरिद्वार से कलकत्ता हिमाचल प्रदेश से कलकत्ता हरियाणा से कलकत्ता जा रहे वाहनों से डीजल की चोरी अज्ञात बदमाशों के द्वारा कर लिया गया.डीजल चोरी कि सूचना मिलते ही गोरहर थाना पुलिस पंहुच कर चोरी की घटना कि छानबीन में जुट गई है.व टाटा मोटर्स सर्विस सेंटर में लगे सी.सी टीवी कैमरा के फूटेज से चोरों के करतूतों को खंगाला जा रहा है।

विष्णुगढ़ झामुमो टीम ने किया बिरहोर टोला का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विष्णुगढ़ झामुमों अध्यक्ष कपिल देव चौधरी एवं सचिव संजय कुमार प्रजापति, वरिष्ठ नेता राजू श्रीवास्तव,बनासो मुखिया चन्द्रशेखर पटेल ने सामूहिक रूप से बनासो,बिलन्डी में आदिम जनजाति बिरहोर टोला में बिरहोरों की समस्याओ की जानकारी ली,जानकरी के अनुसार संजय कुमार प्रजापति ने बताया की उनकी मुख्य समस्या जाति प्रमाण पत्र,वोटर कार्ड,आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड इत्यादि लाभ

से वंचित पाये गए। जिसे हमारी टीम पूरी प्रमुखता से बिरहोर टोला बिलंडी में कैंप लगाकर सुविधाओं के लाभ बिरहोरों को उपलब्ध कराने पर होगा। बिरहोर बच्चो को झामुमो टीम के द्वारा मिठाई के पैकेट दिए गये जिसे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे।

बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहिया दीदी की मासिक बैठक, ऐप की जानकारी दी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कांडतरी क्लस्टर की विशेष बैठक बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहीया साथी आशिया खातून की व संचालन सहिया शबाना खातुन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से महुदी, सोनपुरा, मिर्जापुरा, कांडतरी, खेरातरी, सिरमा, छवनिया, पंडरिया, कनोदा सहित अन्य गांव की सहिया दीदी शामिल हुई। सहिया साथी आशिया

खातून ने कहा कि सभी सहिया अपने-अपने पोषक क्षेत्र में ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक कार्य करें। साथ ही साथ कार्य से संबंधित सभी प्रकार की रिपोर्ट समय पर जमा करें।

इस मासिक बैठक में मुख्य रूप से एएनसी, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु का एचबीएनसी, एचबीवाईसी एंव टीकाकरण आदि से सम्बंधित रिपोर्ट जमा लिया गया। सभी सहिया को डिजिटल कार्य करने के लिए ऐप डाउनलोड करवाया गया और ऐप के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से सहिया लिलावती देवी, जरीना खातुन, सालखो देवी, माहजहां खातुन, आमरीन सबा, पाकीजा खातुन, भुनेश्वरी देवी, मोनिका देवी, किरण देवी, अनिता कुमारी, शकुंतला देवी, रीता देवी, नाजनी खातुन, आशा देवी, लक्ष्मी देवी , बसंती देवी, सलमा खातुन, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे।

ग्रामीणों के सहयोग से की गई महावीर मंदिर के छत की ढलाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत पूर्वी पंचायत के चंदनपुर गांव में ग्रामीणों के सहयोग से महावीर मंदिर की छत की ढलाई की गई। ग्रामीणों ने छत की ढलाई में खुद श्रमदान किया। मौके पर उपस्थित मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने ढलाई कार्य के लिए प्रथम कड़ाही मसाला उठाकर निर्माण कार्य का विधिवत प्रारंभ किया। साथ ही मंदिर के बाहर आंगन को अपने मुखिया फंड से जल्द से जल्द ढलाई करने की घोषणा किया और आगे हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। निर्माण कार्य में खुद कुदाल एवं कढ़ाई उठाकर सहयोग देने वालों में मुख्य रूप से बड़कागांव मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, वार्ड सदस्य सुरेंद्र कुमार, ग्राम अध्यक्ष संजय कुमार, सचिव कृष्ण कुमार महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, पवन कुमार, लक्ष्मण महतो, रंजीत कुमार, राकेश कुमार, रतन रजक, खुशलाल कुमार, मुरली महतो, रूपा कुमारी, श्वेता देवी,

सुनीता देवी, कुसुम देवी, रीना देवी, अनीता देवी, मालती देवी, लक्ष्मी देवी, दलनी देवी, सावित्री देवी, संजू देवी, कुणाल राज दिवाकर, राहुल कुमार, रोशन कुमार, हरिनाथ महतो, विवेक कुमार, अजय कुमार, बलदेव महतो, मोहन कुमार, महेंद्र महतो, भुनेश्वर महतो के अलावा दर्जनों लोग शामिल थे।

एलआईसी ग्राहक सेवा केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ थाना के समीप रमुआ श्री दुर्गा मंदिर के बगल में शशि कुमार लाहकार एल.आई.सी ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत बेड़ाहरियारा मुखिया रामचंद्र यादव के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पुराने एल.आई.सी अभिकर्ता स्व.किस्टो प्रसाद लाहकार के पुत्र शशि कुमार लाहकार ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कुछ-कुछ अभिकर्ता थोड़े समय के लिए एल.आई.सी करते है,और कुछ बीमा करके ग्राहक को उसकी हालत पर छोड़ देते है। ऐसे में ग्राहक ना समय पर प्रीमियम जमा कर पाते है, ना ही दुर्घटना की स्थिति में उनको लाभ मिल पाता है। इसके समाधान के लिए मुझे एल.आई.सी के द्वारा ग्राहकों को सेवा देने लिए कोड संख्या 3719/525जेडएमएस के तहत नियुक्त किया गया है। ग्राहक सेवा केंद्र में एल.आई.सी ग्राहकों को नई बीमा

पॉलिसी की जानकारी,प्रीमियम जमा,लोन अथवा पॉलिसी सरेंडर के बारे में जानकारी दी जायेगी, और अन्य समस्याओं के समाधान के लिये अपने वरीय अधिकारियों से संपर्क कर समाधान करने का पूरा प्रयास किया जायेगा ।ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से लोगो को अब हजारीबाग या गोमियाँ नही जाना पड़ेगा जिससे उनका समय एवं खर्च दोनो की बचत होगी।

तिलेश्वर साहू सेना ने करियातपुर में किया पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन, अध्यक्ष रितेश केसरी व प्रभारी रामेश्वर रविदास बने

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत भवन में सुनील केसरी के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया।जिसकी अध्यक्षता महेंद्र प्रजापति व संचालन सुरज पासवान ने किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार व विशिष्ट अतिथि के रुप में तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो मुख्य शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का तालियों के साथ स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई मुख्य अतिथि संतोष रजवार ने सबका आभार व्यक्त किया और कहा कि तिलेश्वर साहू सेना संगठन झारखंड का उभरता हुआ संगठन है। ये संगठन बरही विधानसभा में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे शहीद तिलेश्वर साहू जी की स्मृति में उनके विचारों और कार्यो को आगे बढ़ाने हेतु बनाया गया है । हम सब उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करेंगे इसलिए बरही विधानसभा में बदलाव की चाह रखने वाले अभिभावक , बुजुर्ग व युवा हमारे संगठन से जुड़ें और बरही विधानसभा में एक सकारात्मक बदलाव लाने हेतु हमारा साथ दें इस कार्यक्रम में सर्वसम्मति से करियातपुर पंचायत अध्यक्ष नितेश केसरी व प्रभारी रामेश्वर रविदास को बनया गया।इसके बाद अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और निस्वार्थ भाव से संगठन के प्रति कार्य करने का आग्रह किया।इसके बाद कार्यक्रम पर उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से अपना विचार व्यक्त किया और तिलेश्वर साहू सेना संगठन के विचारों से प्रभावित होकर संगठन से जुड़कर कार्य करने का प्रण लिया।मौके पर मुख्य रूप से सकलदेव शर्मा, महादेव पासवान, प्रदीप रविदास, मुन्ना ठाकुर, सत्येंद्र पासवान, ओम प्रकाश केसरी, सिकंदर रविदास, हेमंत दास, इमरान अंसारी, पवन केसरी, गौतम केसरी, कैलाश रविदास, रंजीत केसरी, संजय श्रीवास्तव, जमुना साव, हरि प्रसाद, पवन केसरी, राजेश रविदास, रोहित केसरी, रिंकू भगत, अनिल रविदास, जगलाल भुइयां, सोनू केसरी, मुकेश रविदास, राजेश केसरी, राजेश स्वर्णकार, संजीत कुमार, ध्रुव नारायण रविदास, बंटी कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने किया गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन पूर्व में निर्धारित अपने तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार ठंड के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए गरीब,असहाय परिवारों के बीच कंबल वितरण के कार्यक्रम को आरंभ कर दिया है।इस कड़ी में आज सोमवार को प्रखंड के दैहर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहरा के प्रांगण में फाउंडेशन के द्वारा शिविर लगाकर प्रखंड संयोजक आशीष सिंह के अध्यक्षता में सैकड़ो गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया। तत्पश्चात तय कार्यक्रम के अनुसार फाउंडेशन का अगला पड़ाव पड़रिया पंचायत अंतर्गत बनउ गांव में शिविर लगाकर वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद सिंह के नेतृत्व में असहाय गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया।मौके पर प्रमोद सिंह ने कहा है कि गरीबों के कारण ठंड में बिस्तर और चारपाई का बंदोबस्त करने में लाचार व्यक्तियों को

फाउंडेशन हर संभव मदद करने के लिए प्रयत्नशील है।कंबल वितरण में मुख्य रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह,समाजसेवी प्रमोद सिंह ,पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव, समाजसेवी रघुनंदन गोप,हरी गुप्ता ,कुणाल कतरियार जमुना यादव, मनोहर यादव ,शरीफुल हक ,सुशील केसरी,नरेश यादव,धर्मेंद्र यादव, लल्लनटॉप, चमेली देवी, सुकरी देवी ,सुमंती देवी, मैंना देवी ,कौशल्या देवी, ममता देवी, दिलीप पांडे, सुजीत सिंह, उदय यादव, मोहन प्रजापति सहित फाउंडेशन के तमाम सदस्य मौजूद थे।

एस एल गुप्ता ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिन सोमवार को कटकमदाग स्थित नरसिंह स्थान मंदिर में परिसर में आयोजित मेला में 101 जरूरतमंदों को ठंड से राहत हेतु कंबल का वितरण किया गया। कई वर्षो से संस्थान जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर होकर कार्य कर रही है। कोरोनाकाल में एस एल गुप्ता ट्रस्ट का संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता ने अपने पिता का स्मृति पर जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से स्थापना किया। हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में नरसिंह स्थान मेला में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कार्य जारी है। कंबल वितरण कार्य में संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता, सदस्य सुधीर सिंह, रीणा सिंह, प्रेम बाबू, अनिल यादव एवं बिनोद साव सहित ट्रस्ट के कई सदस्यों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन दान पुण्य करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दिन दान का बहुत अधिक महत्व होता है। उन्होंने कहा कि नरसिंह मेला में जरूरतमंदों को ठंड से राहत के लिए 101 कंबल का वितरण किया गया है। संस्थान वर्षो से इस

पुनीत परंपरा को जारी रखकर पुनः जरूरतमंदों को कंबल का वितरण कर इस परंपरा को जारी रखा है। जिससे ठंड से जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में मेरा अब तक का 25 वर्ष समर्पित रहा है। कोशिश आगे भी मेरा जीवन समाजसेवा के क्षेत्र में समर्पित रहेगा।

कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र मौके पर पूजा-अर्चना के लिए नृसिंह स्थान पंहुचे हजारीबाग विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सदर विधायक मनीष जायसवाल कार्तिक पूणिमा के पवित्र अवसर पर सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां स्थित नृसिंह स्थान मंदिर परिसर पंहुचे व पूजा- अर्चना कर भगवान नृसिंह बाबा, भोले शंकर और अन्य सभी देवी- देवताओं के समक्ष माथा टेकते हुये क्षेत्र की सुख, शान्ति और समृद्धि हेतु कामना की। तत्पश्चात विधायक श्री जायसवाल प्रख्यात एकदिवसीय बहुआयामी नृसिंह मेला में घूम- घूम कर लोगों से मिले और मिलन संपर्क कर सबों का हाल चाल जाना। मेले में पंहुचे विधायक श्री जायसवाल का नृसिंह स्थान समिति द्वारा चुनरी ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। पूजा- अर्चना के पश्चात विधायक श्री जायसवाल ने मेले के

सफल संचालन में सेवारत कई पुलिस कर्मियों, हिन्दू राष्ट्र संघ और संचालन समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न स्टालों के संचालकों से मिलकर उन्हें बाबा नृसिंह का प्रसाद देते हुए सबों के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। मेला घूमने के क्रम में विधायक श्री जायसवाल ने झारखंडी व्यंजन पुआ, धुस्का, बर्रा, कंद मूल फल और गन्ने का सेवन कर आनंद लिया। मेले में विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से कटकमदाग भाजपा मंडल समिति द्वारा विशेष स्टॉल लगाया गया था। जहां विधायक मनीष जायसवाल ने खुद उपस्थित होकर श्रद्धालुओं के बीच चना का वितरण किया और लोगों को कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावाली और नृसिंह मेला की ढेरों शुभकामनाएं और अनंत बधाई दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की पूर्व की भांति नृसिंह स्थान में कई बदलाव हुए हैं। मंदिर के चहुंओर गुणवत्त सड़कों का जाल बिछा है। मंदिर के दो प्रमुख प्रवेश रास्ते पर दो तोरण द्वार का निर्माण, मंदिर परिसर में हाई मास्ट लाइट, सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है।

सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ ने सिरका सीटीओ मिलने पर जीएम को दी बधाई

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोलयरी सिरका को सोमवार दोपहर बाद सीटीओ परमिशन मिलने के बाद सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ अरगड्डा क्षेत्र सचिव प्रशांत बेल्थरिया ने जीएम सुधांशु कुमार पांडेय से मिलकर उनके अथक प्रयास के लिए बधाई और शुभकामनाएं दिया। साथ ही प्रशांत ने कहां कि कोलयरी उत्पादन का शुभ संदेश कार्तिक पूर्णिमा पर मिलना काफी सुखद क्षण को दर्शाता हैं। इससे क्षेत्र में खुशहाली का संकेत मिलता हैं। वही जीएम सुधांशु कुमार पांडेय ने 4 वर्षों से भी अधिक समय से बंद पड़े कंपनी के कोलयरी सिरका को सीटीओ मिलना सभी के प्रयास की बदौलत संभव होना बताया हैं।

कोयलांचल में कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने भक्ति की डुबकी लगाई

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दामोदर और मंगरदाह नदी पर आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद अपने घरों में भगवान सत्यनारायण का पूजन पाठन किया। इसके बाद ब्राह्मणों को दान दिया। पूरा क्षेत्र कई जगहों पर खिचड़ी प्रसाद का भी वितरण किया। पूरा इलाका भक्ति के वातावरण में सरोबर दिखा।

8 जनवरी को रामगढ़ में होगा भव्य श्री महाकाल महोत्सव

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति कि एक महत्वपुर्ण बैठक रामगढ़ एसडीओ कार्यालय के निकत स्थित आरबीएसएस के प्रधान कार्यालय में आयोजित कि गई। बैठक में संगठन के कई गण्यमान्य सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष कि भांति वर्ष 2024 में भी आठ जनवरी को 6वां श्री महाकाल महोत्सव घुम - धाम मनाया जाएगा। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि इस महा आयोजन को सफल बनाने के लिए रामगढ़ जिला के गोला,चितरपुर,नगर परिषद, छावनी परिषद, दुलमी,मांडू,पतरातू प्रखण्डो के गण्यमान्य लोगो को साथ लेकर पचास सदसीय संचालन समिति का निर्माण किया जाएगा।ज्ञात हो कि रामगढ़ के सुख व शांति के लिए रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा वर्ष 2019 से श्री महाकाल महोत्सव की शुरुआत की गई थी। जिसमे महाकाल का भव्य श्रृंगार, रुद्राभिषेक व महाआरती के पश्चात अटूट भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमे रामगढ़ जिले के हज़ारों लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संविधान दिवस मनाया गया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रामगढ़ जिला के द्वारा रामगढ़ टायर मोड़ स्थित कौशल विकास केंद्र में सोमवार को संविधान दिवस बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। संविधान दिवस के शुभ अवसर पर छात्रों के बीच भारत का संविधान विषय को लेकर भाषण प्रतियोगिता कराया गया जिन छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में सफल रही उन्हें पुरस्कृत भी किया गया,इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार राम ने की और मुख्य रूप से अतिथि के तौर पर उपस्थित थे भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता , जिला मंत्री राजू कुशवाहा , ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुन्ना खटीक, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, एससी मोर्चा के जिला मंत्री संजय रजक , सूरज पासवान , तेजू रविदास , रामकुमार नायक , बाबूलाल नायक एवं अन्य लोगों उपस्थित थे।

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लोगों ने नदियों एवं तालाबों में स्नान कर दान किया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर रामगढ़ जिले में लोगों ने नदियों और तालाबों में स्नान कर,पूजा अर्चना कर दान कियाद्यरामगढ़ शहर के दामोदर नदी घाट और बिजोलिया तलाव में लोगों ने स्नान कर दान किया।वहीं शहर के थाना चौक में चिंतपूर्णी स्टील के संतु भाई मानिक के घर के बाहर 500 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गयाद्य यहां कंबल वितरण समारोह में संतु भाई मानिक,वीरू मानिक,बबलू मानिक,मुन्ना मानिक, योगेश मानिक आदि इस मौके पर मौजूद थेद्यवहीं शहर के थाना चौक में डॉक्टर चंद्रा के क्लीनिक के समक्ष सैकड़ो लोगों को खिचड़ी का भोग और धोती दिया गयाद्य शहर के दामोदर नदी घाट पर अग्रवाल सेवा समिति,रामगढ़ के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 27 नवंबर 2023 (दिन सोमवार) को दामोदर घाट के पास सुबह 4 बजे से अग्रवाल सेवा समिति रामगढ़ के द्वारा निशुल्क चाय , बिस्कुट एवं खीर का स्टॉल लगाया गया 7इस तरह का सेवा कर लगातार इस ग्रुप के द्वारा किया जा रहा हैद्य इस कार्य में सम्मिलित प्रिंस अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल , संजय अग्रवाल , पवन अग्रवाल,जीवन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शालनी अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल ,रेखा रूपम अग्रवाल देवी, चम्पा देवी ,नैंसी अग्रवाल, आयुषी कुमारी , कुसुम अग्रवाल, पवन अग्रावल ,विक्की अग्रावल निधि कुमारी ,सुरेन्द्र अग्रावल एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

सतगुरु नानक परगटया, मिटी धुंध जग चानन होवा

कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिखों के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाश उत्सव सोमवार को कुजू गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश उत्सव को लेकर दीवान साहब को फूलों से सजाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा में सहज पाठ रखा गया जिसकी पूर्ण समाप्ति आज गुरु पर्व के दिन की गई। वहीं प्रकाश उत्सव को लेकर दिनांक 22 तारीख से लेकर 26 तक कुजू साध संगत द्वारा प्रभात फेरी निकल गई। गुरुद्वारा में बाबा कुलवीर सिंह के द्वारा शब्द कीर्तन के बाद पाठ की समाप्ति कीर्तन अरदास किया गया। नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर सिमरप्रीत कौर, वाणी कौर, माही कौर, साहिब कौर, सोनम कौर, वरसीप कौर, रश्मित सिंह, मनजोत कौर ,प्रभजोत कौर, साक्षी कौर ने शब्द कीर्तन से साध संगत को निहाल किया। अरदास समाप्ति के बाद साध संगत के बीच गुरु के अटूट लंगर का वितरण किया गया। वही संध्या बेला में गुरुद्वारा परिसर को विद्युत साज कर सुशोभित किया गया साथ ही आतिशबाजी कर प्रकाश उत्सव मनाया गया। संध्या बेला में शबद कीर्तन पाठ अरदास के बाद गुरुद्वारा परिसर में गुरु का अटूट लंगर प्रसाद के रूप में बांटा गया। संध्या बेला के लंगर की सेवा जोगिंदर सिंह बग्गा (बागी) के परिवार की तरफ से किया गया। मौके पर गुरुद्वारा प्रधान अरविंद सिंह बग्गा, सेक्रेटरी गुरमीत सिंह छाबड़ा, कैशियर मनजीत सिंह होड़ा, मीत प्रधान अरविंद सिंह होडा, मीत सेक्रेटरी दीपक सलूजा, मीत कैशियर गुरमीत सिंह बग्गा, सुरजीत सिंह ,गुरदीप सिंह गुंडे, बलजीत सिंह ,सुरेंद्र सिंह भाटिया ,जगतरी लाल वेद, चरणजीत सिंह ,करनजीत सिंह, मनजीत सिंह, अंकित सिंह बग्गा, तरनजीत सिंह, हरजीत कौर ,देव बग्गा ,किरणदीप कौर (डोली)अमनदीप सिंह, गुरमीत कौर, हरप्रीत सिंह, बलबीर सिंह, बलजीत सिंह ,जसमीत सिंह, राजवीर सिंह, जगजीत सिंह, युगल कपूर, सनी देओल ,अनमोल सिंह, मनजीत बग्गा, कमलजीत कौर, सुरेश कपूर, पप्पू सिंह ,अमरजीत सिंह बागा घाटो वाले सहित काफी संख्या में साध संगत मौजूद थे।

रजरप्पा दामोदर भैरवी-संगम में कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य अद्भुत गंगा आरती महा उत्सव का हुआ आयोजन

भजन संध्या, कलाकारों द्वारा भक्ति गीत, अद्भुत झांकियों की प्रस्तुति एवं भंडारा का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : उत्तर भारत का सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा मंदिर परिसर पवित्र संगम स्थल दामोदर भैरवी नदी पर प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रजरप्पा भैरवी नदी पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। संगम स्थल के भैरवी नदी पर छिन्नमस्तीके सेवा समिति के द्वारा आयोजित इस महा आरती में बनारस से पहुंचे दर्जनों आचार्य के द्वारा भैरवी नदी पर दीप प्रज्वलित कर घंटे तक आरती किया गया भजन गीत प्रस्तुत किए गए तथा गंगा

आरती दौरान पास पड़ोस क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने महा आरती कार्यक्रम में भाग लिया एवं झांकियां प्रस्तुत की गई जिसमें एक से बढ़कर एक कलाकारों द्वारा भक्ति से भरा झांकी प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों का मन मोह लिया जबकि कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति भाव से धार्मिक गीत और भजन प्रस्तुत किया और लोग घूमने को मजबूर हुए रजरप्पा मंदिर क्षेत्र को चकाचौध बिजली की रोशनी से सजाया गया था। जिससे पूरा मंदिर परिसर में काफी चहल-पहल रही। गंगा आरती का अद्भुत आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकार आदित्य राज सारेगामापा के गायिका शालिनी दुबे रोहित आरके, मनवीर नायक, वर्षा राजू केरकेटा आदि दर्जनों कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। गंगा महा आरती के भव्य आयोजन होने से पूरा मंदिर प्रक्षेत्र सुगंधित हुआ खुशनुमा माहौल बना जिससे दर्शक आकर्षित और आनंदित हुए बनारस के दर्जनों आचार्यों द्वारा संध्या 7ः00 बजे से भव्य आरती का आयोजन किया गया जिसमें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल, मांडू विधायक जे पी भाई पटेल,सिमरिया विधायक किसुन दास विशेष रूप से शामिल हुए । इस मौके पर छिन्नमस्तीके मंदिर समिति के राजीव जायसवाल सुनील चक्रवर्ती रविंद्र साहू शशि पांडे प्रीतम झा दीनदयाल प्रसाद दीपक सिंह अंकित सिंह के अलावा सैकड़ो लोग का गंगा मा आरती में सहयोग रहा।

सीसीएल कोलयरी सिरका को चार वर्ष 6 माह के इंतजार के बाद 10 महीने के लिए मिला कोयला उत्पादन सीटीओ

इससे कामगारों, अधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधिय व आमजनों में हर्ष व्याप्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के लिए कार्तिक पूर्णिमा का दिन सोमवार बड़ा ही शुभ अवसर लेकर आया। यहां कोलयरी सिरका परियोजना को साढ़े चार वर्ष, 27 दिन पर झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड रांची से सीटीओ प्रमाण पत्र मिल गया। इससे साढ़े चार साल से बंद पड़े कोयला उत्पादन का रास्ता साफ हो गया। खबर से कोलयरी सिरका में कार्यरत कामगारों, अधिकारियों, यूनियन प्रतिनिधियों आमजनों में हर्ष व्याप्त हो गया हैं। सभी ने प्रबंधन अरगड्डा क्षेत्र जीएम सुधांशु कुमार पांडेय, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, मैनेजर राकेश कुमार आदि अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन पर शुभकामनाएं

दिया हैं। बताया जाता है कि परियोजना सिरका को सीटीओ क्षेत्र 110.94 हैकटेयर में 222.82 करोड़ पर हैकटेयर इसी, आरओएम कोयला 1 एमटीपीए पर इसी करना हैं। सीटीओ की मान्यता 30/09/2024 तक हैं। जो अभी नवबंर 23 से 10 माह सितंबर 24 के लिए हैं। बतलादे की करीब 30 अप्रैल 2019 में सिरका कोलयरी सीटीओ समाप्त हो चुंकी थी। जिसके कारण कोयला खनन उत्पादन बंद था।

सयाल डी परियोजना में लोकल सेल का कार्य हुआ शुरू परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : सयाल डी परियोजना में लोकल सेल का कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। वहीं इस सयाल डी परियोजना में पुर्व में घोषित पच्चास हजार टन कोयला का आफर दिया गया था। जिसका सोमवार को पावर प्रोजेक्ट के लिए 30000 टन कोयला को लिफ्टिंग कार्य के लिए दिया गया। वहीं सर्वप्रथम लिफ्टिंग कार्य शुरू करने से पहले सीसीएल प्रबंधक व सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो ने काली मां के मंदिर में पुजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। वहीं सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणों के पुर्ण सहयोग से कोयला उठाव एवं ट्रांसपोर्टिंग कार्य चालू किया गया।वहीं बाकी बचे 20000 टन कोयला का उठाव कुछ दिनो के अंदर लोकल सेल से शुरू कर दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कोयला के उठाव कराने पर सभी ग्रामीणो को बधाई दी और कहा कि सभी ग्रामीणो का भरपूर सहयोग प्रबंधन को मिला और आगे भी इसी तरह से सीसीएल सम्पूर्ण प्रभावित क्षेत्र का विकास का कार्य करते रहेंगी।वहीं सेल संचालन समिति के अध्यक्ष नितिश कुमार ने कहा कि ग्रामीण हमेशा प्रबंधन को सहयोग करेगा और परस्पर उनसे सहयोग की अपेक्षा भी करते हैं। विस्थापित नेता अंबर कुमार ने कहा

कि आज का दिन हम सबों के लिए एतिहासिक दिन है। वहीं यहां पर 1982 में सेल बंद होने के बाद अब 2023 में एक बार फिर से रोजगार का सृजन हुआ है। वहीं इस सेल में सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो की सत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है। वहीं इस मौके पर रामबिलास करमाली, नरेंद्र प्रसाद, सुरेश गिरी,ललन प्रसाद, दिलीप प्रसाद, मानस मुंडा, दयानंद प्रसाद, अमित कुमार, राजदीप प्रसाद, अरविंद प्रसाद, बिनोद साव, सुखदेव प्रसाद, छोटू साव, रविन्द्र प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, अरविंद प्रसाद, शिवसेवक प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, राजकुमार, सोहन साव, चत्रभुज प्रसाद, उमेश्वर कुमार, पिंकू, रूपेश, गुप्तेश्वर, भोला साव, अरुण, शशि, गुप्तेश्वर, संदीप, निरंजन कुमार, विक्रांत, सुकेश इत्यादि लोग मौजूद थे।

सिख धर्म के प्रवर्तक गुरूनानक देव का 555वां जन्मोत्सव मनाया गया, सजा दीवान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सिख धर्म के प्रवर्तक गुरूनानक देव जी का 555वां जन्मोत्सव सोमवार को गुरूनानक स्कूल परिसर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल परिसर में विशेष दीवान सजाया गया। जिसके बाद लंगर का वितरण किया गया। मौके पर रागी जत्था अमरजीत सिंह तान ने गुरूवाणी द्वारा संगत को निहाल किया। इसके उपरांत अन्य रागी जत्थों ने गुरूवाणी का गायन किया। वहीं, गुरूपर्व को लेकर विद्यालय परिसर को फूलों से सजाया गया था। रात का दीवान गुरूद्वारा में सजाया गया।मौके पर अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा , उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ के उपाध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह सैनी , उपाध्यक्ष सरदार सतिंदर सिंह छबरा और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

गोला चित्रगुप्त महापरिवार की हुई बैठक, नई कमिटी का हुआ गठन

सनत कुमार सिन्हा बने अध्यक्ष एव रविन्द्र कुमार सिंहा बने सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : चित्रगुप्त महापरिवार की महत्वपूर्ण बैठक बिपिन बिहारी प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को देर शाम बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर में हुई। बैठक में पिछले आय/व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।ये बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि नये अध्यक्ष सहित पूरी कमिटी का पुनर्गठन करना था। चूँकि कमिटी के निवर्तमान अध्यक्ष चन्द्रदीप बक्शी काफी दिनों से बिमार चल रहे हैं तथा उन्होंने स्वयं इच्छा व्यक्त की थी कि महापरिवार नया अध्यक्ष का चयन कर ले। महापरिवार के नियमानुसार प्रत्येक तीन वर्षों में कमिटी का पूनर्गठन किया जाता है, इसी सामान्य प्रक्रिया के तहत नई कमिटी का गठन किया गया।

ये है चित्रगुप्त महापरिवार की नई कमिटी –: अध्यक्ष- सनत कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष- अजित कुमार सिन्हा, सचिव- रविन्द्र कुमार सिन्हा, उपसचिव - रजनीश आनंद, कोषाध्यक्ष- अमित कुमार, उपकोषाध्यक्ष - जीवन कुमार बक्शी।

15 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति –: संदीप कुमार बक्शी, महेंद्र प्रसाद बक्शी, विक्रम कुमार (विक्की), रितेश सिन्हा (बिट्टू), आयुष कुमार, संजीव कुमार सिन्हा (बाबू), सुमन कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, प्रीतेश बक्शी, अंकित कुमार बक्शी, श्रीकांत गोविंद, अनुप कुमार सिन्हा, लाला चन्द्रमोहन, आनंद कुमार बक्शी, सुमीत बक्शी(बिट्टू)। मौके पर निवर्तमान सचिव ज्योति कुमार सिन्हा, निवर्तमान कोषाध्यक्ष संजय बक्शी, कुँवर कुमार बक्शी,धीरेंद्र नारायण बक्शी, सुजीत सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, सुचीत कुमार सिन्हा, प्रमोद बक्शी, महेन्द्र वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

सीसीएल और एनटीपीसी ने ग्रामीणों को धोखा दिया है : रोशन लाल चौधरी

अपनी जमीन खोकर भी नौकरी के लिए पलायन कर रहे स्थानीय विस्थापित

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी के पोटंगा पंचायत अंतर्गत जरजरा के सीसीएल सामुदायिक भवन में स्थानीय विस्थापितों की बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। वही इस बैठक के दौरान स्थानीय विस्थापितों ने रोशनलाल चौधरी के समक्ष अपनी समस्या रखी। जिसमें विस्थापितों ने कहा की सीसीएल के द्वारा उनके जमीन का अधिग्रहण किया गया है किंतू कई वर्ष बीत जाने के उपरांत भी आज तक उन्हें उचित मुआवजा एवम लाभ सीसीएल के द्वारा नहीं मिला है वही सीसीएल प्रबंधन ने विस्थापितों के साथ छल किया है वही विस्थापितों को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा की विस्थापितों को उचित हक अधिकार के लिए आजसू पार्टी आंदोलनात्मक कदम उठाएगी एवं संपूर्ण बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में संचालित विभिन्न ओधौगिक उपक्रम स्थानीय जनता के साथ धोखेबाजी कर रहे हैं। सीसीएल,एनटीपीसी सभी उद्योगों का यही हाल है।ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण करना और मुआवजा के नाम उन्हें औने पौने दाम देकर धोखा देना, नौकरी में बाहर से लोगों को बुलाकर रखना,इनका पेशा हो गया है विस्थापितों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है और विस्थापित अपनी जमीन खोकर भी रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे।अब ये सब नहीं चलेगा ओधौगिक उपक्रम के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। वहीं इस मौके पर सुनील उरांव, बिदेश बेदिया, गणेश मांझी, दशरथ प्रजापति, किशोर बेदिया,राजेंद्र बेदिया, देवन बेदिया, फूलचंद बेदिया, भगेश बेदिया, जगरनाथ बेदिया, प्रवीण बेदिया, लक्ष्मण बेदिया, गणेश मांझी, गणेश बेदिया, मोपियारी देवी, शांति देवी, पंकज बेदिया, सुगिया देवी, कुंती देवी, भालो देवी, लक्ष्मी कुमारी, रुचि देवी, सीमा देवी, देवंती देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

बजरंगबली मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने से राम भक्तों के लिए बनेगा यह आस्था का केंद्र : पार्षद धनेश्वर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत अंतर्गत सरैया जमुना धाम पर नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर के गुंबज पर 5 फीट ऊंचा नया कलश का स्थापना को लेकर राम भक्तों द्वारा गांव के विभिन्न टोला में जल यात्रा निकाला गया इस मौके पर दामोदर नदी से कलश लेकर मंदिर परिसर पहुंचे जहां सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए इस दौरान मंदिर के पुजारी मनोरंजन पांडे पुरोहित के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराकर तथा संकल्प कर कलश यात्रा निकाला गया पंचायत क्षेत्र के विभिन्न टोला में होते हुए जय श्री राम जय हनुमान के उद्घोष करते हुए पूरा गांव गाजे बाजे के साथ भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात सभी कलश यात्रा में शामिल महिला पुरुष शिवालय मंदिर परिसर पहुंचे और मंदिर में हनुमान भक्तों द्वारा नत मस्तक कर शीश झुकाए व आशीर्वाद लिया गांव में भ्रमण के पश्चात दोपहर में सरैया स्थित नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में कलश स्थापना किया गया ।सैकड़ो महिला पुरुष ने जय श्री राम जय हनुमान बजरंगबली की जय घोष नारों जोरदार उद्घोष से पूरा गांव भक्ति में डूबा और मंदिर की ऊंची शिखर पर कलश की स्थापना किया गया कलश यात्रा समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रामगढ़ धनेश्वर महतो शामिल हुए जिन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण पूरा होने से यह एक आस्था का केंद्र बनेगा और लोग धार्मिक विचारधाराओं से जुड़ेंगे एवं पूजा अर्चना करने में श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा ।

नया घुटवा शिव मंदिर में 24 घंटो का अखंड कीर्तन संपन्न हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : नया घुटवा शिव मंदिर में 24 घंटो का अखंड कीर्तन सम्मान हुआ कार्यक्रम राष्ट्रीय रक्षा संघ के देख रेख में हुआ भंडारा का भी आयोजन किया गया । मौके पर राष्ट्रीय रक्षा संघ के प्रदेश सचिव अभय कुमार शर्मा ने कहा की सभी सना तनियो को एक जुट करने का काम कर रहे है। सभी सनातनियो ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों पर माता का आशीर्वाद सभी पर बनी रहे और हमेशा आगे बढ़े। कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा, कुंदन ठाकुर, मदन पर्जपति, सस्वत सिंह, सुनील कुमार, राजा सिंह, बिनोद शर्मा, संजय शर्मा, रवि शर्मा, रवि बेदिया, शशि बेदिया, राजा सिंह, नीतीश कुमार, आदित्य शर्मा, मिर्तुजय कुमार, जगनारायण सिंह मौजूद रहे ।गार्डियन स्वरूप राष्ट्रीय रक्षा संघ के सदस्य आदित्य शर्मा, नवीन शर्मा, राजा शर्मा, वंशराज श्रीवास्तव, धीनेसर सिंह, बल्केशर सिंह, राजेश्वर सिंह, गौरीशंकर ठाकुर, बिनोद बेदिया, संजय बेदिया, नंदलाल ठाकुर, सिंटू शर्मा, कनाहिया शर्मा, अशोक शर्मा, अमर पुरख, राजा बेदिया, राहुल बेदिया और अन्य लोग उपस्थित रहे। महिला संघ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रीती श्रीवास्तव ने कहा कार्यक्रम में सभी एक जुट हो कर कार्यक्रम को सम्मान बनाए उन सभी को बधाई और कीर्तन में लोगो का एक जुट होना जरूरी है। जय श्री राम , उपस्थित अनिता देवी,सोनी शर्मा, मोनी सिंह,अनिता सिंह, आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए उन सभी का बहुत बड़ा सहोग रहा । धन्यवाद जय श्री राम।

राकोमयू के तत्वावधान में ग्रामीणों व मजदूरों की समस्या पर संतोष जनक पहल हुआ : राजू यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी परियोजना के पोंटगा वर्कशॉप में सोमवार को राकोमयू व सीसीएल उरीमारी परियोजना प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। जिसमें मुख्य रुप से राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, खान प्रबंधक प्रदीप सेन गुप्ता, अमला अधिकारी राजू वर्मा,सीवील विभाग से कविंद कुमार, इएंडएम से सुनील कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं राजू यादव ने कहा कि आज की इस वार्ता में पुर्व में दिए गए ग्रामीणों व मजदूरों की विभिन्न समस्याओ को लेकर परियोजना पदाधिकारी के साथ बैठक हुई जिसमें मजदूरों व ग्रामीणो की समस्यायों पर प्रबंधक ने संतोष जनक पहल किया है। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, गणेश राम, विश्राम सोरेन, अली हसन खान, सतेन्द्र राम, डा जीआर भगत, सतीश कुमार, दीपक कुमार यादव,मोती चंद्र, जय राम, मुबारक, बाल्मिकी यादव, कजरू उरांव, सुरेश, गोपाल टुडू, मनाराम, लालधारी, सत्यनारायण, कमलेश आदि लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, मंगलवार, 28 नवंबर 2023 | पेज 10

गुरुनानक जयंती की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं : शाहनवाज खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी की 554वीं जयंती के अवसर पर नव जवान एकता फाउंडेशन के सचिव मो शाहनवाज खान ने झरिया के कतरास मोड़ में श्रद्धालुओ का स्वागत किया। साथ ही सिख समुदाय के लोगों के बीच वो शर्बत पानी आदि का वितरण करते हुए देखे गए। रास्ते मे श्रद्धालुओ को कोई कठिनाई हो इसके लिये वो सेवा भाव से तत्पर खड़े रहे तथा सभी को गुरुनानक जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन संपन्न

समाज के उत्थान हेतु एनएचआरसीसीबी का योगदान सराहनीय : बेसेम हेलिस

- मानव तस्करी बना देश का सबसे बड़ा व्यापार : लोकेश मुनि
- मानव तस्करी एवं आदिवासी अधिकार पर व्यापक कार्य करने की जरुरत : जस्टिस तलवंत

दौलत प्रसाद@प्रभात मंत्र

बेंगाबाद/गिरिडीह : नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (एन एच आर सी सी बी) के द्वारा 26 नवंबर, 2023 को दिल्ली के ओ पी जिंदल ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन डॉ रणधीर कुमार के कुशल अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस अधिवेशन में प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस तलवंत सिंह एवं एंबेसडर ऑफ पीस श्री लोकेश मुनी जी शामिल हुए । वही समापन सत्र के मुख्य अतिथि महामहिम क्लांसलर, फिलिस्तीन बेसेम एफ हेलीस की गरिमामय मौजूदगी रही। इस अधिवेशन के विभिन्न सत्रों में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जीएसटी के प्रधान आयुक्त कृष्णा प्रताप सिंह ,तिहाड़ जेल के डिप्टी अधीक्षक मनमोहन गौर ,गृह मंत्रालय के पुलिस अधिकारी सुरेश वर्मा , दूरदर्शन के सीनियर एडिटर राजेश मिश्रा , नेपाल टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री भावेश श्रेष्ठ , दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव श्री संदीप शर्मा, फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ शूलपानी सिंह, सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग एक्टिविस्ट पल्लवी घोष, जेंडर एक्टिविस्ट शाहीन मलिक, नेपाल की बाल अधिकार कार्यकर्ता गीता गौतम, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बिजनेस मैन लक्ष्मण कुशवाहा, महादेव अग्रवाल एवं संतोष अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित रहे । कार्यकर्म का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।

कार व बाइक में भिडंत, बाइक पर सवार युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद : बेंगाबाद मधुपुर मुख्य पथ मुडंहरी के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी । घटना सोमवार दोपहर की है जानकारी के अनुसार कार मधुपूर की और से आ रही थी जबकि बाइक पर सवार युवक मुंडहरी से अपना घर विराजपूर जा रहा था मुंडहरी मोड़ के समिप बाइक और कार में सीधे टक्कर हो जाने से बाइक पर सवार युवक नरेश यादव की मौत घटना स्थल पर हो हो गयी । वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य मार्ग 114 एनएच को घंटो देर तक जाम कर दिया। हालांकी कुछ देर बाद आपसी समझोत के बाद जाम को हटाया गया। घटना की सूचना मिलते ही बेंगाबाद पुलिस पहुंचकर पूरी मामले की छानबीन में जुट गयी वहीं युवक को अत्यंतपरिषण के लिए गिरिडीह भेज दिया गया है । पुलिस कार को जब्त कर थान ले आयी है । घटना स्थल पर चपुआडीह मुखिया मो शमीम पूर्व पसस देवदत प्रसाद यादव पहुंचे वहीं देवदत यादव ने प्रशासन से ब्रेकर की मांग की है । कहा उक्त स्थल के समिप दो मोड़ है अक्सर दुर्घटना होती रहती है ।

यूवा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास द्वारा बैठक आयोजित

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लोदना फ्यूचर मेकर कोचिंग सेंटर में यूवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के धनबाद ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष रुदल पासवान की अध्यक्षता मे एक बैठक हुई। जिसमें पार्टी की स्थापना दिवस आगामी 28 नवंबर को लोदना अम्बेडकर चौक के पास मनाने का निर्णय लिया गया। स्थापना दिवस में धनबाद ज़िला के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित होंगे। बैठक मे मुख्य रुप से प्रदेश सचिव बिहारी लाल चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्द्रिका पासवान, धनबाद महानगर उपाध्यक्ष नागेस्वर पासवान, सचिव डॉ जयन्त कुमार, वार्ड 47 के अध्यक्ष सूरज पासवान, वार्ड 48 अध्यक्ष पप्पू पासवान, आज़ाद खान, सनोज कुमार अजय कुमार, रवि पासवान, संजय पासवान, नितीश पासवान आदि उपस्थित थे।

सुरेश चौधरी को सम्मानित किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : धनबाद सेन्ट्रल कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चुने जाने पर सुरेश चौधरी को उनके आवास रंग महल धनबाद मे जाकर भाजपा टुंडी विधानसभा के नेता सह जिला सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो, झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा नेता नीलकंठ रवानी, समाजसेवी त्रिलोचन चौधरी एंव सिंटु मुखर्जी ने बुके, माला एवं शॉल ओढ़ा कर श्री चौधरी को सम्मानित किया। सुरेश चौधरी ने सबो को आश्वासन दिया की ग्रामीण क्षेत्रों मे अर्थव्यवस्था को मजबूत एवं बेरोजगार युवको के रोजगार मे जोड़ना मुख्य लक्ष्य है।

महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने वैगन केयर सेन्टर का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने आज दानापुर मंडल के आरा एवं बक्सर स्टेशन का औचक निरीक्षण कर स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विविध पहलुओं का गहन मुआयना किया। उन्होंने इन स्टेषनों पर विकसित की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का भी जायज़ा लिया । इस दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चैधरी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे

। तदोपरांत महाप्रबंधक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचे जहां उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड में उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों एवं कार्य प्रणाली का निरीक्षण एवं लोको शेड के विस्तार की कार्य प्रगति तथा डाउन रिसेप्शन यार्ड में वैगन परीक्षण कार्यों का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने डीडीयू जंक्शन स्थित वैगन केयर सेंटर में मालगाड़ियों के वैगनों के मरम्मत व रख-रखाव कार्य सहित वहाँ विभिन्न सुविधाओं का भी निरीक्षण किया एवं डाउन हंप यार्ड के टावर में जाकर हम्पिंग कार्य तथा यार्ड में मौजूद वैगनों का अवलोकन किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक श्री खंडेलवाल ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता तथा अन्य अधिकारियों के साथ संरक्षित, सुचारू एवं त्वरित रेल परिचालन को लेकर बैठक की एवं आवष्यक दिषा-निर्देश दिया ।

सर्पदंश से पीड़ित युवती का जेपी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बचाई जान

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बलियापुर बायपास रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने जहरीले गेहूअन सांप के सर्पदंश से बेहोश बदहवास हाल में अस्पताल पहुंची गिरिडीह जिले के जमुआ ग्राम की रहने वाली 25 वर्षीय युवती संगीता कुमारी को त्वरित इलाज कर बचाया। संगीता के परिजनों ने अस्पताल परिसर में बताया कि अपने धान के खेत में काम करने के दौरान गेहूअन सांप ने संगीता के दाहिने हाथ पर डस लिया था इसके कारण शरीर में फैलते जहर से संगीता की हालत बहुत खराब हो गई थी। उनके एक रिश्तेदार ने बिना देर किए धनबाद स्थित जेपी हॉस्पिटल तुरंत पहुंचने की सलाह दी। यहां पर पहुंचते ही अस्पताल के डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने संगीता की स्थिति को देखते हुए तुरंत इलाज प्रक्रिया शुरू कर दी। जिसके फलस्वरुप मरीज अब पुरी तरह स्वस्थ है।

गंगा गौशाला में शिव महापुराण कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गंगा गौशाला गोपाष्टमी महोत्सव पर गंगा गौशाला प्रांगण में शिव महापुराण कथा में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़। कथा के छठे दिन राष्ट्रीय संत डॉ दुर्गेशाचार्य जी महराज ने कहा एक सती नारी के लिए पति ही भगवान है। पति ही तुम्हारा गुरु है। पति-पत्नी का रिश्ता जन्म-जनमानांतर तक रहता है। संतो के बताए मार्ग पर चलने से ही मुक्ति की मार्ग मिलती है। जिस किसी पर गुरु की कृपा होती है वह कभी पराजय नहीं होता। राजा का दायित्व सदा अपने प्रजा की रक्षा करना है। छत्रिय वही कहलाने योग्य है जो समाज की रक्षा करता हो। बिना धर्मपत्नी के कोई यज्ञ सफल नहीं होता। जो केवल अपने धर्मपत्नी के साथ जीवन व्यतीत करता है वह ब्रह्मचारी कहलाता है। इस संसार में आए हो तो ऐसा काम करो कि तुम अमर हो जाओ।

विधायक राज सिन्हा ने बड़ा गुरुद्वारा में मत्था टेका

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : विधायक राज सिन्हा नें सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की 554वीं जयंती के अवसर पर बैंक मोड़ धनबाद स्थित बड़ा गुरुद्वारा में आयोजित प्रकाश में सम्मिलित होकर मत्था टेका, कीर्तन और गुरबानी सुनकर गुरुनानक देव जी के विचारों से अवगत हुए। मौके पर विधायक राज सिन्हा नें बताया की दुनिया को एक ओंकार का संदेश देने वाले सिख धर्म के पहले गुरु नानक देव जी ने हमेशा जात-पात का विरोध किया। उन्होंने हमेशा एक साथ मिलकर चलने का संदेश दिया। उन्होंने अपने समय में लंगर की शुरुआत की, जिसका मकसद छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सब एक साथ बैठकर भोजन प्राप्त कर सकें ताकि किसी के मन में किसी भी व्यक्ति के लिए भेदभाव न हो। गुरुनानक देव जी के विचारों से हम सदा निहाल होते हैं। वहीं विधायक राज सिन्हा नें सभी को गुरुनानक जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

26 दिसंबर को अटल तिरंगा सम्मान समारोह में 51 चयनित महान विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा : बॉबी पांडे

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : सैल्यूट तिरंगा, एक गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी संगठन द्वारा दिनांक 26 दिसंबर 2023 को नई दिल्ली स्थित एनएमडीसी कन्वेंशन सेंटर में राजेश झा, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ÷अटल तिरंगा सम्मान समारोह÷ भव्य रूप से आयोजित होने वाला है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर देश एवं विदेश के अनेक प्रमुख क्षेत्रों यथा खेल, साहित्य, गीत, संगीत, अध्यात्म, राजनीति, विज्ञान, समाज सेवा तथा देश की रक्षा

सुरक्षा से जुड़े एवं देशहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 चयनित महान विभूतियां को सैल्यूट तिरंगा द्वारा महिमामंडित किया जाएगा।

इस समारोह में संपूर्ण देश से अनेक प्रसिद्ध समाजसेवक, विधायक, सांसद, मंत्री, ब्यूरोक्रेट्स तथा अन्य सर्वमान्य सम्मानित व्यक्तित्व की उपस्थिति सुनिश्चित है। इस अवसर पर दिल्ली के माननीय सांसद एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मनोज तिवारी के द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण भी होगा। उक्त जानकारी सैल्यूट तिरंगा झारखंड की वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता बॉबी पांडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

भारत ज्ञान विज्ञान समिति का राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक चेतना अभियान को लेकर पद यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : विवाह मंडप, 2 नंबर पुटकी में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा भारत ज्ञान विज्ञान समिति व अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक चेतना अभियान को लेकर आओ मिलकर भारत को समृद्ध बनाएं, वैज्ञानिक चेतना को जन-जन तक फैलाएं, शिक्षा और ज्ञान के महत्व को जानें, विज्ञान की शक्ति को पहचानें, देश के विकाश में योगदान दें, बच्चों को विज्ञान का ज्ञान दें आदि नारें के साथ पद यात्रा विवाह मंडप 2 नंबर पुटकी से प्रभु महतो चौक पुटकी से वापस 2 नंबर

पुटकी आई। साथ ही पद यात्रा के पश्चात गांव को जाने, गांव को समझें को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण की गई। इस पद कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. काशी नाथ चटर्जी, वैज्ञानिक चेतना के राज्य अध्यक्ष प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन, महाराष्ट्र मुंबई से ध्यानेश, राज्य कार्यकारिणी रवि कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी मो. हकीमुद्दीन, विकाश कुमार ठाकुर, राजू बाउरी, सविता कुमारी, चंदा देवी, पूनम देवी आदि मौजूद थी। तथा इस कार्यक्रम का संचालन राज्य सह जिला सचिव भोला नाथ राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में धनबाद सदर, बाघमारा, बलियापुर, तोपचांची, गोविंदपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के साथी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मधेश्वर नाथ भगत, मो. आशिफ, रजनी कांत मिश्रा, मनोज महतो, संध्या देवी, गणेश मंडल, ममता देवी, गंधारी कुमारी आदि का सहयोग रहा।

विधानसभा विपक्ष नेता का बेंगाबाद में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : विधानसभा सभा नेता अमर बाउरी का बेंगाबाद मे भाजपा कार्यकर्ता ने किया स्वागत। अमर बाउरी देवघर से लौट रहे थे इसी क्रम मे राजेश पोद्दार के आवास मे भाजपा कार्यकर्ता ने जोरदार स्वागत किया। राजेश पोद्दार ने कहा कि अमर बावरी का प्रतिपक्ष नेता के रूप में पहली बार बेंगाबाद की धरती पर पहुंचे है। वही स्वागत के दौरान अमर बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार मे डूबी हुई है नल जल योजना की जांच होनी चाहिए काफी संख्या में उपस्थित रामरतन राम शिव पूजन राम वरुण हजरा सुरेंद्र लाल मंडल राजेश पोद्दार दर्जनों लोग की उपस्थित रहे।

गिरिडीह में दीवार गिरने से मजदूर की मौत, परिजनों का रोकर बुरा हाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के सर्कस मैदान के समीप स्थित अंजना माइका फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की फैक्ट्री के अंदर दीवार गिरने के बाद दब जाने से हो गई। मृतक मजदूर की पहचान सिहोडीह निवासी तुलो दास के रूप में की गई। घटना के बाद आनन-फानन में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया।जहां जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी भी सदलबल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बताया गया कि सिहोडीह निवासी तुलो दास पिछले कई वर्षो से सर्कस मैदान के समीप स्थित अंजना माइका फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था। इसी दौरान अचानक फैक्ट्री के अंदर की दीवार टूटकर गिर गई जिसमें तुलो दास दब गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

जनता दल यू. पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : सोमवार को जनता दल यू. पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक धनबाद परिसदन में की गई। जिसकी अध्यक्षता पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक राम ईश्वर यादव ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव उपस्थित थे।बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि जनता दल यू. पिछड़ा वर्ग को लेकर हमेशा आगे बढ़कर काम किये है और गत दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण लागू किये है उसका हम स्वागत करते है। बिहार मे नीतीश एवं तेजस्वी की सरकार ने बिहार को विकास के रास्ते पर ला दिया है जिससे भाजपा पुरी तरह घबरा गई है और ई.डी, सी.बी.आई का भय दिखा कर डराना चाहती है। इसमें वे कभी सफल नहीं होगे। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, हाजी हसीब खां, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, जय प्रकाश यादव, कामेश्वर यादव, सकलदेव राय, नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, झप्पु सिन्हा, डॉ. राजेश राम, राम ईश्वर यादव, दिलीप साव, रंजीत यादव, शशी महतो, अनील यादव, सुरज यादव एवं राम सुरेश सिंह आदि उपस्थित थे।

गिरिडीह कालेज में एनसीसी दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : सोमवार को गिरिडीह कालेज में एनसीसी दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने सीटीओ प्रो विनीता कुमारी के दिशानिर्देश में समारोह का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि बेंगाबाद थाना प्रभारी ममता कुमारी रहीं।इस समारोह में सबसे पहले कालेज के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार सर,ममता कुमारी एवं प्रो विनीता कुमारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया उसके बाद आदिवासी लोकनृत्य के साथ स्वागत कर झंडोत्तोलन किया गया। साथ ही इस समारोह में एक से बढ़कर एक नृत्य, देशभक्ति गाने पर

डांस, एनसीसी कैडेट्स ने पिरामिड का निर्माण कर बढ़िया प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रो विनीता कुमारी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से एनसीसी कैडेट्स देश सेवा के साथ साथ समाज में भी अपना योगदान देते हैं और न केवल शारीरिक और मानसिक बल्कि भावनात्मक रूप से समाज के निकट आते हैं जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होता है।

दी दैनिक
प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

जिले के गरीबों को मिले बेहतर चिकित्सीय सुविधा : विधायक भूषण बाड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा शहर के खैरनटोली में वरदान नामक हॉस्पिटल का सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सिमडेगा को सेहतमंद रखना महागठबंधन सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि जिले में वरदान नामक निजी अस्पताल का खुलना जिलेवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अस्पताल प्रबंधन आदिवासी बहुल हमारे जिले के गरीबों को कम खर्च पर बेहतर चिकित्सीय सुविधा बहाल करे। पैसे

की कमी के कारण अस्पताल पहुंचने वाले गरीब मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधक ऐसी सुविधा बहाल करे कि लोगों को इलाज हेतु रांची, राउरकेला अथवा अन्य किसी भी दूसरे जिले में जाने की जरूरत न हो। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने अस्पताल प्रबंधक को बधाई दी। साथ ही स्वास्थ्य सिमडेगा सुखी सिमडेगा के सपने को सभी को मिलकर साकार बनाने की अपील की। मौके पर जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि सह पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, इम्तियाज हुसैन, सलमान, शिव केशरी, डा. विशाल कुजूर, कल्लू मिया आदि उपस्थित थे।

ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में गुरु नानक जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में सिखों के प्रथम गुरु और सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य एस के झा एवं सभी शिक्षकों के द्वारा गुरु नानक देवजी के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षक रामचंद्र गिरि ने कहा कि चाहे किसी भी धर्म संप्रदाय या पंथ के महापुरुष अच्छी बातें बताकर गए हैं उन्हें अपने जीवन में धारण कर हमें राष्ट्रभक्त एवं अच्छा नागरिक बनने का संकल्प करनी चाहिए। यही महापुरुषों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक,कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

माराडीह उच्च विद्यालय के संस्थापक राजेंद्र भारती हुए पंचतत्व में विलीन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : कुरू प्रखंड के माराडीह नामक ग्राम में राजेंद्र भारती जिन्हे उनकी दानशीलता के कारण लोग राजा भारती कहते थे। आज उनका स्वर्गवास हो गया। राजा भारती द्वारा मात्र चोबीस वर्ष की आयु में शिक्षा के लिए बच्चो को भटकना न पड़े इसलिए माराडीह में सोलह एकड़ भूमि और सत्ताइस हजार की बड़ी राशि विद्यालय की स्थापना के लिए प्रदान की गई क्यों कि विद्यालय के अभाव में बालक बालिकाएं शिक्षा से वंचित रह जाते थे इस विद्यालय की स्थापना से कुरू प्रखंड के छिहत्तर गांव के बच्चे और चंदवा प्रखंड से भारी संख्या में बच्चे शिक्षा प्राप्त करते थे ,आज भी राजा भारती की दूरदर्शिता के कारण हजारों बालक बालिकाये शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और विविध उच्च पदों पर कार्यरत हैं। राजा भारती की दूरदर्शिता को लोग कायल हैं जिनका व्यक्तित्व बहुत कुछ सिखाता है और ऐसी शख्सियत का चले जाना समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।

10 दिसंबर को शांति आश्रम में आर्य युवा सम्मेलन का होगा आयोजन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण लोहरदगा में आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने की। महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वीं जयंती आगामी 10 दिसंबर को आयोजित आर्य युवा सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यो का बंटवारा किया गया। कार्यक्रम में इंटर एवं स्नातक के अध्यनरत युवाओं की भागीदारी होगी। सम्मेलन में 150 युवा शामिल होंगे। जो विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अध्यनरत छात्र होंगे। उनके बीच युवाओं को जागरुक करते हुए महर्षि दयानंद जी का राष्ट्र और समाज के लिए योगदान एवं वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्र एवं समाज के प्रति युवाओं के कर्तव्य विषयक क्षेत्र के जाने-माने विद्वानों व समाजसेवियों द्वारा उनका मार्गदर्शन किया जाएगा। बैठक में आचार्य शरचचन्द्र आर्य के अलावे शिक्षक गणेश शास्त्री,रविंद्र दत्ता,कृष्ण आर्य,काजल कुमार,लव प्रसाद शिवाकोरी आर्य,आदित्य मिश्रा,पंकज आर्य,शिवराज विजय महतो,मिथिलेश प्रजापति,दीपक कुमार, पहलवान महादेव आर्य,अभय भारती एवं ब्रह्मचारी गण शामिल हुए।

तहरीक-ए-बेदारी कार्यक्रम लोहरदगा में ऐतिहासिक होगी : हाजी अफसर कुरैशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत सईद पैलेस में आगामी दिसंबर महीने में होने वाली तहरीक-ए-बेदारी कांफ्रेंस की सफलता को लेकर सदर अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी ओहदेदारों ने अपनी मशविरा दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने की बात कही। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल लोगों को कार्यक्रम को लेकर एकजुटता दिखाते हुए अभी से ही तैयारी में जुट कर अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति पर बल दिया गया। मौके पर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि आगामी 18 दिसंबर को लोहरदगा

जिला में तहरीक-ए-बेदारी कांफ्रेंस ऐतिहासिक हो इसे लेकर सभी लोग तैयारियों में जुट जाएं और कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिसंबर महीने में होने वाली अजलास बनाम एदारा शरिया तहरीक-ए-बेदारी इस्लाहे मोवाशरा कांफ्रेंस ऐतिहासिक हो इसे लेकर व्यापक रूप से तैयारियां तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में बड़े-बड़े हस्ती शरीक होकर समाज को बेदारी करने का कार्य करेंगे। हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के अलावा पूरे देश भर से एक से बढ़कर एक बुद्धिजीवी शामिल होंगे और जागरूकता कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों को प्रोत्साहित करेंगे।

लोगों ने खेतोंर में बैठ कर सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनने को लेकर रविवार को भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। बानो प्रखंड के हुरदा मंडल अंतर्गत पोसोर गंझु टोली बूथ नम्बर 168 के गांवों में भाजपा जिला मंत्री शकुंतला देवी ने महिलाओं के साथ धनकटनी को रोक कर खेत में बैठकर ही मोबाइल पर प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनी। 107वें संस्करण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बताया कि वोकल फॉर लोकल स्थानीय उत्पादों को खरीदने पर जोर दिए जाने के बाद दीपावली, भैया दूज और छठ महापर्व पर देश में चार लाख करोड़ से ज्यादा का

कारोबार हुआ इस दौरान भारत में बने उत्पादों को खरीदने का जबरजस्त उत्साह लोगों में देखा गया। राष्ट्र निर्माण में जब सबका साथ होता है तभी सबक विकास भी होता है मुझे संतोष है कि संविधान निर्माता के इस दूर दृष्टि का पालन करते हुए अब भारत की संसद नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास किया है प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में मुख्य रूप से हुरदा मंडल के प्रभारी शकुंतला देवी, नारायण सिंह, शालिक सिंह, प्रभात सिंह,आरती कुमारी, प्रतिमा कुमारी, कलावती देवी, सावित्री देवी, बीचों देवी, मीरा देवी लोग उपस्थित थे।

कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान दान, देवालयों में पूजा पाठ से प्रखंड-क्षेत्र का हुआ भक्तिमय माहौल

कैरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र मे 27 नवंबर सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा व गुरु पूर्णिमा को लेकर लोगो के बीच देखा गया उत्साह। प्रखंड के पंचायत हनहट,सढाबे,कैरो,गजनी,नरौली,व गुड़ि के गाँवो मे 27 नवंबर सोमवार को अहले सुबह से ही लोगो मे स्नान-दान व पुजा पाठ को लेकर श्रद्धालुओं के बीच देवालयों मे खासा उत्साह दिखाई दिया तो वही इस संबंध मे आचार्य कौशल-कान्त त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष का सबसे पवित्र महीना कार्तिक का महीना होता है,और उसमे भी पवित्र दिन कार्तिक पूर्णिमा को माना जाता है। उक्त कार्तिक पूर्णिमा को सूर्योदय से पूर्व स्नान-दान पुजा अर्चना करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं,उक्त पूर्णिमा पर पीपल वृक्ष मे दीपक जलाने से भी लोगों को कष्टों से मुक्ति मिल जाती है,कयोंकि पीपल बृक्ष मे भगवान विष्णु का वास है,उक्त पूर्णिमा गुरु और शिष्य के प्रगाढ़ संबंधो को भी इंगित करता है इसलिए इसे गुरु-पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

ट्रांसमिटो डेवलपमेंट फाऊंडेशन के द्वारा वृद्ध-असहायों के बीच किया गया कंबल वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो : लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 26 नवंबर रविवार को कैरो मुख्यालय में ट्रांसमिटो डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वधान में सपोर्ट इंडिया के द्वारा कैरो व आस-पास के गरीब असहाय वृद्धजनों को कंबल और अनाज का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित संस्था के मैनेजर नेहा कुमारी ने कहा कि इस संस्था के द्वारा गरीब असहाय लोगों को ठंड को देखते हुए कंबल व अनाज का वितरण किया जा रहा है। यह कार्य देश के कई क्षेत्र में किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से कहा लोग इसका लाभ उठाएं। इस मौके पर संस्था के बीडीएम रितेश कुमार ट्रेनर फुलमनी बारला, विरेन्द्र सिंह, लोकमित्र बलराम केवट, कृष्ण कुमार पांडेय लाभुक सविता देवी, बंधु उरांव, अनिता उरांव, विनोद उरांव, कार्तिक उरांव, सोफी तिर्की, हीरामनी उरांव आदि मौजूद थे।

शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव माराडीह गांव निवासी इंद्रजीत भारती के पिता व समाजसेवी राजेंद्र भारती का रविवार शाम निधन हो गया था इस बात की जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ माराडीह गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट किए। फिर सुखदेव भगत कुडु प्रखंड के ग्राम टाटी पहुंचे जहां कल रात्रि को कुडु प्रखंड कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष गंगा पासवान का निधन हो गया था। श्री भगत शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि गंगा पासवान बहुत वरिष्ठ कांग्रेसी थे इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ है मौके पर परिजनों ने बताया कि गंगा पासवान की बेटी की शादी कल 28 नवंबर को होना था इस घटना के बाद उसकी बेटी की शादी आज जगन्नाथपुर मंदिर में करवा दिया जाएगा शादी होने के उपरांत ही गंगा पासवान का दाह संस्कार कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव पवन गौतम शाहिद अहमद बेलू भी थे।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम को ले पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

सेन्हा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लोहरदगा मुख्यमंत्री कार्यक्रम को लेकर सेन्हा पुलिस द्वारा क्षेत्र में मुस्तैदी से चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान। पुलिस कप्तान हारिश बिन जमा के निर्देश पर सघन वाहन जांच अभियान सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में सहयोगी पुलिस पदाधिकारी एवं शस्त्र बल के द्वारा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सभी बिंदुओं पर सरसरी निगाहों से जांच किया जा रहा था। विदित हो कि उक्त वाहन जांच अभियान राज्य के मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र में आयोजित होने को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर सख्ती बरती जा रही है। वाहन जांच के दौरान विशेष कर गुमला जिला या अन्य जिला से आने वाली निजी कार,भारी वाहन,मोटरसाइकिल सहित स्थानीय वाहनों का भी जांच किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा बताया गया कि अगले आदेश तक सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा मोटरसाइकिल चालक हेलमेट तथा अन्य वाहन चालक वाहन सम्बंधित कागजात साथ में लेकर चले और जांच के दौरान पुलिस को सहयोग करें वाहन सम्बंधित कागजात नही दिखाने तथा संदेह होने पर नियम संगत कारवाई किया जाएगा। वाहन जांच में थाना प्रभारी अभिनव कुमार,एस आई गणेश कुमार यादव,कुलदीप राम,ए एस आई अलवीना लकड़ा,बिरजुलाल मुर्मुर के अलावे शस्त्र बल शामिल थे।

टीनगिना स्कूल में प्रबंधन समिति सदस्यों को दी गई नई शिक्षा नीति की जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : जलडेगा प्रखंड के टिनगिना हाई स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य और जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन ने प्रबंधन समिति के कार्य एवं दायित्व के बारे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात को 100त्न लाने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6त्न हिस्से के सार्वजनिक

व्यय का लक्ष्य रखा गया है। मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है। पाँचवीं कक्षा तक की शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है। साथ ही मातृभाषा को कक्षा-8 और आगे की शिक्षा के लिये प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों को उनके जिम्मेवारी से अवगत कराया, बाल सांसद के बच्चों को उनके कार्यो को लेकर सजग किया गया।

जलडेगा में चौबीस घंटे का हुआ हरि कीर्तन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : हरे रामा रामा रामा हरे हरे, हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे की गुंज से चौबीस घंटे तक गुंजायमान रहा जलडेगा । श्रद्धालु राम हरिकिर्तन में मगन थे। राधा कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर में स्थानिय ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखण्ड हरिकिर्तन का आज प्रातः हवन पुजन, नगर भ्रमण और भण्डारे के साथ समापन किया गया। प्रखण्ड के किर्तन मंडली परबा, सिहरमुण्डा, सारूबहार, बेन्दोचुंआ, जुनाडी, केलुगा, तिलईजारा, बेन्दोसेरा, पोमिया, कोनमेरला, रौतिया समाज, महिला समुह, समेत उड़ीसा संबलपुर किर्तन मंडली के लोगों 24 घंटे तक हरिनाम

का अखंड किर्तन से भक्तिमय रहा । आयोजित कार्यक्रम में अघना खडिया, रामअवतार अग्रवाल, बसंत साहू, शंकर पति, संजय अग्रवाल, महेश साहू, राजू साहू, कमल अग्रवाल, रमेश मोईलवार, गोविन्द अग्रवाल, कृष्णा गोयल का अहम योगदान रहा। अरूण कुमार मिश्रा एवं दिनेश साहू ने बतौर पुरोहित एवं यजमान की भुमिका निभाया।

परिसंपत्ति वितरण का किया गया रिहर्सल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : कुडू प्रखंड के चिरी स्थित खेल मैदान में दिनांक 28.11.2023 को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों से होने वाले परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आज कार्यक्रम स्थल पर परिसंपत्ति वितरण का पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) किया गया। इसमें लाभुकों की भी उपस्थिति रही। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में एक दिवसीय महामारी प्रशिक्षण व सेंट्री पैड वितरण आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा : लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में सोमवार को विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा संचालित नवोदय एलुमनी एसोसियसन एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में एक दिवसीय महामारी प्रशिक्षण व सेंट्री पैड वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सुभरम्भ अतिथियों को अंगवस्त्र देकर किया गया। वही मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय की पूर्व छात्रा सदर हॉस्पिटल लोहरदगा की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति मलिका कुजूर ने कहा माहवारी युवतियों में एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यह महावारी स्वस्थ्य शरीर का घोतक है। परंतु सामाज में इसे लेकर कई प्रकार की

अज्ञानता विद्यमान है। जिसे शिक्षा और जागरूकता के द्वारा दूर किया जा सकता है। माहवारी के समय स्त्रियों को अशुद्ध माना जाता है। इस दौरान स्नान नही करना,पूजा पाठ नही करना,घर के अलग कमरे में सोना जैसे कई भ्रम है जो निरर्थक और गलत है। वंही यूनिसेफ के डॉ.विंध्याचल कुमार ने कहा आज सामज में महावारी के समय होने वाली गलत विचार धारा को दूर कर शिक्षा और जागरूकता फैला कर युवतियों का सहयोग करना चाहिए। विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने कहा जवाहर नवोदय विधालय के छात्र छात्रा देश के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे ऊंचे पद पर कार्यरत हैं। और आज उनके द्वारा सामाज में जागरूकता सहित सहयोगात्मक कार्य देख कर लगता है की विद्यालय का जो स्लोगन है. शिक्षारत आये सेवार्थ जाए परिलक्षित हो रहा है। मौके पर, यूनिसेफ के सुरेश कुमार,पूर्व जवाहर नवोदय विधालय के छात्र-छात्रा सह नाज के आफताब आलम, करम सिंह मुंडा, रेशमी बिना कुजूर, नवीन प्रसाद, रमेश उरांव, दिनेश प्रसाद साहू, नेसार अंसारी, फुत्री साहू, रामप्रसाद पाल, कार्तिक कुजूर, विनीत कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ और छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

डॉ. रामेश्वर उरांव व धीरज प्रसाद साहू विभिन्न योजनाओं का करेंगे शिलान्यास आज

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू आज दिनांक 28 नवंबर दिन मंगलवार को लोहरदगा जिले के निम्न कार्यक्रम में शामिल होंगे।लोहरदगा हजरत बाबा दुखनशाह मजार के सामने विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे। आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक मद से निर्मित लाइब्रेरी भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे।ग्राम चीरी,कुडू खेल मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण,युवा कांग्रेस,महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस,सेवादल,अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण,प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण,प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण गठबंधन दल के नेतागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल दिया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

संत मरियम में मना गुरू नानक जयंती

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): संत मरियम स्कूल में सिखों के आदर्श,समाज सुधारक, महान दार्शनिक गुरू नानक देव जी की जयंती मनाई गई। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव द्वारा गुरू नानक देव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। मौके पर अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा की दूर दृष्टि रखने वाले गुरु नानक ने आध्यात्मिकता की गहरी भावना और परमात्मा को समझने की खोज पर जोर दिया। उनकी शिक्षाएँ एकेश्वरवाद की अवधारणा में निहित हैं,जो ईश्वर की एकता और संपूर्ण मानवता की एकता पर जोर देती हैं। उन्होंने धार्मिक हठधर्मिता और रीति-रिवाजों को खारिज कर दिया, जिन्हें वे खोखला मानते थे, इसके बजाय उन्होंने ध्यान और भक्ति के माध्यम से परमात्मा के साथ वास्तविक संबंध के महत्व पर जोर दिया। इनके कथनों से प्रेरित होकर आदि काल से ही सिख धर्म ,सभी धर्मों के लोगो का आदर्श रहा है। गरीबो, जरूरतमंदो के प्रति ये सदैव सहानुभूति रखते है।हम सभी को इनके सेवा कार्य से सदैव प्रेरणा मिलता है। मौके पर प्राचार्य समेत सभी शिक्षक मौजूद रहें।

शांतनु सेन की टिप्पणी देश से गद्दारी, ममता करें निष्कासित : भाजपा

नई दिल्ली : तेजस से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उड़ान पर तृणमूल कांग्रेस नेता शांतनु सेन की नकारात्मक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी घोर आपत्ति दर्ज की है। भाजपा ने ममता बनर्जी से उन्हें पार्टी से निष्कासित कर देने की मांग की है। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा से कुछ दलों और नेताओं को इस कदर नफरत है कि अब वे भारत की सेना और वायु सेना का नुकसान होने की भी कामना करने लगे हैं। यह बेहद घटिया राजनीति ही नहीं देश के प्रति गद्दारी भी है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेता तेजस लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की कामना करने लगे हैं। उन्होंने पूछा कि तृणमूल कांग्रेस को क्या हो गया है? ममता बनर्जी में अगर थोड़ी सी भी देशभक्ति और नैतिकता बची हो तो उन्हें शांतनु सेन को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर देना चाहिए। शहजाद पूनावाला ने कहा कि टीएमसी सांसद शांतनु सेन का बयान निचले स्तर का है। वे चाहते हैं कि वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त हो जाए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी उसमें बैठे थे। शिवसेना से सबूत मांगने के बाद, टीएमसी ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट स्ट्राइक पर संदेह किया और पुलवामा को पहले फर्जी कहा। उन्होंने पूछा कि क्या इस बयान का ममता दीदी ने समर्थन किया है या वह शांतनु को बर्खास्त करेंगी? उल्लेखनीय है कि शनिवार को बेंगलुरू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेजस एयरक्रॉफ्ट में उड़ान भरी थी।

उच्च न्यायालय पहुंचा बागेश्वर धाम सरकार का मामला, 30 को सुनवाई

बागेश्वर धाम को आने दे सरकार : अरुणा शंकर

*** बागेश्वर धाम सरकार का कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना से दुखी व मायूस हुए पलामू वासी**

*** पलामू के कई लोगों ने कहा : बिना शर्त बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम की अनुमति दे जिला प्रशासन**

प्रभात मंत्र संवाददाता



मेदिनीनगर : हनुमंत कथा आयोजन समिति की संयोजक मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने 10,11 व 12 दिसंबर को होने वाले बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी थी। इस कार्यक्रम की अनुमति सदर अनुमंडल पदाधिकारी, मेदनीनगर द्वारा सभी विभागों की अनुशंसा एवं समीक्षा के बाद 3 दिन पूर्व दिया गया था। कार्यक्रम को उपायुक्त पलामू द्वारा स्थगीत कर दिया गया। जिसे प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दुखद बताया। प्रथम महापौर ने कहा कि उपायुक्त पलामू द्वारा दिए गए पत्र में नदी के तट पर पॉल्यूशन फैलने, बरसात आने पर बड़ी दुर्घटना होने तथा सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार आपके द्वारा का प्रारंभ होना मुख्य बिंदु बताया गया है। जबकि हमारे ही शहर एवं प्रमंडल के नदी तट पर लाखों लोगों की भीड़ के साथ अभी-अभी छठ पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। पलामू किले के समीप नदी पर वर्षों से सफलतापूर्वक तीन दिवसीय पलामू मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया। जहां लाखों श्रद्धालु उपस्थित हुए। जोड़, पूर्वडिहा, सिंगरा में भी हर वर्ष नदी के तट पर बड़े स्तर पर सफलतापूर्वक मेले का आयोजन किया जाता है। जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। हर 1 जनवरी एवं 14 जनवरी को नदी के तट पर लाखों की संख्या में लोग होते हैं। उपरोक्त समारोह पर कभी पॉल्यूशन की शर्तें नहीं रखी जाती है। प्रथम महापौर ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन से पॉल्यूशन नहीं बल्कि वातावरण स्वच्छ होता है। रही बात सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का। तो इस योजना के तहत पदाधिकारीयो को गांव-गांव में खुद जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को देना है। ना की कोई भीड़ जमा करना है। आज हमारे शहर में भारत के विख्यात कथा वाचक श्री देवकीनंदन जी के सानिध्य में कथा एवं महायज्ञ चला। जिससे पॉल्यूशन नहीं बल्कि शहर को सकारात्मक ऊर्जा मिली। ऋषि मुनि एवं करोड़ों श्रद्धालुओं से सजा कुंभ मेला भी नदी के संगम पर ही होता है। अरुणा शंकर ने कहा कि मैं जिला प्रशासन के साथ-साथ सरकार से भी अनुरोध करूंगी कि जन-जन में बसे बागेश्वर सरकार को आने दे, सरकार ना रोके। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि पलामू में यह कार्यक्रम नदी के तट पर करने का प्रस्ताव हम सबो ने दिया था। प्रथम महापौर ने बताया कि जल्द हम सब जिला प्रशासन को एक-दो दिनों के अंदर नया कथा स्थल जो नदी के तट से दूर होगा, को प्रस्तावित करने जा रहे है। ताकि बागेश्वर सरकार का कार्यक्रम कराया जा सके।।एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने स्पष्ट किया कि हम सब इस कार्यक्रम को कराने के लिए माननीय उच्च न्यायालय में भी अर्जी लगाई है। जिसकी पेशी 30 तारीख को है। हम सबों का पूर्ण प्रयास होगा कि श्रद्धेय बागेश्वर सरकार का चरण अपने शहर की धरती पर अवश्य पड़े। इधर बागेश्वर धाम सरकार का कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना से पलामू के लोग काफी दुखी व मायूस हैं। पलामू के कई लोगों ने कहा कि बिना शर्त बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम की अनुमति जिला प्रशासन दे।

बिहार के तर्ज पर आकलन सफल सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाय : ऋषिकांत

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की एक आवश्यक बैठक रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी एवं संचालन प्रदेश महासचिव जशिम अंसारी ने किया। इस बैठक में झारखंड सरकार से झारखंड के सहायक अध्यापकों को एक मांग वेतनमान बिहार नियमावली के तर्ज पर एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक को वेतनमान के समतुल्य मानदेय दिए जाने की मांग को लेकर चर्चा किया गया। इसके साथ ही अन्य संगठनों से समन्वय पर चर्चा उपरांत यह निर्णय लिया गया की अगर समन्वय की बैठक शीर्ष नेतृत्वकर्ता द्वारा निष्पक्ष रूप से बुलाया जाता है तो आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ सहायक अध्यापकों के हितार्थ समन्वय बैठक में शामिल होगा। आकलन परीक्षा का प्रमाण पत्र जारी करना एवं अक्टूबर माह से आकलन सफल सहायक अध्यापकों के मानदेय में 10त्न शीघ्र बढ़ोतरी। आकलन परीक्षा परिणाम त्रुटि में संशोधन करते हुए 4 हजार आवेदक को संशोधित करते हुए परिणाम प्रकाशित करना एवं जल्द दूसरे आकलन परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी करना। नौडीहा छतरपुर के 500 सहायक अध्यापकों का मुद्दा। शहरी क्षेत्र के 4 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी एवं मेडिकल छुट्टी का मुद्दा। कोरोना काल 2019 से मृत सहायक अध्यापकों के परिजनों को तत्काल अनुकंपा का लाभ देते हुए उनके परिवार की एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं 2 लाख मुआवजा राशि। 2019 के बाद सेवा ने सहायक अध्यापकों को 5 लाख एक मुस्त राशि विभिन्न मांगों को लेकर आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ द्वारा कार्यक्रम की रणनीति घोषणा की गई।बैठक में ऋषिकांत तिवारी (प्रदेश अध्यक्ष) जसीम अंसारी(प्रदेश महासचिव) शिवनाथ महतो (प्रदेश कोषाध्यक्ष) संजीव सिंह का बबलू सिंह, हरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, सियाराम सिंह, राकेश कुमार, अनिल कुमार सिंह, आलोक, मोहम्मद शकील खान, लाल सुमन, प्रसाद महतो, सुदेश्वर उरांव, सुषमा उरांव, प्रमोद, मिथिलेश, धर्मेंद्र सागर, सविता, ललन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, धर्मेंद्र यादव, जितेंद्र, रोशन लाल, संजय सिंह, सूरत राम, संजय आदि सहायक अध्यापको ने बैठक में उपस्थित रहे।

प्रतिभा विकास केन्द्र के आचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की ओर से चलने वाला प्रतिभा विकास केन्द्र के आचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रांची स्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय में सोमवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते हुए बनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के केंद्रीय सह प्रमुख वीरेंद्र कौडिनिआ ने कहा कि कार्यकर्ताओं में मन पर नियंत्रण और मजबूत ध्येय हो तो विपरीत परिस्थिति में भी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आचरण की महत्ता को प्रमुखता के साथ प्रदान करने वाले ही आचार्य कहे जाते हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन के केंद्रीय सह प्रमुख धनंजय कुमार ने कहा कि प्रतिभा विकास केंद्र का लक्ष्य शिक्षा, संस्कार व स्वावलंबन से है। प्रत्येक केंद्र में चौथी, पांचवीं एवं छठी कक्षा स्तर के 20 से 30 बच्चों को उनके सर्वांगीण विकास के निमित्त अध्ययन की व्यवस्था की जाएगी। समापन सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है।

आय से अधिक संपत्ति मामले में एसीबी ने पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रघुवर दास सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच तेज कर दी है।

सोमवार को एसीबी ने पत्र भेज कर शिकायतकर्ता अधिवक्ता पंकज कुमार यादव को गवाही के लिए बुलाया है ।

पंकज यादव को भेजे गए पत्र में पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा की आय से अधिक संपत्ति मामले में बयान दर्ज करने को लेकर बुलाया है। पंकज यादव को एक सप्ताह के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही दर्ज करानी है।

पलामू दौरे पर आए है कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद पांडूरंग हेगड़े

पर्यावरणविद कौशल की बातों की अनदेखी करना लोगों को पड़ेगा महंगा : हेगड़े

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : कर्नाटक से तीन दिवसीय दौरे पर पलामू आये प्रख्यात पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े ने यहां के बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि पर्यावरणविद कौशल किशोर की बातों की यहां के लोग अनदेखी करेंगे तो आने वाले समय में उनके लिए काफी महंगा साबित होगा। वे पिछले 50 वर्षों से चिपको व वनराखी मूवमेंट से जुड़कर पर्यावरण के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने लातेहार जिला के पलामू किला में वनों पर कोलकाता से आए पर्यावरण प्रेमियों के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण पर विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं कोलकाता से आये लोगों के साथ बरवाडीह के कस्तूरबा विद्यालय और खुरा पंचायत में गुरु नानक देव की जयंती के पूर्व संध्या पर आम का पौधा लगाकर लोगों के साथ पर्यावरण से जुड़ी कई बातों की जानकारी साझा किया। अपने संबोधन में पांडुरंग हेगड़े ने प्रमंडल में बढ़ती तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग प्रकृति के साथ अर्थ के लिए अनर्थ कर रहे हैं।जबकि पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने 50 वर्ष पूर्व से कहते आ रहे हैं कि अगर इसी तरह प्रकृति से छेड़छाड़ होते रहा तब लोगों को पानी की बोतल व ऑक्सीजन की सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इतने के बाद भी लोग कौशल किशोर की बातों पर अमल नहीं कर रहे हैं। कोरोना की विभीषिका से भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी को आगे आना होगा। इसके लिए देश ही नहीं विदेशों में भी जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में वन विभाग से रिटायर अजय कुमार मिश्रा, विक्टर क्रिकेटर, शिवानंद तिवारी, शशि भूषण तिवारी, दीनानाथ राम, और कोलकाता से वनरखी मूवमेंट से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं में सुशीलीता शाह, कोटाउ चटर्जी, शत्कना चटर्जी, मानस खान,देवयानी दास, सुमित्रा शंकर दत्ता,अंजीत बनर्जी, मौमिता बनर्जी,गोराचंद साहू, बरवाडीह कस्तूरबा सहायक वार्डन उषा कुजूर,संगीता कुजूर,रूबी कुमारी, संगीता, नाईसा, रीमा,गीता, सुजाता,आदि शामिल थे।

उत्तराखंड में हल्की बारिश का अनुमान, सुरंग के बचाव कार्यों में नहीं बनेगी बाधा एनडीएमए

नई दिल्ली : मौसम विभाग ने उत्तराखंड में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है लेकिन इसका उत्तरकाशी के सिलक्यारा में जारी राहत एवं बचाव कार्यों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह कहना है राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन का। हसनैन ने सोमवार को यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि बचाव स्थल पर विभिन्न एजेंसियां काम कर रही हैं। सरकार हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्लान-1 के तहत 900 मिमी पाइपलाइन का काम चल रहा है। प्लान-2 ऊपर से ड्रिलिंग की जा रही है। 30 से 32 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग पूरी हो चुकी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं।

नारायण जिनके साथ हों, हार कदापि नहीं होती : देवकीनंदन ठाकुर

*** एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई यज्ञ भगवान की परिक्रमा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : सांसारिक बल पर भरोसा करने वाले भयमुक्त ही जीते हैं। लेकिन नारायण पर विश्वास करने वाले भय मुक्त होते हैं। जिनके साथ नारायण का साथ हो उनकी हर कदापि नहीं होती। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे सोमवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित पंडाल में छठे दिन श्रीमद् भागवत पुराण की कथा सुना रहे थे। श्रीमद् भागवत पुराण के प्रसंग की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि लक्ष्मी व शांति हर एक घर में चाहिए। लेकिन करोड़ों अरबों के मालिक होते हुए भी 99 प्रतिशत घरों में शांति नहीं है। शांति उसी को मिलती है जो संतों के मुख से श्रीमद् भागवत कथा सुनते हैं। भागवत सत्संग से शांति जरूर मिलती है। कहा कि मां लक्ष्मी को शुद्धता पसंद है। जो चाहते हैं कि उनके घर में लक्ष्मी का वास हो वे कटे -फटे वस्त्र कदापि नहीं पहने। यह तो दरिद्रता की पहचान है। आज के परिवेश व मॉडर्न जमाने पर प्रहार करते हुए देवकीनंदन ने दुख जताया। कहा कि आज कल की माताएं -बहने भी कटी -फटी वस्त्र पहने लगी हैं। यह सनातन की पहचान नहीं है। कहा कि बिस्तर पर बैठकर कदापि नहीं खाना व पीना चाहिए। सुबह उठकर स्नान करें व सूरज को जल चढ़ाएं। टूटे हुए बर्तन में भोजन न करें। प्लास्टिक, कांच, लोहे व चाईनीज बर्तन में कदापि नहीं खाएं। मेड इन चीन के सभी वस्तुओं को सभी सनातनी प्रयोग करना छोड़ दें। कांसा, पीतल व तांबे के बर्तन में भोजन ग्रहण करें। सबसे शुद्ध तो पत्तल होते हैं। सनातन को धनवान बनना उनका मकसद है। ताकि सभी सोने के बर्तन में भोजन करें। लेकिन जरूरी है कि सभी सनातनी अपनी संस्कृति व संस्कार सीखे। इसके पहले कथा की शुरुआत देवकीनंदन ठाकुर समेत मंत्री मिथलेश ठाकुर, मेयर अरुणा शंकर, यज्ञ के संरक्षक गुरु पांडेय,अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, आशुतोष पांडेय लक्की, चंद्रशेखर पांडेय सहित अन्य ने आरती भजन किया। मौके पर सूबे के पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यज्ञ में यूपी बिहार व पूरे झारखंड के लोग आकर कथा सुन रहे हैं व यज्ञ भगवान की परिक्रमा कर पुण्य के भागी बन रहे हैं। समय-समय पर इस तरह का यज्ञ व कथा होनी चाहिए।

हिंदू एकता दल ने मंदिर में पांच गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : हिंदू एकता दल के तत्वाधान में सोमवार को गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई तथा चैनपुर सूर्य मंदिर प्रांगण में समिति द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।जिसमे गरीब परिवार की पांच कन्याओं की शादी संपन्न हुई।इस दौरान विभिन्न क्षेत्र के रहने वाले वर पक्ष व वधू पक्ष के लोग शामिल हुए। हिंदू एकता दल के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदू ने कहा कि गरीबों का विवाह करना यज्ञ से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए वे लगभग 2 महीने से लगे हुए थे, उनका मेहनत रंग लाया और कुछ विशेष सहयोगियों के द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम में रीति रिवाज के अनुसार बैंड बाजा के साथ बाजार प्रांगण घूमते हुए वर वधु के साथ आने वाले मेहमानों के लिए जलपान भोजन की उचित व्यवस्था तक की गई।जिसके बाद यह कार्यक्रम सफल हो पाया है। यह भी समिति के लोगो ने बताया कि सभी कन्याएं गरीब घर से ताल्लुक रखती है व पक्ष भी गरीब है इस कारण शादी विवाह में कठिनाई उत्पन्न हो रही थी जिसे सहज बनाया गया। यह एक पुण्य कार्य है।वर रोहित कुजूर गुड़ियाही के रहने वाले जिनके साथ ममता कुमारी खुरा मनोज कुमार उर्फ रवि उरांव लातेहार निवासी जिनके साथ तारा कुमारी प्रवेश उराव खुरा निवासी जिनके संग प्रतिमा कुमारी आकाश कुमार चैनपुर निवासी जिनके साथ रीना कुमारी पतरातु राहुल कुमार चैनपुर निवासी जिनके साथ अमृता कुमारी सल्तुवा निवासी सात फेरे लेकर शादी के बंधन में बंधे। अध्यक्ष चंदू गुप्ता ने बताया कि हिंदू एकता दल समिति की ओर से यह पहली सामूहिक विवाह सम्मेलन है। जिसमें हिंदू रीति रिवाज समाज की पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया है। समिति की ओर से सभी पांच कन्याओं को उपहार सहित घरेलू सामान व आभूषण व कपड़े आदि दिए गए। ऐसे परिवार के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बेहतर विकल्प है। सामूहिक विवाह सम्मेलन से दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई पर लगाम लगेगी।इस मौके पर कार्यक्रम सफल बनाने में संरक्षक विजय कुमार गुप्ता, कृष्ण प्रसाद,अभय सिंह, अंकुश गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुमित कुमार, विकास कुमार, आकाश कुमार, अरविंद कुमार,राकेश कुमार, रितेश कुमार, रोहित कुमार, सोनू कुमार सहित कई लोग शामिल है।

मच्छरजनित रोगों से हो रही है गरीब जनता की मृत्यु : मंगल हेम्ब्रम

रांची : राज्य के विभिन्न जिलों में नेशनल भेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत आने वाले जानलेवा रोगों जैसे मलेरिया,फायलेरिया, डेंगू,कालाजार, चिकनगुनिया आदि बीमारियों ने राज्य के विभिन्न जिलों में कोरोना के बाद बहुत ही तेजी से पैर पसारा रहा है । इन सभी रोगों का पैर पसारने का मुख्य कारण है कोरोना के समय से राज्य में कार्यरत सभी मलेरिया कर्मियों यानी एमपी डब्लू (एम) स्वास्थ्य कर्मियों को अपने मुख्य कार्य मलेरिया, फायलेरिया, डेंगू, कालाजार, चिकनगुनिया को नजर अंदाज करवाते हुए स्वास्थ्य के अन्य सभी कार्यक्रमो में कार्य लेना । उक्त बाते झारखंड एम पी डब्लू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार व महासचिव मंगल हेंब्रम ने संयुक्त रूप से सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा। मंगल हेंब्रम ने कहा कि आज राज्य में पुनः मच्छरजनित रोगों की संख्या में बहुत ही तेजी से वृद्धि हो रही है और राज्य वासियों की इन बीमारियों के कारण असमय मृत्यु भी हो रही है ।

प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पीपी कम्पाउण्ड स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर पहुंचकर वहां आयोजित ÷554वें प्रकाश उत्सव÷ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने समस्त सिख समुदाय एवं देशवासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज का दिन पवित्र दिन है। आज के दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। वैसे तो मुझे कई मौकों पर इस परिसर में आने का मौका मिला है। परंतु आज का दिन हमसभी के लिए काफी विशेष दिन है क्योंकि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुग्रंथ साहिब की स्थापना स्थल पर मुझे मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत कुछ बोलने का नहीं बल्कि सुनने का दिन है।

इस परिसर में आज बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित हुए हैं। यहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मैं अपनी ओर से प्रकाश उत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वार्ड संख्या-23/24 के अंतर्गत कडरू एवं हिंदपीढ़ी मुख्य पथ के बीच सेतु निर्माण का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, उपाध्यक्ष झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ज्योति सिंह मथारू, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव गगनदीप सिंह सेठी,वित्त प्रधान त्रिलोचन सिंह, गुरु नानक स्कूल के सचिव परमजीत सिंह सहित रणजीत सिंह हैप्पी,परमजीत सिंह टिंकू,बटर सिंह,अमरजीत सिंह, जयदीप चड्ढा,ऋषि छाबड़ा एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।